* वर्ष 40 * अंक 99 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com

उदयपुर गुरुवार दिनांक 9 जनवरी 2025

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

तिरुपति में भगदड़, 6 की मौत, 40 घायल

टिकट बुकिंग काउंटर पर टोकन के लिए 4 हजार लोग कतार में लगे थे

तिरुपति (एजेंसी)। आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर में बुधवार देर रात 9.30 बजे वैकुंठ द्वार दर्शन टिकट काउंटर के पास भगदड़ मच गई। इस हादसे में एक महिला समेत 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 40 लोग घायल हो गए हैं।

दरअसल, काउंटर के पास 4 हजार से ज्यादा श्रद्धालु कतार में खड़े थे। उसी वक्त श्रद्धालुओं को बैरागी पट्टीडा पार्क में कतार लगाने के लिए कहा गया। आगे जाने की होड़ में अफरा-तफरी मच गई। भागने के दौरान लोग एक-दूसरे पर चढ़ गए। इससे लोगों का दम घुट गया। मल्लिका नाम की एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने फोन पर उच्च अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली और घटनास्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है, ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके। वे गुरुवार को तिरुपति जाकर घायलों से मिलेंगे।

तिरुपति भारत का सबसे प्रसिद्ध और अमीर मंदिर

तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम दुनिया के सबसे प्रसिद्ध और अमीर तीर्थस्थलों में से एक है। ये आंध्र प्रदेश के सेशाचलम पर्वत पर बसा है। भगवान वेंकटेश्वर के इस मंदिर का निर्माण राजा तोंडमन ने करवाया था। मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 11वीं सदी में रामानुजाचार्य ने की थी।

मान्यता है कि भगवान वेंकटेश्वर जब पद्मावती से अपना विवाह रचा रहे थे तो उन्होंने धन के देवता कुबेर से कर्ज लिया। भगवान पर अब भी वो कर्ज है और श्रद्धालु इसका ब्याज चुकाने में उनकी मदद करने के लिए दान देते हैं। तिरुमाला मंदिर को हर साल लगभग एक टन सोना दान में मिलता है।

जिस द्वार पर हादसा हुआ, उसे 10 जनवरी को खोला जाना था

एक दिन पहले मंगलवार को तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी जे श्यामला राव ने बताया था कि 10 से 19 जनवरी तक वैकुंठ एकादशी पर वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए खोले जाएंगे। सुबह 4.30 बजे से प्रोटोकॉल दर्शन से शुरू होगा, उसके बाद सुबह 8 बजे से सर्व दर्शन शुरू होगा है। इसके लिए लोग टोकन लेने के लिए लाइन में लगे थे। इन 10 दिनों में करीब 7 लाख भक्तों के आने की संभावना है।

राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 से

फरवरी के दूसरे सप्ताह में आएगा बजट

जयपुर (पुकार)। राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सुबह 11 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से सत्र की शुरूआत होगी। राज्यपाल के तौर पर बागडे का विधानसभा में यह पहला अभिभाषण होगा। 31 जनवरी को ही विधानसभा में सदन की कर सलाहकार समिति की बैठक होगी। बीएससी की बैठक में बजट सत्र का आगे का कामकाज तय किया जाएगा। इस दौरान बजट की तारीख भी तय होगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि फरवरी के दूसरे सप्ताह में राज्य का बजट आ सकता है। 31 जनवरी को राज्यपाल का अभिभाषण होने के बाद 3,4,5 और 6 फरवरी को राज्यपाल के अभी भाषण पर सदन में बहस होगी। 6 फरवरी को मुख्यमंत्री अभी भाषण पर बहस का सदन में जवाब दे सकते हैं। सूत्रों के अनुसार विधानसभा सत्र बुलाने की फाइल कैबिनेट से मंजूर होकर राजभवन पहुंच चुकी है। राज्यपाल की मंजूरी के बाद विधानसभा सत्र बुलाने की अधिसूचना विधानसभा से जारी होगी। इसके लिए सभी विधायकों को भी औपचारिक तौर पर सूचना भेजी जाएगी।

बजट से पहले वित्त मंत्रालय में बड़ा फेरबदल, तुहिन कांता पांडे बने नए राजस्व सचिव

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय बजट 2025 से पहले वित्त मंत्रालय में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल हुआ है। आधिकारिक सूचना के अनुसार, निवेश और सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग (डीआईपीएएम) के सचिव तुहिन कांता पांडे को नए राजस्व सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है। ओडिशा कैडर के आईएएस अधिकारी तुहिन कांता पांडे को उनकी कुशल नेतृत्व क्षमता के लिए जाना जाता है। उन्होंने लंबे समय से लंबित राष्ट्रीय विमानन कंपनी एयर इंडिया की बिक्री और राष्ट्रीय बीमा कंपनी- भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की लिस्टिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं मौजूदा राजस्व सचिव अरुणिश चावला अब डीआईपीएएम सचिव के पद पर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही उन्हें सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) के सचिव का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। अरुणिश चावला 1992 बैच के बिहार कैडर के आईएएस अधिकारी हैं। गौरतलब है कि यह प्रशासनिक बदलाव फरवरी में पेश किए जाने बजट 2025 के पहले किया गया है।

कोटा में एक और छात्र ने दी जान

24 घंटे के भीतर 2 स्टूडेंट के सुसाइड से हड़कंप

कोटा (पुकार)। कोचिंग हब के तौर पर चर्चित कोटा में 24 घंटे के अंदर दो छात्रों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पहली घटना जवाहर नगर इलाके में हुई जहां हरियाणा के महेंद्रगढ़ निवासी नीरज ने सुसाइड किया। शाम ढलते ही विज्ञान नगर इलाके में एक छात्र के सुसाइड की दुखद खबर सामने आई। मृतक छात्र अभिषेक लोढ़ा मध्य प्रदेश के गुना जिले का निवासी था जो कोटा में रहकर पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने स्टूडेंट की डेड बॉडी को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है। पुलिस ने परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है।

साल 2022 और 24 में एक साथ हुए थे 2 सुसाइड

कोटा में 24 घंटे के अंदर दो छात्रों के सुसाइड का यह पहला मामला नहीं है। साल 2022 और 24 में भी इसी तरह की घटनाएं सामने आई थीं। दोनों घटनाओं में दो छात्रों ने एक ही हॉस्टल में आत्महत्या कर ली थी। पुलिस एक छात्र के सुसाइड की जानकारी ले रही थी। इसी दौरान उसी हॉस्टल के दूसरे कमरे में छात्र फंदे से लटका हुआ मिला था।

1 दिन में दो छात्रों की आत्महत्या से हड़कंप

कोटा जिला कलेक्टर डॉक्टर रविंद्र गोस्वामी लगातार छात्रों के बीच पहुंचकर उन्हें पढ़ाई को लेकर मोटिवेट करते हुए कई बार नजर आ चुके हैं। यहां तक कि वह छात्रों को मानसिक तनाव से दूर रहने के टिप्स भी लगातार देते हैं। बावजूद इसके छात्रों में मानसिक तनाव अभी तक दूर नहीं हो पा रहा है। यह प्रशासन के लिए अब भी चिंता का विषय बन गया है। इस तरह से साल 2024 में 15 छात्रों ने सुसाइड किया था। साल 2025 के पहले ही महीने में 24 घंटे के अंदर दो छात्रों ने सुसाइड कर लिया।

गूगल मैप्स के भरोसे पड़ोसी राज्य में जा घुसी असम पुलिस, लोगों ने बोल दिया हमला; रातभर रखा बंधक

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम पुलिस की 16-सदस्यीय एक टीम छापेमारी के दौरान 'गूगल मैप्स' के जरिए अनजाने में पड़ोसी राज्य नगालैंड के मोकोकचुंग जिले में पहुंच गई, जहां स्थानीय लोगों ने इन पुलिसकर्मियों को अपराधी समझकर उन पर हमला बोल दिया और उन्हें रात भर बंधक बनाकर रखा। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। असम पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, यह घटना मंगलवार रात को उस समय हुई जब जोरहाट जिला पुलिस की एक टीम एक आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही थी।

पुलिस अधिकारी ने कहा, यह चाय के बागान वाला इलाका था, जिसे गूगल मैप्स पर असम में दिखाया गया था। हालांकि, यह वास्तव में नगालैंड के अंदर था। जीपीएस पर भ्रम और भ्रामक मार्गदर्शन के कारण अपराधी की तलाश में टीम नगालैंड की सीमा में चली गई। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने असम पुलिस की टीम के कर्मियों को अत्याधुनिक हथियार लेकर आया बदमाश समझा और उन्हें हिरासत में ले लिया।

पुलिस अधिकारी ने कहा, पुलिस टीम के 16 कर्मियों में से केवल तीन वर्दी में थे और बाकी सभी सादे कपड़ों में थे। इससे स्थानीय लोगों में भी भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। उन्होंने टीम पर हमला भी किया और हमारा एक कर्मी घायल हो गया। नगालैंड में प्रतिकूल स्थिति की सूचना मिलने पर जोरहाट पुलिस ने तुरंत मोकोकचुंग के पुलिस अधीक्षक से संपर्क किया, जिन्होंने असम पुलिस कर्मियों को बचाने के लिए एक टीम मौके पर भेजी।

स्थानीय लोगों को तब एहसास हुआ कि यह असम से आई असली पुलिस टीम थी और उन्होंने घायल व्यक्ति सहित पांच सदस्यों को छोड़ दिया। हालांकि, उन्होंने शेष 11 लोगों को रात भर बंधक बनाए रखा। सुबह उन्हें रिहा कर दिया गया और बाद में वे जोरहाट पहुंच गए।

ग्रेड सेकेंड भर्ती में डमी कैंडिडेट बना था एमबीबीएस स्टूडेंट, एसओजी ने किया गिरफ्तार

जयपुर (पुकार)। जयपुर एसओजी ने आज मेडिकल कॉलेज से फरार चल रहे डमी परीक्षार्थी (एमबीबीएस स्टूडेंट) दीपक कुमार विश्नोई को गिरफ्तार किया है, दीपक कुमार विश्नोई पर 5 हजार रुपए का इनाम रखा था, आरोपी ने 2022 में अपने परिचित के स्थान पर डमी कैंडिडेट बनकर ग्रेड सेकेंड टीचर भर्ती परीक्षा दी थी। एडीजी एसओजी वीके सिंह ने बताया कि राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक ग्रेड सेकेंड (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा 2022 में मूल परीक्षार्थी दुर्गाराम विश्नोई की जगह दीपक विश्वोई परीक्षा में डमी कैंडिडेट के रूप में बैठा था। दुर्गाराम विश्नोई (26) पुत्र तोगाराम विश्नोई निवासी प्रताप नगर माणकी, पुलिस थाना धोरीमन्ना, जिला बाड़मेर का परीक्षा में रोल नम्बर 2296286 था। 24 दिसंबर 2022 को विज्ञान विषय की परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्र राजकीय सीनियर सैकण्डरी स्कूल, अंबेडकर पार्क के सामने, प्रतापनगर जोधपुर था। दुर्गाराम विश्नोई ने खुद ने परीक्षा नहीं दी, उसकी जगह राजमाता विजयराजे सिंधिया मेडिकल कॉलेज, भीलवाड़ा में एमबीबीएस कर रहा दीपक कुमार विश्नोई पुत्र प्रकाश विश्नोई निवासी वाडा भावडी, तहसील बागोड़ा 5 लाख रुपए लेकर परीक्षा में बैठा था। आरोपी दीपक कुमार विश्नोई गिरफ्तारी के डर से मई 2024 से मेडिकल कॉलेज से फरार चल रहा था।

जयसमंद पंचायत समिति प्रधान के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव एक मत से खारिज

14 में से 12 सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर की पंचायत समिति जयसमंद के प्रधान गंगाराम मीणा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर बुधवार को हुए मतदान के बाद अविश्वास प्रस्ताव एक मत से खारिज हो गया। जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अंजुम ताहिर सम्मा ने बताया कि आज अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। इसमें कुल निर्वाचित 15 सदस्यों में से 14 सदस्य उपस्थित हुए। 14 सदस्यों ने नियमानुसार मतदान किया। मतगणना में पता लगा कि 11 वोट अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में डाले गए, जबकि 3 वोट अविश्वास प्रस्ताव के विपक्ष में थे।

पंचायतीराज एक्ट की धारा-37 में प्रावधान है कि कुल निर्वाचित सदस्यों का तीन चौथाई बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव पारित होना जरूरी है। इस हिसाब से 15 सदस्यों में से अगर 12 सदस्यों द्वारा अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया जाता तो अविश्वास प्रस्ताव पास होता। लेकिन 11 लोगों ने ही अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया। ऐसे में अविश्वास प्रस्ताव खारिज हो गया।

खारिज होने बाद प्रधान बोले-सत्य की जीत हुई

इधर, अविश्वास प्रस्ताव खारिज होने के बाद प्रधान गंगाराम मीणा ने बताया कि मैंने चार साल ईमानदारी से काम किया। उसके कारण आज सत्य की जीत हुई। अविश्वास प्रस्ताव लाने वालों की करारी हार हुई है। मेरे द्वारा कांग्रेस पार्टी के विधायक उम्मीदवार का समर्थन किए जाने के कारण ही मेरे खिलाफ ये प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव पारित होने के बाद जावर माइंस थानाधिकारी पवन सिंह जाब्ते के साथ प्रधान गंगाराम को उनके घर तक ले गए।

बंदूक की नोंक पर नहीं मिटा सकते सीमा

फ्रांस-जर्मनी ने ट्रंप को चेताया; ग्रीनलैंड पर सुनाई खरी खोटी

बर्लिन (एजेंसी)। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को फ्रांस और जर्मनी ने खूब खरी खोटी सुनाई है और साफ शब्दों में चेतावनी दी है कि वह बंदूक की नोंक पर किसी भी देश की संप्रभुता को ना तो खत्म कर सकते हैं और न ही उसकी सीमा मिटा सकते हैं। यूरोपीय देशों की तरफ से बुधवार को यह टिप्पणी तब आई है, जब ट्रंप ने एक दिन पहले ही कहा कि वह हर हाल में ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। ट्रंप ने इसके लिए सैन्य कार्रवाई करने तक की धमकी डे डाली थी।

बता दें कि ट्रंप राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद से लगातार अपने पड़ोसी देशों को लेकर बयान दे रहे हैं और उन्हें अमेरिका में मिलाने की बात कर रहे हैं। ग्रीनलैंड, कनाडा और पनामा नहर को लेकर तीखे बयान दे रहे ट्रंप उन तीनों पर अमेरिकी कब्जे के अपने इरादे को जगजाहिर कर रहे हैं। एक ओर वो कनाडा को अमेरिका में मिलाने को लेकर बयान दे रहे हैं तो दूसरी ओर उन्होंने ग्रीनलैंड और पनामा नहर पर भी अमेरिका के कब्जे की बात कही है।

ग्रीनलैंड एक स्वतंत्र देश नहीं है बल्कि वह यूरोपीय देश डेनमार्क का एक स्वायत्त क्षेत्र है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री म्यूट इगा पहले ही कह चुके हैं कि ग्रीनलैंड उनके लोगों का है और वो बिकाऊ नहीं है। अब फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट ने फ्रांस इंटर रेडियो से कहा, विश्व में अन्य देशों को, चाहे वे कोई भी हों... अपनी संप्रभु सीमाओं पर हमला करने की अनुमति देने का कोई सवाल ही नहीं उठता है। उन्होंने कहा, हम एक मजबूत महाद्वीप हैं। हमें खुद को और मजबूत करने की जरूरत है।

बैरोट ने ग्रीनलैंड को यूरोपीय क्षेत्र बताया और कहा कि ग्रीनलैंड डेनमार्क के जरिए यूरोपीय यूनियन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि ग्रीनलैंड एक स्वशासित क्षेत्र है, लेकिन स्वायत्तता हासिल करने के बाद 1985 में यूरोपीय ब्लॉक से अलग हो गया। उधर, बर्लिन में भी जर्मन सरकार के प्रवक्ता स्टीफन हेबेस्ट्रेट ने ट्रम्प की टिप्पणी के जवाब में कहा कि हमेशा की तरह, यहां भी वही पुराना सिद्धांत लागू होता है कि सीमाओं को कोई भी बलपूर्वक ना तो मिटा सकता है और न ही स्थानांतरित नहीं किया जाना चाहिए।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में तब फिर से इस विवाद को हवा दे दी, जब उन्होंने पनामा नहर और ग्रीनलैंड पर सैन्य हस्तक्षेप से इनकार नहीं किया। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि दोनों ही जगहों पर संयुक्त राज्य अमेरिका नियंत्रण करे। उन्होंने कहा, हमें राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों के लिए ग्रीनलैंड की आवश्यकता है। उनकी यह टिप्पणी मंगलवार को उनके बेटे डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर द्वारा खनिज और तेल से समृद्ध ग्रीनलैंड की निजी यात्रा के बीच आई।

तेजस्वी यादव का बड़ा बयान

'लोकसभा चुनाव तक के लिए ही था इंडिया ब्लॉक'

बक्सर (एजेंसी)। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान है। उन्होंने कहा है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। इसके गठन के पीछे का उद्देश्य ही लोकसभा चुनाव था। यह पहले से ही तय था। बिहार के परिपेक्ष्य में बात करें तो यहां पर विपक्ष की सभी पार्टियां शुरू से ही एकजुट है। हमलोग साथ में काम कर रहे। आगे भी करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजद के चुनाव लड़ने के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। अब तक हमारे दल ने इस पर फैसला नहीं किया है। पार्टी की स्थिति जल्द ही स्पष्ट होने की संभावना है।

वायुसेना प्रमुख ने जताई चिंता : भारत तेजस के इंतजार में, उधर एक के बाद घातक विमान बना रहा चीन

नई दिल्ली (एजेंसी)। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने स्वदेशी तेजस लड़ाकू विमान की डिलीवरी में हो रही देरी पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने रक्षा उत्पादों के विकास में निजी क्षेत्र की अधिक भागीदारी और अनुसंधान एवं विकास (ऋ&ष्ठ) के लिए अधिक फंड आवंटन की आवश्यकता पर जोर दिया। 21वें सुब्रतो मुखर्जी संगोष्ठी में 'एयरोस्पेस में आत्मनिर्भरता : आगे का रास्ता' विषय पर बोलते हुए, एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, अनुसंधान एवं विकास का महत्व तभी है जब यह समय पर परिणाम दे। यदि समयसीमा का पालन नहीं होता है, तो यह अप्रासंगिक हो जाता है। उन्होंने तेजस फाइटर जेट की पहली खेप के अधिग्रहण में देरी को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया, तेजस को 2016 में शामिल करना शुरू किया गया था। यह परियोजना 1984 में शुरू हुई थी। विमान ने 2001 में उड़ान भरी, और 2016 में इसका परिचालन शुरू हुआ। आज 2024 में भी हमारे पास पहले 40 विमान नहीं हैं। उत्पादन क्षमता बढ़ाने और प्रतिस्पर्धा लाने की जरूरत है।

तेजस की डिलीवरी में देरी

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) द्वारा निर्मित तेजस एमके1ए विमान की पहली खेप 2024-2025 में मिलनी थी, लेकिन अब ॥रुसिर्फ 2-3 विमान ही डिलीवर कर पाएगी, जबकि 16 विमान देने का वादा किया गया था। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक से तेजस के इंजन की आपूर्ति में भी देरी हो रही है।

एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा, R&D में फंड की कमी है। यह सिर्फ 5% है जबकि इसे 15% होना चाहिए। निजी क्षेत्र को भी इन फंड्स का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि समयसीमा पर काम पूरा करना बेहद महत्वपूर्ण है, और विफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की आवश्यकता है।

चीन के बढ़ते सैन्य खतरे पर चेतावनी

वायुसेना प्रमुख ने चीन के छठी पीढ़ी के स्टील्थ फाइटर जेट के तेजी से विकास पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा, चीन और पाकिस्तान से बढ़ते खतरे के मद्देनजर हमें अपनी तकनीकी क्षमता और संख्या दोनों में तेजी लाने की आवश्यकता है। रक्षा मंत्रालय ने 2025 को 'सुधारों का वर्ष' घोषित किया है। इसमें रक्षा अधिग्रहण प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाना, सार्वजनिक-निजी भागीदारी को बढ़ावा देना और भारत को रक्षा उत्पादों का विश्वसनीय निर्यातक बनाने का लक्ष्य रखा गया है। तेजस को वायुसेना की ताकत बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि, डिलीवरी में हो रही देरी और पर्याप्त फंडिंग की कमी वायुसेना की क्षमताओं को प्रभावित कर सकती है। वायुसेना के पास वर्तमान में 42 स्क्वाड्रन की जरूरत है, लेकिन केवल 31 सक्रिय हैं।

दिल्ली में शीशमहल बनाम राजमहल, आप नेताओं की पुलिस से हुई झड़प

नई दिल्ली (एजेंसी)। विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली सीएम आवास को 'शीश महल' कहने पर भाजपा और आप आमने-सामने आ गई। इसे लेकर बुधवार को दोनों पार्टियों ने प्रदर्शन किया। आप के सांसद संजय सिंह और सौरभ भारद्वाज मीडिया को लेकर सीएम हाउस पहुंचे। कहा, वो (भाजपा) कहते थे मुख्यमंत्री आवास में सोने का टॉयलेट है, स्विमिंग पूल है, मिनी बार है। तो हम आप लोगों को लेकर आए हैं। पुलिस ने दोनों नेताओं को सीएम हाउस के अंदर जाने से रोक दिया। इसके बाद दोनों सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत बन रहे नए प्रधानमंत्री आवास की ओर निकले। हालांकि, पुलिस ने उन्हें बीच रास्ते से ही वापस भेज दिया। संजय सिंह ने पीएम आवास को 2700 करोड़ का राजमहल बताया है। इसके बाद दिल्ली भाजपा अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा दिल्ली की सीएम आतिशी के बंगले पर पहुंचे। उन्होंने कहा- आतिशी को मथुरा रोड का बंगला आवंटित किया गया है। वो रहती कालकाजी में हैं। उनके पास दो-दो बंगले हैं। 'बंगले वाली देवी' को और कितने बंगले चाहिए। भाजपा के बाद कांग्रेस भी शीशमहल विवाद में कूद पड़ी। कांग्रेस नेता गुरुदीप सिंह सप्पल ने कहा- कांग्रेस पार्टी ने 55 साल तक शासन किया है और गांधी परिवार के 3 सदस्य प्रधानमंत्री रहे हैं। गांधी परिवार ने देश के लिए अपना आनंद भवन दान कर दिया। मनमोहन सिंह पीएम बने तो उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की गाड़ी नहीं बदली। 10 साल उसी से चले।

संक्षिप्त समाचार

उदयश्याम मंदिर परिसर में गलत निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग

उदयपुर (पुकार)। बिजनेस सर्कल इंडिया टूरिज़्म के चार्टर अध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने राजस्थान सरकार के देवस्थान व पशुपालन कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, मुख्यमंत्री राजस्थान, जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल, देवस्थान आयुक्त वासुदेव मालावत व देवस्थान सहायक आयुक्त जतीन गांधी को पत्र लिखकर ऐतिहासिक उदयश्याम मंदिर परिसर में हो रहे अव्यवस्थित और अनुचित निर्माण कार्यों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। इस पत्र को केंद्रीय पर्यटन मंत्री को भी प्रेषित किया गया है।

अनुचित निर्माणों पर चिंता व्यक्त करते हुए पत्र में उल्लेख किया गया है कि उदयश्याम मंदिर परिसर, जो पिछोला झील के किनारे स्थित है, न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि उदयपुर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक भी है। मंदिर के उत्तर-पूर्व कोने में रसोई का निर्माण और गर्भगृह के निकट शौचालय का निर्माण वास्तुशास्त्र, सनातन परंपराओं और सांस्कृतिक मानदंडों के विपरीत है।

इससे पर्यटन और धरोहर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इस तरह के निर्माण कार्य न केवल मंदिर की आध्यात्मिकता को क्षति पहुंचा रहे हैं, बल्कि उदयपुर के पर्यटन और उसकी प्रतिष्ठा पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रहे हैं। बीसीआई टूरिज़्म चार्टर अध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने कहा कि इस प्रकार की संरचनाएं न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों को हतोत्साहित करती हैं, बल्कि मंदिर की वास्तुकला और पवित्रता पर भी आघात करती हैं। इससे वास्तुअनुरूप मंदिर का पूरा वायुमंडल खराब होता है।

सभी एसोसिएशन सदस्यों और संगठनों का समर्थन मिला । बिजनेस सर्कल इंडिया टूरिज़्म के संस्थापक मुकेश माधवानी, अध्यक्ष विप्लव कुमार जैन, होटल एसोसिएशन उदयपुर के अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही, मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान के अध्यक्ष बालू सिंह कानावत और शहर कार्यकारिणी अध्यक्ष चंद्रवीर सिंह करेलिया ने राणावत के इस प्रयास की सराहना करते हुए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हिंदू मंदिरों की मूल संरचना को बनाए रखने के लिए इस प्रकार की जल्दबाजी में किए गए निर्माण कार्यों को हटाना अत्यंत आवश्यक है। इससे मंदिर की गरिमा बनी रहेगी और श्रद्धालुओं की भावना को ठेस नहीं पहुंचेगी ।

बीएन स्कूल की छात्रा सुश्री तमन्ना कुंवर का रग्बी फुटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

उदयपुर (पुकार)। 68वीं राज्य स्तरीय रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर बी एन स्कूल की छात्रा सुश्री तमन्ना कुंवर सारंगदेवोत का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया राजस्थान टीम में चयन हुआ। विद्या प्रचारिणी सभा के प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ व जोइंट सेक्रेटरी राजेंद्र सिंह ताणा ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह चुंडावत ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता पटना बिहार में भाग लेकर राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व कर विद्यालय एवं संस्थान का नाम रोशन किया शारीरिक शिक्षक श्रीमान नाहर सिंह झाला ने उज्जवल भविष्य की कामना कर बधाई दी।

पिम्स हॉस्पिटल में सफेद मोतियाबिंद के टॉपिकल फेको विधि से सफल ऑपरेशन

उदयपुर (पुकार)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा में चिकित्सकों ने सफेद मोतियाबिंद के टॉपिकल फेको विधि से सफल ऑपरेशन किये। पिम्स हॉस्पिटल के चेयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि गत दिनों सिरोही में पिम्स हॉस्पिटल द्वारा आई कैंप आयोजित किया गया जिसमें बहुत से मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया। इन मरीजों को उमरड़ा स्थित पिम्स हॉस्पिटल में लाया गया और उनके निशुल्क सफेद मोतियाबिंद के टॉपिकल फेको विधि से सफल ऑपरेशन किये गए। ऑपरेशन नेत्र रोग विभाग के प्रमुख डॉ. नितिन सिंह, डॉ. संध्या नागदा और उनकी टीम डॉ. प्रांशु पटेल, ओम प्रकाश, निर्मला, शिव और आनंद ने किये।

वंदना शर्मा ने जीता स्वर्ण पदक

उदयपुर (पुकार)। खेलो इंडिया राष्ट्रीय(अस्मिता) योगासन लीग में वंदना शर्मा ने स्वर्ण पदक जीता। सुखाड़िया विश्वविद्यालय योग केंद्र समन्वयक डॉ. दीपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय खेल प्राधिकरण के तत्वावधान में दिल्ली के आनंद धाम आश्रम में 5 से 7 जनवरी तक आयोजित राष्ट्रीय खेलो इंडिया अस्मिता (महिला) योगासन प्रतियोगिता लीग में राजस्थान टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सुखाड़िया विश्वविद्यालय योग केंद्र के बीएससी छठे सेमेस्टर की छात्रा सुश्री वंदना शर्मा ने आर्टिस्टिक ग्रुप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। उल्लेखनीय है कि सुश्री वंदना शर्मा गत वर्ष भी प्रतियोगिता में रजत पदक व कांस्य पदक अर्जित कर चुकी हैं।

स्वच्छता उद्यमी योजना (नमस्ते) के प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित

उदयपुर (पुकार)। अनुजा निगम की ओर से स्वच्छता उद्यमी योजना (नमस्ते) योजना के तहत ऋण के प्रस्ताव 20 फरवरी तक आमंत्रित किये गये है। निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक ने वीना मेहरचंदानी ने बताया कि योजनान्तर्गत सफाई कर्मचारियों (सफाई मित्र) को सफाई मशीन यथा गटर टैंक एवं ट्रेक्टर, मोबाइल टॉयलेट, सुलभ शौचालय निर्माण-कंपोस्ट खाद का वाहन व कचरा संग्रहण के वाहन मशीन क्रय करने हेतु ऋण के प्रस्ताव ऑफलाइन आवेदन के आधार पर प्रशासनिक स्वीकृति मय मांग पत्र एवं कोटेशन सहित जारी कर जिला परिषद स्थित अनुजा निगम के जिला कार्यालय को 20 फरवरी भिजवा सकते हैं, ताकि सफाई कर्मचारियों को सफाई की मशीनों के लिए ऋण स्वीकृत किया जा सके। ऋण वितरण का कार्य पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जावेगा।

उन्होंने बताया कि आशार्थियों को ऑफलाइन आवेदन फॉर्म के साथ आवश्यक दस्तावेज .जाति प्रमाण पत्र, जन आधार, आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र-बीपीएल राशन कार्ड, निगम द्वारा निर्धारित 100 रूपये के स्टाम्प पर दो सरकारी कार्मिको का जमानतनामा, हस्ताक्षरित चैक (20), बैंक पासबुक प्रति, स्वयं प्रमाणित नो ड्यूज, मूल निवास प्रमाण पत्र तथा ऋण स्वीकृत होने पर सदस्यता शुल्क डीडी 500 रूपये मृतक राशि कोष बैंक में जमा कराकर रसीद कार्यालय में जमा करानी होगी।

प्रथम पूज्य को न्योता देकर आईआईएफ में पधारने का आग्रह

11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 की तैयारियां अंतिम चरण में

लघु उद्योग भारती के कार्यकर्ताओं ने पीले चावल बांट कर दिया निमंत्रण

10 से 13 जनवरी 2025 तक उदयपुर के डीपीएस मैदान में होगा आयोजन

उदयपुर (पुकार)। लघु उद्योग भारती उदयपुर इकाई के तत्वावधान में होने जा रहे चार दिवसीय 11वें इंडिया इंडस्ट्रियल फेयर-2025 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 10 से 13 जनवरी 2025 तक उदयपुर के डीपीएस के मैदान में होने वाले इस फेयर के लिए बुधवार को प्रथम पूज्य बोहरा गणेशजी को न्योता देकर फेयर में पधारने और कृपा बनाए रखने की कामना की गई। इसके बाद संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पीले चावल बांट कर फेयर में आने का आमंत्रण देंगे।

मेला संयोजक तरुण दवे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक हेमेन्द्र श्रीमाली व लघु उद्योग भारती उदयपुर अध्यक्ष मनोज जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम ने बोहरा गणेशजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कार्यकर्ताओं में कपिल सुराणा, अमर सिंह, मुरली बाकलीवाल, भव्यराज सिंह चुंडावत, सीमा पारीक, हेमंत जैन, हितेश भोई आदि शामिल थे।

सह संयोजक मुकेश सिन्हा ने बताया कि फेयर शुरू में दो दिन शेष रहते तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। डोम में अंतरराष्ट्रीय मानकों को अपनाया जा रहा है। डोम के अंदर का डिजाइन अंतरराष्ट्रीय जर्मन मानकों पर आधारित होगा जो उदयपुर में पहली बार होगा।

गौरतलब है कि आईआईएफ का उद्घाटन उद्घाटन समारोह 10 जनवरी को सुबह 11.15 बजे होगा। समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी मुख्य अतिथि रहेंगी। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद्र के सान्निध्य में होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा करेंगे। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष शांतिलाल बालड़ प्रांत अध्यक्ष पवन गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे। समापन समारोह 13 जनवरी दोपहर 3 बजे होगा। इसमें राज्य के उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी मुख्य अतिथि होंगे। चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया, उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा, लघु उद्योग भारती के प्रदेश महामंत्री योगेन्द्र शर्मा, चित्तौड़ प्रांत अध्यक्ष पवन गोयल विशिष्ट अतिथि होंगे।

उद्घाटन व समापन दोनों समारोह में सिंघल फाउंडेशन के अरविंद सिंघल, मिराज ग्रुप के फाउंडर मदन पालीवाल, अनंता हॉस्पिटल के कुल सचिव डॉ. नितिन शर्मा, ईवो के कोफाउंडर सौरभ खेतान, वंडर पेंट्स के मनीष गन्ना सम्माननीय अतिथि के रूप में होंगे।

समाजसेवी संस्थाए सदैव अपने कार्यो से 'प्रेरणादायी' रही है : प्रो सारंगदेवोत

उदयपुर (पुकार)। प्रतिबद्ध संस्थान प्रेरणा परिवार के दसवें स्थापना दिवस के अवसर पर जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के वाइस चांसलर प्रोफेसर एस एस सारंग देवोत ने संस्थान की 10 वर्ष की उपलब्धियां के पोस्टर विमोचन के अवसर पर कहा कि संस्थाओं को सदैव एक- दूसरे को प्रेरणा देकर समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना चाहिए क्योंकि समाजसेवी संस्थाओं का यही मूल उद्देश्य होता है। प्रतिबद्ध संस्थान के 10 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान की 10 वर्षीय उपलब्धियों व राज्य और केंद्र सरकार द्वारा प्राप्त विभिन्न प्रमाण पत्रों को दर्शाते हुए बनाए गए पोस्टर द्वारा संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराया गया। पदाधिकारियों, सदस्यों ने आगामी वर्षों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों पर चर्चा की व सभी ने सर्वसहमति से निर्णय लिया की आगे भी संस्थान आने वाले वर्षों में भी शिक्षा, समाजसेवा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जनकल्याण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगी। संस्थान सचिव गिरीश भारती ने बताया की संस्थान को ष्टस्क्र सर्टिफिकेट भी जारी हो गया है अतः आगामी दिनों में संस्थान राज्य में कॉरपोरेट सेक्टर के साथ जनकल्याणकारी कार्यो में अपनी अहम भूमिका निभाएंगी व महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए संस्थान द्वारा जल्द ही 'प्रेरणा कामकाजी महिला छात्रावास' के लिए भवन निर्माण कार्य भी प्रारम्भ किया जाएगा। डॉ दिलीप सिंह चौहान द्वारा बताया गया की वर्ष 2025 में संस्थान वर्ष पर्यन्त महिला खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करवाएंगी। उप सचिव डॉ धर्मेन्द्र राजोरा ने बताया संस्थान के विकास में जितने भी भामाशाहों ने योगदान दिया है संस्थान आज उनकी बदौलत इस मुकाम पर पहुंची है।

पीएमसीएच के नि:शुल्क जाँच शिविर में संगिनी मेन ग्रुप उदयपुर ने लिया स्वास्थ्य लाभ

उदयपुर (पुकार)। पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से संगिनी मेन ग्रुप उदयपुर के लिए निःशुल्क जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में जनरल मेडिसिन विभाग,स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग विभाग,वक्ष एवं क्षय रोग विभाग,चर्म रोग विभाग, शिशु रोग विभाग,जनरल सर्जरी,दन्त रोग विभाग,नाक-कान-गला रोग विभाग, नेत्र रोग विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सको ने 65 से ज्यादा ग्रुप मेम्बरों की निःशुल्क जांच की।

ग्रुप अध्यक्ष डॉ.प्रमिला जैन ने बताया कि इस स्वास्थ्य जांच शिविर में सभी तरह के ब्लड व यूरिन के टेस्ट के साथ ही ईसीजी, ईको, एक्स-रे, सोनोग्राफी, मैमोग्राफी आदि स्वास्थ्य सम्बन्धी जांचे पीएमसीएच द्वारा निःशुल्क की गई। इस शिविर में संगिनी बहनों के साथ ही उनके जीवनसाथी की भी सभी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधित जांचे करवाई गई। शिविर में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अमन अग्रवाल एवं सीईओ शरद कोठारी ने ग्रुप के सदस्यों का स्वागत करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। शिविर को सुव्यवस्थित सम्पन्न करवाने में पीएमसीएच के डीन स्टूडेंट्स वेल्फेयर डॉ.एम.जी वार्ष्णेय के नेतृत्व में हॉस्पिटल स्टॉफ एवं टेक्निकल टीम के साथ ही शिविर व्यवस्थापक शंकर सुखवाल का विशेष सहयोग रहा। शिविर में डॉ प्रमिला जैन के साथ स्नेहलता पोरवाल,कमला नलवाया, डॉ.शिखा,लाजवंती धाकड़ विमला जैन, मंजू मेहता,सुधा खाब्या,करुणा डूंगरवाल, संजीता रानी कोठारी, शकुंतला पगारिया,विजयकान्ता बाबेल, शीला सरूपरिया,शांता जवेरिया, त्रिशला दक, अल्पा पोरवाल आदि सदस्यों का सहयोग रहा।

राजस्थान स्टेट जूनियर अंतर ज़िला एवं ओपन टेनिस प्रतियोगिता सम्पन्न

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान कृषि महाविद्यालय एवं सुखाड़िया विश्वविद्यालय टेनिस कोर्ट पर खेली गयी पांच दिवसीय इन्द्रसिंह बारहठ स्मृति राजस्थान स्टेट जूनियर एवं अंतर ज़िला व ओपन टेनिस प्रतियोगिता के अंतिम दिन सिंगल्स व डबल्स के मैच खेले गये। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. दीपांकर चक्रवर्ती ने बताया कि आज खेले गये अन्डर-18 आयु वर्ग के फाईनल में जयपुर के प्रियांश तंवर ने सिरोही के नील भारद्वाज को 9-4 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। अन्डर-16 आयु वर्ग में सिरोही के नील भारद्वाज ने उदयपुर के मिथिलेश भट्ट को 9-4 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया।

डॉ.चक्रवर्ती ने बताया कि बुधवार को हुए डबल्स के अन्डर-14 आयु वर्ग में बीकानेर के दिव्यम चौधरी और दिव्यांग बेनीवाल की जोड़ी ने जयपुर के वंश चौधरी व चित्तौड़गढ़ के विश्मय शर्मा की जोड़ी को 6-3 से पराजित कर खिताब पर कब्जा किया। अन्डर-18 आयुवर्ग के डबल्स मुकाबले में जयपुर के प्रियांश तंवर व नील भारद्धाज की जोड़ी ने उदयपुर के नव्य भट्ट व निखिलेश भट्ट की जोड़ी को 8-5 से हराकर खिताब पर कब्जा किया। सभी विजेताओ व रनर अप को नगद राशि से पुरूस्कृत किया गया।

वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 10 को

उदयपुर (पुकार)। भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय की संघटक इकाई भूपाल नोबल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय वर्तमान परिस्थिति में एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रासंगिक है विषय पर राव बहादुर ठाकुर राज सिंह बेदला स्मृति अखिल राजस्थान अंतर्महाविद्यालय हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 10 जनवरी को प्रातः 10:00 बजे महाविद्यालय के सेमिनार हॉल में करने जा रहा है। अधिष्ठाता डॉ रेणू राठौड़ ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में विजेता महाविद्यालय को चल वैजयंती के रूप में रजत मयूर प्रदान किया जाएगा। संयोजक डॉ चंद्र रेखा शर्मा ने बताया कि प्रथम पुरस्कार के रूप में 5000 रू., द्वितीय पुरस्कार के रूप में 4000 रू. तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 3000 रू. प्रदान किए जाएंगे।

शहरवासी जीतो प्रीमियर लीग का उठा रहे हैं आनंद, 21 युवा खेल प्रतिभाओं को किया सम्मानित

उदयपुर (पुकार)। फील्ड क्लब मैदान में जारी जीतो प्रीमियर लीग का रोमांच देर रात तक दर्शकों को बांधे रख रहा है। जीतो उदयपुर चैप्टर द्वारा आयोजित सकल जैन समाज के इस क्रिकेट टूर्नामेंट में कुल 52 टीमें हिस्सा ले रही हैं, जिनमें 36 टीमें पुरुष वर्ग और 16 टीमें महिला वर्ग से हैं।

जीतो के चेयरमैन यशवंत आंचलिया ने बताया कि टूर्नामेंट का दूसरा दिन भी बेहद रोमांचक रहा। पहले दिन 8 और दूसरे दिन 7 मुकाबले फील्ड क्लब मैदान पर खेले गए। लीग निदेशक नितुल चंडालिया ने जानकारी दी कि बुधवार को शहर की 21 युवा खेल प्रतिभाओं को 'खेल रत्न' से सम्मानित किया गया।

टूर्नामेंट की खास बात यह है कि सभी मैच दिन और रात में दूधिया रोशनी के बीच खेले जा रहे हैं। लोकेश कोठारी के अनुसार, सभी मुकाबले 6-6 ओवर के हैं और कुल 572 खिलाड़ी टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। समारोह में प्रमोद सामर, कुलदीप नहार, राजकुमार फत्तावत, यशवंत आंचलिया, अभिषेक संचेती, नितुल चंडालिया, लोकेश कोठारी, अतुल चंडालिया,राजेंद्र जैन, प्रतीक हिगड़, लेडीज विंग की अध्यक्षा अंजलि सुराणा और यूथ विंग के अध्यक्ष दिव्यद दोशी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्लास्टिक के विकल्प कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 10 व 11 को

कम्पोस्टेबल उत्पाद:प्लास्टिक का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प और भविष्य की राह

उदयपुर (पुकार)। प्लास्टिक प्रदूषण आज एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिससे निपटने के लिए कम्पोस्टेबल उत्पादों का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। एसोसिएशन ऑफ कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स इन इंडिया (एसीपीआई), जो भारत में कम्पोस्टेबल उत्पादों की सबसे बड़ी संस्था है, इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह संगठन सिंगल-यूज प्लास्टिक के विकल्प के रूप में कम्पोस्टेबल उत्पादों को बढ़ावा देने और उनके उत्पादन, विपणन व जागरूकता पर कार्यरत है। भारत में प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में एसोसिएशन ऑफ कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स इन इंडिया (एसीपीआई) द्वारा उदयपुर में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह दो दिवसीय सम्मेलन 10-11 जनवरी को होटल राम्या में आयोजित होगा, जिसमें देश-विदेश के विशेषज्ञ भाग लेंगे। वर्तमान में भारत में 128 कंपनियों को कम्पोस्टेबल उत्पादों के निर्माण का लाइसेंस प्राप्त है, जिनमें से एसीपीआई के 60 सक्रिय सदस्य हैं।

एसीपीआई के प्रमुख सदस्य अशोक बोहरा ने बताया कि ये बैग्स न केवल प्लास्टिक जितने मजबूत और कुशल हैं, बल्कि पर्यावरण के लिए पूरी तरह से सुरक्षित हैं। कम्पोस्टेबल बैग्स अब प्लास्टिक के समान किफायती हो गए हैं, जिससे ये बड़े पैमाने पर उपयोग के लिए एक व्यवहारिक विकल्प बनते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि कम्पोस्टेबल गार्बेज बैग्स, कैरी बैग्स और कटलरी जैसे उत्पाद कॉर्न स्टार्च और आलू स्टार्च जैसे बायोडिग्रेडेबल पॉलीमर्स से बनाए जाते हैं। ये बैग्स सही परिस्थितियों में 180 दिनों में पूरी तरह खाद में बदल जाते हैं, जिससे पर्यावरण पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। इनके विघटन के बाद कोई हानिकारक रसायन या माइक्रोप्लास्टिक नहीं बचते।

राजस्थान में प्लास्टिक प्रतिबंध और अवसर

राजस्थान में प्लास्टिक के निर्माण पर प्रतिबंध लागू होने के बावजूद, इसका उपयोग कुछ हद तक जारी है, विशेषकर पड़ोसी राज्यों से आपूर्ति के कारण। अशोक बोहरा का मानना है कि कम्पोस्टेबल उत्पाद इस चुनौती का स्थायी समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि कम्पोस्टेबल उद्योग न केवल पर्यावरण संरक्षण में मदद कर सकता है, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित कर सकता है।

सतत विकास की दिशा में कदम

कम्पोस्टेबल उत्पाद प्लास्टिक का आदर्श विकल्प हैं और सतत विकास की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। इनके उपयोग को बढ़ावा देकर प्लास्टिक प्रदूषण से निपटा जा सकता है और पर्यावरण को संरक्षित किया जा सकता है। बोहरा ने कहा कि कम्पोस्टेबल उत्पाद प्लास्टिक जितने ही किफायती और कुशल हैं। ये पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना गीले कचरे के प्रबंधन और खाद निर्माण में मदद करते हैं। एसीपीआई के प्रयासों और जागरूकता अभियानों के जरिए प्लास्टिक मुक्त भारत का सपना साकार किया जा सकता है। कम्पोस्टेबल उत्पादों का व्यापक उपयोग न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को रोक सकता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को भी बढ़ावा दे सकता है। कम्पोस्टेबल उत्पादों की ओर बढना समय की मांग है। एसीपीआई की पहल और आगामी सम्मेलन इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सरकार, उद्योग और जनता के सहयोग से ही स्वच्छ और हरित भविष्य संभव है।

एसोसिएशन ऑफ कम्पोस्टेबल प्रोडक्ट्स इन इंडिया (एसीपीआई), कम्पोस्टेबल उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी संस्था है, जो नए उद्यमियों को कम्पोस्टेबल व्यवसाय में उत्पादन इकाई स्थापित करने के लिए पूरी तरह से समर्थन प्रदान करती है। यह संस्था व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक संसाधन, मार्गदर्शन, और तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराती है। कम्पोस्टेबल उद्योग में अनगिनत अवसर मौजूद हैं, विशेषकर इंजेक्शन मोल्डिंग के माध्यम से प्लेट्स, बॉटल्स, और कटलरी जैसे उत्पादों के निर्माण में। इस क्षेत्र में बैग्स, ट्रे, कप्स, प्लेट्स, फिल्म्स, लिड्स, स्ट्रॉ, कटलरी, बाउल्स, और क्लैमशेल्स जैसे उत्पादों की भारी मांग है।

बी प्लस

डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक का विमोचन

उदयपुर (पुकार)। प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 - 1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उदघाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 9 जनवरी 2025 को किया जायेगा। गौरतलब है कि डॉ रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है।

लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम 13 जनवरी को खुलेगा

उदयपुर (पुकार)। लक्ष्मी डेंटल लिमिटेड (एलडीएल या कंपनी), सोमवार, 13 जनवरी, 2025 को इक्विटी शेयरों के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के संबंध में बिड / ऑफ र अवधि खोलेगी। प्रस्ताव का प्राइस बैंड रु.407 से रु.428 प्रति इक्विटी शेयर (मूल्य बैंड) तय किया गया है। न्यूनतम 33 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 33 इक्विटी शेयरों के गुणकों में बोलियाँ लगाई जा सकती हैं। (बोली लॉट)। इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य रु.2 प्रत्येक) के कुल ऑफर साइज़ में रु.1,380 मिलियन (रु.138 करोड़) तक का नया निर्गम और 13,085,467 (1.31 लाख इक्विटी शेयरों की संख्या) (बक्री के लिए प्रस्ताव) बेचने वाले शेयरधारकों द्वारा बिक्री के लिए प्रस्ताव शामिल है। (कुल प्रस्ताव आकार)।

संक्षिप्त खबरें...

गौ-चरनोट भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाने बाबत सौपा परिवाद

चितोडगढ़ । ग्राम सहनवा तहसील व जिला व जिला चित्तौडगढ की आराजी नं0 850 गौ चरनोट है जिस पर कुछ प्रभावशाली लोगो ने जबरन अति' मण कर लिया है और वर्तमान मे पक्का निर्माण भी कर रहे है जिन्हें तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की एवं सहनवा गांव की सांवरिया कॉलोनी से लेकर लीलरिया बावजी जीएसएस तक अति' मण कर लिया गया है जिसे तत्काल प्रभाव से हटाने की मांग की। ज्ञापन सौपने वालो मे शंकर , नारायण, कन्हेयालाल, रविनाथ, दिलखुश, राहुल, दशरथनाथ, लादूलाल, शम्भुलाल, नानालाल, मनोहर, कालु, कमलेश, भैरूलाल, जगदीश , कैलाश, मुकेश, भूरालाल, नारायणलाल भगवान, जमनालाल आदि मौजूद थे।

सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर द्वारा सहकारी शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिए नई पहल के तहत जागरूकता कार्यक्रम

चित्तौड़गढ़ । भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने के लिए एक नई पहल शुरू की है। इस पहल के तहत रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां राजस्थान, जयपुर के माध्यम से तथा केंद्रीय सहकारी बैंक, चित्तौड़गढ़ के सहयोग से चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ जिले की विभिन्न सहकारी समितियों के सदस्यों के लिए सहकार से समृद्धि योजना कार्यक्रम पर कार्यशाला आयोजित की गयी। सहकारी प्रबंध संस्थान, जयपुर की डॉ. नेहा चौधरी, व्याख्याता द्वारा कार्यक्रम में सहकारी समितियों के सदस्यों एवं व्यवस्थापको को भारत सरकार की सहकार से समृद्धि योजना और इसके 54 कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छूटी हुई पंचायतों में नई बहुउद्देशीय सहकारी समितियों की स्थापना, कॉमन सर्विस सेंटर के रूप में पैक्स, खुदरा पेट्रोल/डीजल दुकानें, स्च्ळ डिस्ट्रीब्यूटरशिप, जन औषधि केंद्र, विकेंद्रित अन्न भंडारण योजना, पानी सहकारी समितियों आदि जैसी नई पहलों के बारे में बताया गया। इन पहलों के माध्यम से सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैंक के प्रबंध निदेशक अनिमेष पुरोहित द्वारा बताया गया कि उक्त पहलों को अपनाने से पैक्स सशक्त बनेगी, व्यापार बढ़ेगा और सहकारी क्षेत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके लिए बहुत उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम आयोजन के अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक, अनिमेष पुरोहित, प्रबंधक विजय संगीतरा एवं महिपालसिंह भाटी के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

महावीर इंटरनेशनल का जीव दया सेवा प्रकल्प

चित्तौड़गढ़ । जीवदया सेवा प्रकल्प की श्रृंखला के तहत आज स्व श्रीमती संतोष देवी जी धर्मपत्नी स्वर्गीय रतन लाल जी तलेसरा की प्रथम पुण्यतिथि पर तलेसरा परिवार के सौजन्य से महावीर इंटरनेशनल चित्तौड़गढ़ द्वारा जिवदया के कुछ कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम के तहत पन्नाधाय पार्क, खातर महल , गांधी चौक कबूतर खाना एवं खरडीया महादेव में पक्षियों के लिए दाने एवं गंभीरी नदी की मछलियों के लिए सूखे आहार की व्यवस्था की गई जबकि गांधीनगर स्थित गौशाला में गायों के लिए चारा वितरण किया गया। सांवलिया चिकित्सालय स्थित भोजन शाला में 96 व्यक्तियों के खाने का प्रबंध किया गया । इसी तरह खुशहाल वृद्धाश्रम के लिए ईंधन की व्यवस्था की। सेवा प्रकल्प में तलेसरा परिवार के प्रकाश, पुखराज ,विनोद,भूपेश, प्रशांत ,आशा, अरुणा,अनीता,मधु,सुरभि , हिमानी एवं महावीर इंटरनेशनल के प्रकल्प प्रभारी वीर मदन तलेसरा , वीर प्रकाश पोखरना , वीर बसंती लाल मेहता,वीर नवनीत मोदी, वीर पीयूष मोदी, वीर अशोक सेठिया ,वीर प्रदीप बाबेल एवं वीर अभय संजेती ने भाग लिया। ज्ञातव्य हे कि पिछले वर्ष इसी दिन दिवंगत आत्मा के देहावसान पर परिवार ने महावीर इंटरनेशनल के माध्यम से नेत्रदान भी कराया था। महावीर इंटरनेशनल ने स्व श्रीमति संतोष देवी जी को हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित करते हुवे तलेसरा परिवार का इस पुनीत कार्य हेतु जीव दया प्रकल्प चुनने एवं इस निमित महावीर इंटरनेशनल का सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया।

कानजी गोल्डमैन ने किया छात्रावास में बच्चों के खाने का प्रबंध

चित्तौड़गढ़ । अखिल भारतीय खटीक समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कानजी गोल्डमैन ने जयपुर छात्रावास में बच्चों के खाने की व्यवस्था हेतु 100000 का सहयोग कर सराहनीय उदाहरण पेश किया । जानकारी देते हुए जिला मंत्री चंचल बोरीवाल ने बताया कि अखिल भारतीय खटीक समाज के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कानजी खटीक ने जयपुर में खटीक समाज के छात्रावास में पढ़ रहे बच्चों के खाने की व्यवस्था हेतु निरीक्षण कर आवश्यकता अनुसार सहयोग करने का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर कानजी खटीक गोल्डमैन ने एक लाख का सहयोग हाथों हाथ किया। छात्रावास कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष भगवान सहाय ने सामाजिक संगठनों से आह्वान किया है कि बच्चों का यथासंभव सहयोग किया जाए । संगठन के प्रदेश महासचिव कालूराम खटीक ने अखिल भारतीय खटीक समाज का 15 जनवरी को हो रहे शपथ ग्रहण कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में समाज को जयपुर पहुंच कर सम्मेलन में भाग लेने का आह्वान किया। उदयपुर संभाग अध्यक्ष सुरेश खोईवाल ने संपूर्ण समाज से खटीक समाज को कार्यक्रम की सफलता के लिए अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचने के लिए जिला अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष बसंतीलाल चावला,युवा जिला अध्यक्ष मुकेश पहाड़िया ,युवा महामंत्री ललित खटीक ,चित्तौड़ शहर अध्यक्ष मुकेश खटीक ,युवा अध्यक्ष मनीष चावला , निंबाहेड़ा अध्यक्ष शांतिलाल दायमा ,डूंगला अध्यक्ष नारायण लाल नेगरडिया, गंगरार अध्यक्ष प्रहलाद डीडवानिया, भदेसर अध्यक्ष मुकेश खटीक ,कपासन अध्यक्ष नरेश खटीक, बेगू अध्यक्ष राजकुमार पहाड़िया ,बड़ी सादड़ी अध्यक्ष भगवती लाल ,राशमी अध्यक्ष मुकेश खटीक ,भोपाल सागर अध्यक्ष मनोहर खटीकसहित संगठन के विभिन्न पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

नव मनोनीत मण्डल अध्यक्षों का किया स्वागत

निम्बाहेड़ा (पुकार)। चित्तौडगढ़ जिले के निम्बाहेड़ा ब्लॉक क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक निर्वाचन प्रक्रिया के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मुकेश गर्ग द्वारा मंगलवार को देर सांय भाजपा के चारों मण्डल अध्यक्षों की घोषणा की गई। इसके अन्तर्गत निम्बाहेड़ा पूर्वी ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष पद पर अशोक जाट, पश्चिमी गामीण मण्डल अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र सिंह शक्तावत एवं कनेरा मण्डल अध्यक्ष पर जुगलकिशोर धाकड़ का पुनः मनोनयन किया गया, वहीं नगर मण्डल अध्यक्ष पद पर कपिल चौधरी को मनोनित किया गया। बुधवार को सांय नव मनोनित मण्डल अध्यक्षों का स्वागत अभिनन्दन समारोह स्थानीय भाजपा कार्यालय पर आयोजित किया गया।

रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर पूर्व अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पारस पारख सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नव मनोनित मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, जुगल किशोर धाकड़ एवं कपिल चौधरी का उपरना ओढ़ाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया एवं मुहं मीठा करवाकर कार्यकाल की सफलता के लिए शुभकामनाऐं दी। मण्डल अध्यक्षों के स्वागत अभिनन्दन समारोह में जिला उपाध्यक्ष रत्नेश छाजेड़, पूर्व जिला महामंत्री सोहनलाल आंजना, भाजपा नगर महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, निलेश मेहता, कमलेश बुनकर, ग्रामीण मण्डल महामंत्री राजेश धाकड़, शैलेन्द्र पाटीदार, नगर उपाध्यक्ष गापोल पंचौली, महिपाल सिंह राणावत, ग्रामीण उपाध्यक्ष राधेश्याम टेलर, लोकेश सुथार, मोनू मारू, प्रहलाद प्रजापत, नगर मंत्री धर्मपाल जाट, सोशल मीडिया प्रभारी सुनिल चाष्टा, राजेश गुर्जर, प्रहलाद धाकड़, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह राठौड़, ओबीसी मोर्चा नगर अध्यक्ष लाला दशोरा, महामंत्री विनोद सोनी, एसटी मोर्चा अध्यक्ष अम्बालाल मीणा, भाजयुमो महामंत्री आशीष टांक, चिराग मंत्री, सोनू झंवर, उपाध्यक्ष कमल रावत, ललित साहू, मंत्री विकास साहू, हितेश जोशी, अभिनव खण्डेलवाल, अंतरिक्ष साहू, लोकेन्द्र आर्चाय, राजू गौड़, रमेश वैष्णव, राहुल वसिटा, रतन वैष्णव, सरपंच प्रतिनिधी श्यामलाल जाट, सोहनलाल जाट, गोपाल लाल जाट, रोशनलाल पुष्करणा, रवि जाट, सुनिल जाट कारूण्डा, सोनू जाट, पूर्व पार्षद जगदीश माली, राजू बाहेती, रजनीश गोठवाल, रितेश नाहर आदि सहित ग्रामीण एवं शहरीय क्षेत्र के सैंकडों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

गौ माता ही आपको वेतरनी का माध्यम बनती है- कृष्ण किंकर

बांसड़ा (पुकार) । भींडर उपखंड अंतर्गत श्री नागेश्वर पार्श्वनाथ गौशाला बांसड़ा में द्वितीय दिवस की राम कथा के अवसर पर महादेव पार्वती को राम कथा का रसपान कर रहे थे तब उन्हें चरित्र और मर्यादा का वृतांत सुनाते समय उच्च आदर्श को प्रस्तुत किया कि राम जैसा आदर्श इस सृष्टि पर ना हुआ है ना होगा तब मां पार्वती ने सीता का रूप बनाकर प्रभु श्री राम के समक्ष उपस्थित हुई तो उन्होंने कहा मां । कथा अपरोक्ता कृष्ण किंकर महाराज ने बताया कि श्री राम ने पहचान लिया उस दिन से भोलेनाथ ने पार्वती का त्याग किया। लेकिन मां पार्वती का संकल्प था कि मैं जन्म जन्मांतर जन्म लेने पर भी मैं अगर किसी की अर्धांगिनी बनोगी तो वह प्रभु भोलेनाथ की ही बनूगी। सत्संग ही व्यक्ति का कल्याण कर सकता है ।कृष्ण किंकर महाराज ने विस्तार से वर्णन किया कि व्यक्ति को कभी सत्संग नहीं छोड़ना चाहिए। कथा में शिव पार्वती का विवाह विस्तार पूर्वक श्रवण करवाया। मनुष्य का जन्म सृष्टि होता है तो उसका कल्याण के लिए एकमात्र परमात्मा ने एक ही साधन है गौ माता के सेवा से पार करने का जो माध्यम बनाया ।गौ माता की पूछ के माध्यम से ही व्यक्ति अपनी वैतरणी पार कर सकता है इसलिए जीवन में गाय की सेवा को प्रथम प्राथमिकता दें बाकी सारे के सारे कार्य दूसरे नंबर पर आते हैं। मनुष्य जन्म को सत्संग प्रभु का गुणगान से सार्थक करें प्रभु का नाम कभी न भूले ।प्रभु को हर पल मन में समाहित रखें ताकि जीवन का कल्याण हो सके इसलिए सत्संग के माध्यम से व्यक्ति को एहिक और पारलौकिक विधान बताया है ताकि जगत का सबका कल्याण हो सके। कथा में बुधवार संत नारायण गिरि महाराज सारंग पुरा ने सेवा कार्यों से प्रभावित होकर 21000 की सहायता गौ सेवार्थ प्रदान की इस अवसर पर। वल्लभनगर, मेनार , हमेंरपुर , भींडर ,कानोड, बांसड़ा, केदारिया आदि सैकड़ो लोगों ने कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

बार एसोसिएशन डुंगला का शपथग्रहण समारोह 11 को तैयारियों को लेकर बैठक

डुंगला (पुकार) । बार एसोसिएशन डुंगला की अति आवश्यक बैठक आहूत की गई जिसमे नवीन पदाधिकारीयों के शपथ ग्रहण कार्यक्रम को लेकर होने वाली तैयारियों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई तथा सभी अधिवक्तागण को कार्यक्रम की जिम्मेदारी सौंपी गई। दुर्गेश जोशी अध्यक्ष बार एसोसिएशन डुंगला ने बताया कि डुंगला मैं पहली बार शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय न्यायाधीपति एवं वर्तमान राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग सदस्य श्रीमान रामचंद्र सिंह जी झाला , माननीय सहकारिता एवं नागरिक उड्यन मंत्री गौतम दक तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश महेंद्र सिंह जी सिसोदिया सीजेएम संतोष जी बेरवा एवं डूंगला अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट लोचन खिडिया जी , सुंदर लाल जी खारोल, सुरेंद्र कुमार जी सोनी , ममता मेनारिया जी , मुकेश जी जाट सहित न्यायिक अधिकारी तथा बार काउंसिल आफ राजस्थान के मेंबर राव रतन सिंह जी एवं चित्तौड़गढ़ ,उदयपुर , निंबाहेड़ा मंडफिया बड़ी सादड़ी के बार पदाधिकारी तथा अधिवक्ताओ के साथ कई गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। निर्वाचित सचिव धीरज मेहता द्वारा कार्यकारिणी के विस्तार के बारे में बताया गया कि उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह शक्तावत, पुस्तकालय सचिव प्रहलाद शर्मा, कोषाध्यक्ष कमलेश मेनारिया, सहसचिव किरण दाणी तथा पुस्तकालय सहसचिव रविन्द्र खारोल को मनोनीत किया गया, उक्त सभी पदाधिकारी की शपथ 11 को होगी। साथ ही ग्राम बिलोदा में शिकारियों द्वारा राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार को लेकर बार एसोसिएशन डुंगला ने भारी आक्रोश व्यक्त करते हुवे सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि राष्ट्रीय पक्षी के शिकार करने वाले व्यक्तियों की पैरवी कोई अधिवक्ता सदस्य नही करेगा तथा उपखंड अधिकारी महोदय डूंगला को ग्राम वासी बिलोदा के द्वारा दिए जाने वाले ज्ञापन का सभी बार सदस्यों द्वारा समर्थन किया गया।बैठक में समस्त बार सदस्य उपस्थित रहे ।

लसाडिया में आधार मशीन नहीं होने के सम्बंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट

सलूंबर। लसाडिया उपखण्ड में एक भी आधार मशीन संचालित नहीं होने के बारे में खबर प्रकाशित की गई है इस बारे में उप निदेशक डीओआईटी जीवन राम मीणा ने बताया कि लसाडिया में वर्तमान में पांच पोस्ट ऑफिस में 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के नामांकन हेतु आधार किट संचालित है, यह आधार किट ग्राम पंचायत घाटा, धामनिया, लसाडिया, देवलिया व भरेव की पोस्ट ऑफिस में संचालित है। इसके अतिरिक्त हाल ही तकनीकी कारणों से बंद हुई कालीभीत ग्राम पंचायत हेतु आवंटित किट को सुचारू करने हेतु यू.आई. डी.ए.आई. मुख्यालय में निवेदन किया हुआ है जिसके 10 से 15 दिन में सुचारू होने की संभावना है। साथ ही 5 वर्ष से अधिक आयु वर्ग हेतु पूर्व में दो बार पंचायत समिति मुख्यालय पर शिविर लगाए जा चुके हैं। पंचायत समिति मुख्यालय पर स्थाई आधार केंद्र स्थापना की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। 5 वर्ष से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए सलूंबर जिले में ही लसाडिया की तरफ सलूंबर उपखण्ड की ग्राम पंचायत सराड़ी, खरका व मैथुडी और सराडा उपखण्ड की ग्राम पंचायत जावद में भी आधार मशीन संचालित है।

2 बदमाशों से चोरी की 24 बाइक बरामद, एक चोरी करता तो दूसरा गैराज मालिक से खरीदता

सलूंबर (पुकार) । जिले की सलूंबर थाना पुलिस ने बाइक चोरी की वारदातों का खुलासा करते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों से चोरी की गई 24 बाइक बरामद की है। थानाधिकारी मनीष खोईवाल ने बताया कि एसपी राजेश यादव के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए करीब 100 से ज्यादा स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। साथ ही संदिग्धों से पूछताछ करते हुए अपराधियों की गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटाई। पुलिस ने एक बदमाश को डिटेन कर पूछताछ की तो पता लगा कि बदमाशों ने सलूंबर, उदयपुर, बांसवाड़ा और केसरियाजी आदि स्थानों पर बाइक चोरी की घटना की अंजाम दिया। आरोपी मौज-शौक के लिए चोरी करते थे। आरोपियों से अलग-अलग स्थानों से चोरी की गई 24 बाइक बरामद की है। प्रार्थी कपिल पिता गेबीलाल मीणा ने थाने में शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि उसने उसकी बाइक 17 दिसंबर 2024 को रसोई होटल के पीछे पार्क की थी। सुबह देखा तो बाइक वहां से गायब थी। कुछ दिन बाइक को इधर-उधर बहुत तलाशा लेकिन नहीं मिली।

आरोपी घटना को अंजाम देने से पहले अपना मोबाइल बंद रखते हुए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रैकी करते थे। रात के समय मकानों के बाहर खड़ी बाइक चोरी करने के आदि थे। चोरी की गई बाइक्स को बेचकर मौज शोक करने करते थे। पुलिस ने आरोपी दिनेश पिता हुका मीणा भोराई पाल सेमारी और कांतिलाल पिता शिवलाल मीणा निवासी सुरो का कुआं सलूंबर को गिरफ्तार किया है। आरोपी कांतिलाल का दुदर कालबेलिया बस्ती के सामने मोटर साइकिल गैराज है। वह चोरी की हुई बाइक्स को खरीदता था।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 परवाह, नुकक्ड नाटक के माध्यम से सडक सुरक्षा का दिया संदेश

सलूंबर (पुकार) । सड़क सुरक्षा माह जनवरी 2025 के दौरान आज सलुम्बर शहर में यातायात चौकी पर बहुमुखी सांस्कृतिक दल के द्वारा नुकक्ड नाटक एवं कठपूतली का आयोजन कर नगरवासियो को सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया । जिला परिवहन अधिकारी सुरेन्द्रसिंह गुलिया के द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय सलुम्बर के विधार्थियों को सड़क सुरक्षा के यातायात नियमों, गुडसेमेरिटन, तेज गति वाहन न चलाने, हेलमेट लगाने, गलत दिशा में वाहन संचालन नहीं करने, अन्डर एज ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, वाहन संचालन के समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने, सेफ्टी गियर्स (हेलमेट एवं सीट बेल्ट) का उपयोग करना इत्यादि की जानकारी प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

कानड़खेड़ा प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

आकोला (पुकार) । क्षेत्र में प्रसिद्ध विजासन माता के पावन धरा पर कानड़खेड़ा पंचायत में आयोजित पहली प्रीमियर लीग का समापन समारोह संपन्न हुआ प्रीमियर लीग 8 टीमों के 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें फाइनल मुकाबला शंभू लाल गुर्जर की टीम टाइगर क्लब टीम कप्तान विनोद चौधरी और प्रदीप चौधरी की टीम पैंथर क्लब के कप्तान जितेंद्र खटीक के बीच हुआ जिसमें पैंथर क्लब ने 37 रन लक्ष्य दिया जिसमें टाइगर क्लब ने 3 ओवर में जीत हासिल कर ली ओर प्रतियोगिता (टूर्नामेंट) में मेन ऑफ द सीरीज विनोद चौधरी, बेस्ट बेस्टमैन जितेन्द्र खटीक, बेस्ट बॉलर राजवर्धन सिंह झाला , बेस्ट फिल्टर हीरालाल जोगी रहे । समापन समारोह में 8 टीमों के ऑनर देवीलाल जाट, कनीराम गुर्जर, लाला राम खटीक, श्याम लाल गुर्जर , शंभू लाल गुर्जर , शंभू लाल गाडरी, नेपाल सिंह झाला, प्रदीप चौधरी थे जिसमें मुख्य भामाशाह (3 दिन भोजन व्यवस्था)दिलीप चौधरी,(ट्रॉफी भामाशाह) संग्राम सिंह झाला , (विजेता टीम राशि भामाशाह) स्वर्गीय जय सिंह जी गुर्जर , (उविजेता टीम राशि भामाशाह) शंकर लाल डांगी , (सरपंच) मदन लाल भील , (उप सरपंच) होशियार सिंह झाला, (3 दिन नाश्ता) चेन सिंह भाटी ,(जल व्यवस्था) रतन खटीक , भगत सिंह झाला , निरंजन चौधरी, महेंद्र सिंह झाला, मांगीलाल मेघवाल, चुन्नीलाल मेघवाल, दुर्गा शंकर भाटिया, प्रकाश गाडरी, गोवर्धन सिंह झाला, मनोहर खटीक, कैलाश जटिया, इन सभी भामाशाह महत्वपूर्ण सहयोग रहा था । इस प्रतियोगिता में कमेटी मेंबर नेपाल सिंह झाला, शिवराज सिंह झाला, गजेंद्र चौधरी, प्रवीण चौधरी, विनोद चौधरी, जितेंद्र मेघवाल, राहुल सिंह झाला, जितेंद्र खटीक, कमलेंद्र सिंह झाला, धर्मेश साहू, श्याम लाल गुर्जर, मांगीलाल मेघवाल, एवं गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

आकोला भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल अध्यक्ष की घोषणा के साथ ही आतिशबाजी कर निकाला जुलुस

आकोला (पुकार) । राजस्थान के संगठन पर्व 2024 की कमेटी के सर्वसम्मत निर्णयानुसार एवं संगठन पर्व के प्रदेश चुनाव अधिकारी मुकेश गर्ग के निर्देशानुसार भाजपा जिला चित्तौड़गढ़ के आकोला नगरपालिका नव निर्वाचित मंडल अध्यक्ष शंकर साहु की घोषणा के साथ ही आकोला में खुशी की लहर छा गई। रात्रि 8 बजे मुख्य बस स्टैंड पर आतिशबाजी कर मिठाई बाट कर ढोल व डीजे के साथ कार्यकर्ताओं ने रैली निकाली गई। इस मौके पर पूर्व जिला मंत्री श्यामलाल सेन, नगर पालिका अध्यक्ष तारा देवी मालीवाल, मंडल महामंत्री हिम्मत टाँक, भगवती लाल सेन, नगर मंडल युवा मोर्चा अध्यक्ष हरिनारायण सोनी, नगर मंडल उपाध्यक्ष बसंती लाल छिपा, नरेश माली, राजेश चपलोत, समाजसेवी शंकर मालीवाल, बूथ अध्यक्ष पूरन सोनी, ललित खटीक, मांगीलाल तेली, चंद्र प्रकाश जोशी, ऋषि पटवा, रामलाल माली, परमेश्वर छीपा, खुमान माली, ललित हिंगड, दिनेश भट्ट, मोनू बया, देवेंद्र छिपा, कुंदन रेगर, मोनू जोशी, किशन माली, ओम प्रकाश सेन, मनोज माली, किशन नाई, हिम्मत प्रजापत आदि जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित आकोला नगर मंडल शंकर साहु का भव्य स्वागत किया।

आकोला में श्रदालुओं द्वारा कलश यात्रा निकाली संस्कार भागवत का शुभारंभ हुआ

आकोला। सामुहिक 551 तुलसी सालिग्राम विवाह एवं संस्कार भागवत का आयोजन को लेकर बुधवार को कलश शोभा यात्रा निकाली गई। विश्व हिन्दू सनातन धर्म रक्षा संघ व श्री राम सेवा संस्थान गौ शाला एव संस्कार आश्रम निंबाहेड़ा के संस्थापक गौ भक्त पण्डित संत राधेश्याम सुखवाल के सानिध्य में सैकड़ो महिला- पुरूषों गौभक्तों, श्रदालुओं ने कलश यात्रा चारभुजा मंदिर से प्रारंभ हुई जो बैंड बाजा- डीजे के साथ मुख्य मार्ग अखाड़ा चौक, मालियो का मंदिर, बुनकर मोहल्ला, नीम चौक, रंगीला चौक होते हुए कलश यात्रा का जुलुस गंतव्य स्थान पटवा समाज वाटिका में पहुंचे। यहां वाटिका में विश्व हिन्दू सनातन धर्म रक्षा संघ व श्री राम सेवा संस्थान गौ शाला एव संस्कार आश्रम निंबाहेड़ा के संस्थापक गौ भक्त पण्डित संत राधेश्याम सुखवाल द्वारा संस्कार भागवत का आयोजन हुआ।अंत में प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सा.नि.वि. जिला खण्ड प्रथम, उदयपुर
पी.डब्ल्यू.डी. केम्पस प्रथम तल गुलाब बाग रोड, नियर पॉवर हाउस उदयपुर - 313001
E Mail:- xenddiudaipur.pwd@rajasthan.gov.in
Email:- eedd1pwdudaipur@gmail.com दूरभाष नम्बर 0294-2428933

क्रमांक :- 1481 दिनांक :- 01.01.2025

NIT No. 14/2024-25
Notice Inviting Bid

Bids for "Various Road's & Building Construction, Renewal, Strengthening Works in various schemes in District Udaipur (Raj.) are invited from interested bidders upto 6.00 PM, Dated 09.01.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://erpc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the Rajasthan and http://pwd.rajasthan.gov.in website. The approximate value of the procurement is Rs.65.00 Lacs.

NIB :- PWD2425A3578

1.UBN NO : PWD2425WSOB12999
2.UBN NO : PWD2425WSOB13000
3.UBN NO : PWD2425WSOB13001
4. UBN No : PWD2425WSOB13002
5. UBN NO : PWD2425WSOB13003
6. UBN NO : PWD2425WSOB13004

(Ashok Kumar Upadhyay)
Executive Engineer
Public Works Department
Distt Dn I Udaipur

DIPR/C/206/2025

उदयपुर विकास प्राधिकरण, राजस्थान

No. :- F-2(01)Acct/Contract/2024-25/228 - 230 Date : 07/01/2025

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या : 61/2024-25

उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर द्वारा निम्नलिखित कार्यो मय डिफेक्ट लाईबिलिटी अवधि के लिये जो कि निविदा प्रपत्र में अंकित है के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :–

निविदा कार्यो की कुल लागत	:	रूपये 74.51 लाख (01 कार्य)
ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड / अपलोड करने की अवधि	:	08.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 14.01.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
Online EMD, Tender Fee & Processing Fee जमा कराने की तिथी	:	08.01.2025 को प्रातः 10.00 बजे से 14.01.2025 को सांयः 6.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथी	:	15.01.2025 को प्रातः 11.00 बजे

विस्तृत विवरण वेबसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitudaipur, www.eproc.rajasthan.gov.in व www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

UBN No. : ITU2425WSOB00425

अधिशाषी अभियन्ता - विद्युत
उदयपुर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/24/10008

सम्पादकीय

आधी-अधूरी शिक्षा

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन-यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022-23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023-24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें।

दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे दौर में जब ऑनलाइन पढ़ाई का खासा जोर है तो ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से कैसे मुकाबला कर पाएंगे? प्रतिस्पर्धा के इस दौर में उनका क्या भविष्य होगा? विडंबना यह है कि वंचित समाज व कमजोर वर्ग के परिवारों में बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी हैं, जिनके पास न तो कंप्यूटर है और न ही स्मार्ट फोन। दरअसल, उनके परिवारों के जीवन यापन का संघर्ष इतना बड़ा है कि कंप्यूटर व स्मार्ट फोन उनकी प्राथमिकता नहीं बन सकते। चिंता की बात यह है कि निम्न मध्यवर्गीय लोग तो निजी स्कूलों की ओर तेजी से रुख कर रहे हैं, लेकिन कमजोर वर्ग के विद्यार्थी कहां जाएंगे? दरअसल, मौजूदा दौर में सिर्फ साक्षरता से खुश नहीं हुआ जा सकता, जरूरत गुणवत्ता की शिक्षा की भी है। ताकि स्कूल से निकलकर विद्यार्थी देश-दुनिया के साथ कदमताल कर सकें। मंथन इस बात को लेकर भी होना चाहिए कि क्यों लाखों बच्चे स्कूलों की दहलीज तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। आखिर क्यों छात्र स्कूल में दाखिला लेने के बाद पढ़ाई बीच में छोड़कर जा रहे हैं? शिक्षा का अधिकार तभी सार्थक होगा जब सामाजिक विसंगतियां दूर होंगी। यहां सवाल स्कूलों में शिक्षकों व छात्रों के अनुपात का भी है। यह ठीक है कि स्कूलों के भवनों के स्तर में सुधार हुआ है, स्कूलों में बिजली, पानी व जेंडर अनुकूल शौचालय बने हैं। लेकिन हमारी प्राथमिकता केवल स्कूलों में संरचनात्मक विकास ही नहीं होना चाहिए, बल्कि शैक्षिक वातावरण भी बच्चों की पढ़ाई के अनुकूल होना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

पंचकर्म शिविर का समापन

उदयपुर (पुकार)। राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में आयोजित पांच दिवसीय पंचकर्म शिविर का समापन समारोह अतिरिक्त निदेशक कृपा संत, उपनिदेशक डॉ. राजीव भट्ट, डॉ. मुख्तियार सिंह और डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा के आतिथ्य में आयोजित हुआ। शिविर प्रभारी डॉ. शोभालाल औदीच्य ने बताया कि इस पंचकर्म शिविर के दौरान बड़ी संख्या में रोगियों ने लाभ उठाया और उन्होंने अपने स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार के अनुभव साझा किए। शिविर के अंतिम दिन अग्निकर्म विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। अग्निकर्म के माध्यम से दर्द संबंधी बीमारियों का उपचार कर रोगियों को त्वरित राहत प्रदान की। यह पंचकर्म शिविर आयुर्वेद की प्राचीन और वैज्ञानिक पद्धतियों को जन-जन तक पहुंचाने का एक सफल प्रयास रहा। शिविर में डॉ शैलेंद्र शर्मा, डॉ ज्योति सिंह देवल, डॉ संजय माहेश्वरी, डॉ कविता, नर्स इंदिरा डामोर, वंदना शक्तावत, रुक्मणी गायरी, कविता गुर्जर, कंचन कुमार डामोर, चंद्रेश परमार, हेमंत पालीवाल, भगवतीलाल लोधा, परिचारक गजेंद्र आमेटा, देवीलाल मेघवाल, लालूराम गमेती ने अपनी सेवाएं दी।

छात्राओं को साइकिलें वितरित

उदयपुर (पुकार)। राज्य सरकार की निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत बुधवार को राजकीय कस्तूरबा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सन 2024 में कक्षा 8 की 22 उतीर्ण छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। विधायक प्रतिनिधि कुंदन चौहान एवं राजेंद्र श्रीमाली द्वारा छात्राओं को शुभकामनाओं सहित साइकिल वितरित की गई।

उदयपुर (पुकार)। राजकीय महात्मा गांधी स्कूल पहाड़ा में कक्षा 9 की 13 छात्राओं को साइकिल वितरण कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ सीमा आमेटा, उप प्रधानाचार्य इंदु के जैन एवं कक्षा अध्यापक गजेंद्र सिंह सिसोदिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एसडीएमसी के सदस्य ललित सनाढय, ज्योति लोहार, ओमप्रकाश चित्तौड़ा, राजेश चित्तौड़ा, चेतन वैष्णव, आनंदीलाल चित्तौड़ा, जगदीश पालीवाल, भावना पालीवाल उपस्थित रहे। साथ ही छात्राओं के अभिभावक एवं समस्त विद्यालय स्टाफ भी उपस्थित रहा।

माही महोत्सव पर 27 से 30 तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम

बांसवाड़ा (पुकार)। जिले में चार दिनों तक आयोजित होने माही महोत्सव को रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से मनाने के लिये प्रशासन ने युद्धस्तर पर तैयारियां प्रारंभ कर दी है। जिला प्रशासन, नगर परिषद् और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 27 से 30 जनवरी माही महोत्सव के तहत अलग-अलग दिवस के आयोजन तय कर लिये गये हैं। जिला कलक्टर डॉ. इन्द्रजीत यादव ने बताया कि 27 जनवरी को दोपहर 3 बजे कुशलबाग मैदान से शोभायात्रा निकाली जाएगी वहीं सायं 6 बजे कागदी घाट पर दीपदान का कार्यक्रम होगा। इसी प्रकार 28 को दोपहर 2 से 4 बजे तक नगर परिषद् कॉम्पलेक्स हॉल में चित्रकला प्रतियोगिता, सायं 7 बजे कुशलबाग मैदान में लेजर शो और रात्रि 8 बजे से कुशलबाग मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमें बॉलीवुड गायक भाग लेंगे, 29 जनवरी को विभिन्न समाज के स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 7 बजे से कुशलबाग मैदान से रन फॉर माही, सायं 6 बजे डायलाब तालाब घाट पर दीपदान और रात्रि 8 बजे से कुशलबाग मैदान में शहर की महिला समितियों द्वारा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे गेमन पुल माही माता मंदिर पर माही माता पूजन, प्रातः 11.30 बजे से गेमन पुल पर नौका दौड़ प्रतियोगिता होगी वहीं सायं 4 से कुशलबाग मैदान में शहर की महिला समितियों द्वारा महिला पारम्परिक परिधान पर आधारित फैशन शो, सायं 7 बजे कुशलबाग मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जिसमें बॉलीवुड गायक भाग लेंगे तथा रात्रि 9.30 बजे कुशलबाग मैदान में ही ड्रॉन शो का आयोजन किया जाएगा।

यह रहेंगे अन्य आकर्षण

माही महोत्सव के तहत जगमेरू हिल/आला बरोड़ा पर पैराग्लाईडिंग का कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में माही महोत्सव को लेकर बैठक हुई। जिसमें 27 से 30 जनवरी तक होने वाले भव्य कार्यक्रमों को लेकर विभागवार जिम्मेदारी सौंपी गई। उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने परिवारजनों के साथ कार्यक्रम में भाग लेने एवं अन्यों को भी इसके लिये प्रेरित करने की अपील की।

शिक्षक संघ अंबेडकर का राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन सीकर में

बांसवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ अंबेडकर के बाबा खिवादास महाविद्यालय सीकर में 17 व 18 जनवरी को होने वाले राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को लेकर ब्लॉकवार तैयारियां की जा रही है। जिलाध्यक्ष वालजी अड़ ने बताया कि सम्मेलन में जिले के प्रत्येक ब्लॉक से शिक्षक भाग लेंगे। बागीदौरा ब्लॉक अध्यक्ष दिनेशचंद्र चरपोटा, घाटोल रामलाल मईड़ा, कुशलगढ़ मदनसिंह, आनंदपुरी लालसिंह देवतरा, गनोड़ा बापूलाल डॉकी, बांसवाडा राजेंद्र कुमार डोडियार, छोटी सरवन शंकरलाल मईड़ा, अरथुना इंद्रजीत कतीजा, गांगड़तलाई शिवलाल गरासिया, देवेंद्र कतीजा, बंसीलाल डिंडोर, मनोहरलाल चौहान, प्रभुलाल सिंघाड़ा, पवन कुमार डामोर, नटवरलाल यादव आदि को जिम्मेदारी देकर सदस्य संख्या बताने के निर्देश दिए हैं। जिला महामंत्री मणिलाल यादव ने मौसम को देखते हुए व्यवस्था लेकर प्रस्थान करने की हिदायत दी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन को लेकर जिला स्तरीय बैठक में रणनीति को अंतिम रूप दिया जाएगा।

130 व्यापारियों ने करवाया खाद्य रजिस्ट्रेशन

बांसवाड़ा (पुकार)। चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने शहर की नई आबादी स्थित सब्जी मंडी में प्रतिष्ठानों के खाद्य लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन हाथों हाथ बनाए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक के आदेश पर सीएमएचओ डॉ. एचएल ताबियार ने इस संबंध में निर्देश जारी किए थे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. शशीकांत शर्मा ने बताया कि खाद्य पदार्थों का व्यापार करने वाले कारोबारियों की सुविधा के मद्देनजर उनके क्षेत्र में ही हाथों हाथ पंजीकरण अथवा लाइसेंस का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नई आबादी सब्जी मंडी में 130 व्यापारियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और तीन ने लाइसेंस बनवाए। सभी आवेदकों की प्रक्रिया मौके पर ही ऑनलाइन की गई।

इसी प्रकार गुरूवार को आंबापुरा एवं शुक्रवार को दानपुर में सुबह 11 से 4 बजे तक ऑनलाइन खाद्य पंजीकरण का कार्य किया जाएगा। रिटेलर, होलसेलर, डिस्ट्रीब्यूटर, निमार्ता, दूध डेयरी, मिठाई निर्माता, होटल, रेस्टोरेंट, चाट पकोड़ी, फास्ट फूड, बेकरी, फल सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, पानी कैम्पर विक्रेता, पेटी वेंडर, अनाज विक्रेता और खाद्य पदार्थों के परिवहन करने वालों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी उम्मेदमल टेलर ने बताया कि रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड, फोटो, लाइट बिल या कोई भी पते का प्रूफ लाना अनिवार्य है। साथ ही 12 लाख से कम टर्नओवर के लिए 100 रूपए प्रतिवर्ष और 12 लाख से अधिक टर्न होने पर 2000 रूपए का शुल्क निर्धारित है। अधिकतम पांच वर्ष के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है।

गणतंत्र दिवस समारोह के लिए सौंपी जिम्मेदारी

10 विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा

बांसवाड़ा। कुशलबाग मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस को गरिमामयपूर्ण एवं हर्षोल्लास से मनाने के लिये अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में तैयारी बैठक हुई।

गोयल ने समस्त विभागों को गणतंत्र दिवस समारोह हर वर्ष की भांति हर्षोल्लास के साथ भव्य और परम्परागत रूप से आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को गणतंत्र दिवस पर इमारतों, दर्शनीय स्थलों तथा सरकारी कार्यालयों के साथ सभी प्रमुख स्थानों पर आकर्षक सजावट करने, जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र भेजने से लेकर समस्त व्यवस्थाएं यथा समारोह स्थल पर बैठने की व्यवस्था, यातायात व्यवस्थाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के साथ ही पुलिस, शिक्षा, सार्वजनिक निर्माण सहित विभिन्न संबंधित विभागाधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए अपनी-अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया कि 10 विभागों द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया जाएगा जिसके नोडल अधिकारी जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश बसेर होंगे।

इसके लिये अपने विभाग द्वारा तैयार की जाने वाली झांकी की थीम संबंधी जानकारी 16 जनवरी तक देने के निर्देश दिये गये। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में होने वाले कार्यक्रमों की रिहर्सल 15 जनवरी से कुशलबाग मैदान में होगी ।

चिकित्साधिकारी को डराने-धमकाने वाला नर्सिंग ऑफिसर गिरफ्तार

बांसवाड़ा (पुकार)। लोहारिया थाना पुलिस ने चिकित्साधिकारी को डराने- धमकाने व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने वाले वांछित नर्सिंग ऑफिसर को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि 14 दिसम्बर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पालोदा के चिकित्साधिकारी प्रभारी हिमांशु ने अपने अधीनस्थ नर्सिंग ऑफिसर गुलाबचंद कटारा व अभिषेक नितिन के खिलाफ अस्पताल की धर्मशाला में कमरा आवंटित करने की बात तो लेकर डराने-धमकाने व राजकार्य में बाधा उत्पन्न करने के संबंध में रिपोर्ट दी। जिस पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज एवं पुलिस उप अधीक्षक सुदर्शन पालीवाल वृत्ताधिकारी गढ़ी के निर्देशानुसार थानाधिकारी शिशुपाल सिंह उपनिरीक्षक के सुपरविजन में सहायक उपनिरीक्षक छगनलाल, हैड कांस्टेबल रमेशचंद्र, कांस्टेबल कैलाशचंद्र व वाड़िलाल की टीम गठित की गयी।

इस टीम ने अलग- अलग स्थानों पर दबिश दी व मुखबीर की सूचनानुसार वांछित अभियुक्त गुलाबचंद पुत्र जोरजी कटारा निवासी पाली छोटी थाना कुशलगढ़ हाल सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सीएचसी पालोदा को गिरफ्तार किया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

सल्लोपाट : 79.100 किलो गांजे की फसल बरामद

बांसवाड़ा (पुकार)। सल्लोपाट थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र के गुजरात बोर्डर स्थित पोलापाण गांव में एक खेत में गांजे की फसल पर कार्यवाही करते हुए 79.100 किलोग्राम के हरे पौधे जब्त कर खेत मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया।

थानाधिकारी देवीलाल ने बताया कि 7 जनवरी की सायं वे जाप्ते के साथ गश्त के दौरान पोलापाण गांव से गुजर रहे थे कि रोड़ के पास स्थित एक खेत में गेहूं की फसल खड़ी होकर जिसके अंदर मेड के पास-पास विचित्र किस्म के हरे पौधे नजर आ रहे थे जो संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस जाप्ते ने पास जाकर देखा तो खेत में गेहूं की फसल व मेड के बीच में गांजे के बड़े- बड़े 9 हरे पौधे जिनकी लंबाई 7 से 8 फीट होकर पौधों पर फूल व डोडिया आई हुई थी एवं बीच-बीच में कहीं- कहीं पांच छोटे-छोटे पौधे जो एक-दो फीट के भी थे।

खेत के संबंध में आस- पास के लोगों से जानकारी ली तो यह खेत महेश पुत्र हुरपाल मालीवाड़ निवासी पोलापाण के कब्जे काश्त का होना बताया गया। पास ही स्थित महेश के मकान पर तहकीकात की गयी तो ताला लगा होना पाया गया।

अभियुक्त महेश मालीवाड़ के खेत पर गांजे की खेती के संबंध में कोई अनुज्ञा पत्र नहीं मिलने से उक्त गांजे के पौधों को खेत से उखाड़कर जब्त किया गया वहीं अवैध रुप से खेत में गांजे की खेती करने पर अभियुक्त महेश के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। थानाधिकारी ने बताया कि अभियुक्त महेश फरार है जिसकी तलाश जारी है। आईजीपी एस. परिमला, पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश भारद्वाज के निर्देशन व बागीदौरा वृत्ताधिकारी संदीप सिंह के पर्यवेक्षण में पुलिस थाना सल्लोपाट की टीम ने ऐरिया डोमिशन अभियान के तहत सर्कल में सतत गश्त एवं निगरानी रखते हुए यह कार्यवाही की।

पुलिस टीम में थानाधिकारी देवीलाल, हैड कांस्टेबल प्रकाशचंद्र, कांस्टेबल शैतानराम, गणेश, सतवीर सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, युवराज व चालक कांस्टेबल महेन्द्र सिंह शामिल रहे।

304 ग्राम अफीम दूध जब्त, आरोपी गिरफ्तार

उदयपुर (पुकार)। प्रतापनगर थाना पुलिस ने देबारी क्षेत्र से आरोपी के कब्जे से तीन लाख रुपए कीमत का 304 ग्राम अवैध अफीम दूध जब्त किया। आरोपी शम्भु सिंह पुत्र भंवर सिंह निवासी नला फला देबारी ने एमपी से इसे लाकर उदयपुर शहर में सप्लाई करना स्वीकार किया है।

तलवार से डराते गिरफ्तार

उदयपुर। सूरजपोल थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर रेलवे कॉलोनी की तरफ से आने-जाने वाले रास्ते पर राहगीरों को तलवार से डराने धमकाने के आदतन अपराधी हसनेन रज्जा उर्फ मिमी निवासी रजा कॉलोनी को गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ शहर के विभिन्न थानों में कई प्रकरण दर्ज है।

3 वर्षों से फरार 15 हजार का ईनामी अपराधी गिरफ्तार

बांसवाड़ा (पुकार)। पुलिस थाना अरथूना ने तीन वर्षों से फरार 15 हजार रुपये के ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी प्रकाशचंद्र ने बताया कि 30 मार्च को प्रार्थी सुरज पुत्र मांगीलाल बंजारा निवासी हमीरपुरा थाना कलिंजरा ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में रिपोर्ट दी कि प्रार्थी ने 15 फरवरी 2022 को जरिये विक्रय अनुबंध पत्र के प्रहलाद पुत्र नाकसी मसार निवासी रेगनिया को जेसीबी मशीन 3 लाख 70 हजार रुपये व उक्त वाहन पर फाईनेंस कंपनी की 46 किश्ते जिसकी प्रति किश्त 35 हजार 199 रुपये के हिसाब से प्रतिमाह अदा की जानी सहित विक्रय किया। जिसमें अमृत कनिपा व संदेश उर्फ संदीप कनिपा गवाह बने। प्रार्थी ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व उसे फाईनेंस कंपनी से फोन आया तब पता चला कि प्रहलाद ने उक्त फाईनेंस कंपनी की बकाश किश्त जमा नहीं कराई जिस पर उसने प्रहलाद से संपर्क किया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया एवं प्रार्थी जब प्रहलाद के घर पहुंचा तो वह घर पर भी नहीं मिला।

प्रार्थी ने अमृत व संदीप से भी संपर्क किया तो उन्होंने कोई अता-पता नहीं होने की जानकारी दी।

इस प्रकार अभियुक्तगण ने उक्त विक्रय अनुबंध की शर्तों की अवहेलना करते हुए बकाया किश्त राशि का भुगतान नहीं किया एवं आरोपियों ने जेसीबी मशीन हड़पकर धोखाधड़ी की है। जिस पर भादस की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

अनुसंधान के दौरान अभियुक्त प्रहलाद व अमृत उर्फ हमतु कनिपा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया वहीं प्रकरण में अदम गिरफ्तार अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश व बिलाल की गिरफ्तारी के लिये तलाश की गयी लेकिन दोनों गिरफ्तारी से बचने के लिये अपनी सकुनत से फरार हो गये। पुलिस अधीक्षक के आदेश की पालना में अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश की गिरफ्तारी के लिये 15 हजार रुपये का ईनाम घोषित कर अभियुक्त की तलाश जारी रखी।

पुलिस द्वारा वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं एरिया डॉमिनेशन के लिये 7 से 8 जनवरी तक चलाये गये अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. राजेश भारद्वाज व गढ़ी वृत्ताधिकारी सुदर्शन पालीवाल के सुपरविजन में टीम गठित कर थाना हाजा पर धारा 299 सीआरपीसी में वांछित विगत तीन वर्षो से फरार 15 हजार के ईनामी अभियुक्त संदेश उर्फ संदीप उर्फ सुरेश पुत्र रुमाल उर्फ रुमालिया कनिपा निवासी मलापा झरियाणा थाना आसपुर जिला डूंगरपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में एसएचओ प्रकाशचंद्र, हैड कांस्टेबल खोमचंद व सतीश कुमार, कांस्टेबल महेन्द्र सिंह व मनमोहन शामिल रहे।

शराब के नशे में बाइक सहित नाले में गिरने से युवक की मौत

उदयपुर। (पुकार) डबोक थाना क्षेत्र में शराब के नशे में बाइक सहित नाले में गिर जाने युवक की मौत हो गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कैलाश (30) पुत्र पेमा गायरी निवासी दरौली मंगलवार रात आठ बजे अपने घर से निकला था और हाईवे रोड चित्तौडगढ़-उदयपुर पर शराब के ठेके के पास अनियंत्रित होकर बाइक से नाले में गिर गया। रातभर नाले में ही पड़ा रहा, सुबह लोगों ने जब उसे देखा तो दस बजे के करीब पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस बीच सूचना पर मृतक के परिवारजन भी अस्पताल पहुंच गये। एएसआई लक्ष्मणलाल ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया।

पान की दुकान से सिगरेट के पैकेट व नकदी चोरी

उदयपुर (पुकार)। हाथीपोल थाना क्षेत्र में अज्ञात चोर एक पान की दुकान का ताला तोड़कर नकदी व सिगरेट चोरी कर ले गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चेतक सर्कल पर आहूजा पान विक्रेता के भीष्म कुमार पुत्र स्व. घनश्याम लाल रामेजा निवासी कोठीबाग भट्ट जी की बाडी ने मामला दर्ज करवाया कि वह रोजाना की तरह 21 दिसम्बर की रात्रि दुकान पर ताले लगा कर दुकान बंद कर अपने घर चला गया। अगले दिन 22 दिसम्बर को सवेरे अपनी दुकान पर गया तो देखा कि दुकान का साइड वाला शटर का नकुचा टूटा मिला। अज्ञात बदमाश शटर उंचाकर गल्ले से 35 से 40 हजार रूपए नकद, विभिन्न ब्रांडो की सिगरेट के पैकेट चुरा ले गए, जिनकी किमत 1 लाख 60 हजार रूपए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आज से तीन दिन महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय में बंटेगें 25 हजार वस्त्र

उदयपुर (पुकार)। सूरजदेवी एवं भेरूलाल धाकड़ की स्मृति में 9 से 11 जनवरी तक महराणा भूपाल सार्वजनिक कि के बहिरंग विभाग के बाहर प्रातः 11 से सांय 4 बजे तक सर्दी के प्रकोप से गरीब और बीमार लोगों को बचानें हेतु ऊनी वस्त्रों का वितरण किया जायेगा। ध्रुव प्रकाश धाकड़ ने बताया कि महाराणा भूपाल चिकित्सालय में उदयपुर के आस-पास के गांवों के हजारों जरूरतमंद लोग इलाज के लिए आते हैं। उनकी इस तकलीफ को देखते हुए इस वर्ष '25000 वस्त्रों को जरूरतमंद लोगों में निःशुल्क बांटने का लक्ष्य रखा है जबकि इससे पूर्व गत माह 15000 वस्त्रों का वितरण किया गया है। इन वस्त्रों में पुरुष, महिला, बच्चों के लिए कोट,स्वेटर, जैकेट, टीशर्ट,पेंट एवं शर्ट इत्यादि शामिल है। प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे' के बीच उपरोक्त स्थान से 'अपनी पसंद के 3 कपड़े निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उदयपुर के सभी सेवाभावी लोगों से विनम्र निवेदन है कि वे इन तीन दिनों में भी भी 10 मिनिट के लिए ओर वस्त्र वितरण में सहयोग कर सकते है।

44वीं छात्रकला प्रदर्शनी के पुरस्कारों की घोषणा

उदयपुर (पुकार)। राजस्थान ललित कला अकादमी की 44वीं छात्रकला प्रदर्शनी के निर्णायक मण्डल ने राज्य के 10 छात्र-छात्राओं की कलाकृतियों को पुरस्कार योग्य घोषित किया है।

अकादमी सचिव डॉ. रजनीश हर्ष ने बताया कि इसमें जयपुर की किरण कोली की इकोज आफ ए लॉस्ट हैवन-3, अनन्या दलवी की स्ट्रींग आफ फेट, शिशुपाल पटेल की मिटोसिस, किरण तातावत की अनब्रोकन बॉण्डस, भानू प्रिया जांगिड की मेजेशियन व नताशा भारद्वाज स्पलेश ऑफ जॉय विषयक, नागौर के हेमन्त चौहान की संभवत एकीकरण-1, अजमेर की गरिमा इन्दौरा की अनटाईटिल्ड, बांसवाड़ा के निशांत श्रीमाली द मानसून, कोटा के लोकेश गुर्जर की गर्भजीवन, पर आधारित कलाकृति का चयन किया गया है। इस प्रदर्शनी हेतु राज्य भर से 208 छात्र-छात्राओं की 520 कलाकृतियां प्राप्त हुई थी जिसमें से निर्णायक मण्डल ने प्रदर्शनी के लिये 97 छात्र-छात्राओं की 117 कलाकृतियों का चयन किया। इनमें पुरस्कृत कलाकृतियां भी सम्मिलित हैं। प्रदर्शनी के उद्घाटन अवसर पर चयनित 10 छात्र-छात्राओं को दस-दस हजार रूपये के नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किये जायेंगे। निर्णायक मण्डल के सदस्य संजय सेठी, अमित कुमार एवं लक्ष्मीनारायण नागा थे।

डॉ तरुण दाधीच को पीएचडी की उपाधि

उदयपुर (पुकार)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ ने डॉ तरुण दाधीच को पीएचडी की उपाधि प्रदान की। दाधीच ने 'विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन में वृद्धि के लिए शिक्षण विश्लेषिकी ओर शैक्षिक आंकड़ा खनन का अनुप्रयोग' विषय पर शोध कार्य कंप्यूटर साइंस एंड आईटी विभाग के डॉ दिनेश श्रीमाली के निर्देशन में पूर्ण किया।

वंडर क्रिकेट मेनिया-सीजन 3 का आयोजन

निम्बाहेड़ा (पुकार)। वंडर सीमेंट लि. आर. के. नगर निम्बाहेड़ा में तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेन्ट वंडर क्रिकेट मेनिया-2024-25, सीजन - 3 का आयोजन समारोह नितिन जैन, यूनिट हेड एवं अरुणा जैन के मुख्य आतिथ्य एवं कंपनी के रोहित धवन, अमित मेहता एवं राजेंद्र शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में पाटनी पब्लिक स्कूल के खेल मैदान पर हुआ। नितिन जैन ने विजेता टीम की जीत की भावना की प्रशंसा की और कहा कि यह खिलाड़ियों की जीतने की इच्छाशक्ति है जो वंडर सीमेंट के कर्मचारियों को अलग बनाती है।

चाहे वह खेल का मैदान हो या कार्यस्थल, वंडर सीमेंट का हर कर्मचारी अपने लक्ष्यों को प्राप्त करता है। टूनार्मेंट में 16 टीमों ने भाग लिया, जिसमें 224 खिलाड़ी सहित सभी महिला कार्मिक भी शामिल थे। वंडर इगल्स टीम के स्पोंसर प्रदीप उपाध्याय, मेंटर डॉ. विश्वास जैन एवं कप्तान राहुल चौहान के नेतृत्व में टूनार्मेंट ट्रॉफी जीती, साथ ही वंडर रेंजर्स उपविजेता रही। विजेताओं, उपविजेताओं, सर्वश्रेष्ठ खेल प्रदर्शन वाले खिलाडियों को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। अंकित काबरा ने अपने बेहतरीन खेल प्रदर्शन से मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर, बेस्ट बेट्समेन एवं हाईएस्ट सिक्स का खिताब अपने नाम किया। अमृत शर्मा को बेस्ट बॉलर एवं मेन ऑफ द मैच तथा स्वाति आमेटा को बेस्ट फीमेल प्लेयर का पुरस्कार दिया गया। ह्यसभी प्रतिभागियों को अतिथियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रतिभागिता प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेन्ट में कम्पनी प्रबंधन द्वारा की गई उत्तम व्यवस्थाओं से टीम समर्थकों, दर्शकों एवं आर. के. नगर वासियों ने टूनार्मेंट का भरपूर आनन्द लिया। टूनार्मेन्ट में खेले गए हर मैच के निष्पक्ष निर्णय के लिये सक्षम निर्णायक कमेटी, स्कोरर, कमेन्टेटर सहित डी.जे. की व्यवस्था से मैदान में दर्शकों के उत्साह देखते ही बन रहा था। कपिल व्यास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन गिरीश श्रृंगी ने किय।

महाशिवरात्रि पर होगा शिव पार्

भागवत को जितनी बार सुनो उतना है कम : पंडित तिवारी

राजसमंद (पुकार)। शहर के जलचक्की पर स्थित श्री चौमुखा महादेव मंदिर में चल रही भागवत कथा में पंडित राजेंद्र तिवारी ने कहा कि भागवत कोई मनोरंजन नहीं है, यह भगवान की कथा है, इसे जितनी बार सुनो उतना ही कम है। इसलिए मनुष्य का जीवन मिला है तो भागवत का रसपान करते रहो। कथा के द्वितीय दिवस पंडित तिवारी ने देवहूति विवाह, कपिलोख्यान एवं सती चरित्र प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि गोविंद का नाम लगातार लेते रहें। इसके लिए कोई अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं है, यह तो आप अपने कर्म करते हुए भी कर सकते हैं क्योंकि दुनिया में कब किसकी सांस पूर्ण हो जाए कहा नहीं जा सकता इसलिए

समय रहते नाम स्मरण करते रहें। उन्होंने कहा कि आज के समय में तेरा मेरा भेदभाव और बुराई को लेकर लोगों में काफी दुराव है। अगर कोई आपके साथ भेदभाव या बुराई करता है तो आप उससे बदला लेने का नहीं सोचें क्योंकि गलत कार्य करने वाले को उसकी सजा देने का काम प्रभु ने स्वयं अपने पास रखा है, उन पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि जब तक आपका जीवन है तब तक तेरा और मेरा चलता रहेगा क्योंकि मनुष्य माया के बंधन में फंसा है। जीव ही माया है और माया भगवान के वश में है इसलिए माया भगवान को नहीं जा कर सकती बल्कि उसने जीव को जकड़ रखा है। कलयुग केवल नाम अधारा, अर्थात कलयुग में केवल प्रभु श्री का नाम जपना ही पर्याप्त है। सतयुग में तो कठोर तपस्या करनी पड़ती थी, लेकिन कलयुग में केवल नाम जपने से ही आपका बेड़ा पार हो जाएगा। भागवत कथा अमृत के समान है इसलिए इस अमृत का रसपान जब भी समय मिले करते रहें। कथा के प्रारंभ में कथा अधिष्ठाता दिनेशचंद्र तेली, ज्योति व परिवार के साथ ही श्रद्धालुओं ने भागवत की आरती उतारी।

भजनों से भक्तिमय हुआ माहौल

कथा के दौरान प्रसंग के अनुसार प्रस्तुत किए गए भजनों से माहौल भक्तिमय हो गया। इसके तहत भज राधे गोविंदा, बंदे भज राधे गोविंदा, श्री राम जय राम जय जय राम, कुछ दिन की तेरी जिंदगानी राम भज ले ओ प्राणी एवं मूरख बंदे क्या है जग में तेरा जैसे भजनों की प्रस्तुति पर श्रद्धालु भक्ति नृत्य किए बिना नहीं रह पाए।

बडा पालीवाल समाज की प्रथम खेलकूद प्रतियोगिता सम्पन्न

राजसमंद (पुकार)। श्री एकलिंगनाथ पालीवाल सेवा संस्थान राजसमन्द के बेनर तले प्रथम 15 वर्ष तक के बालको की खेलकूद प्रतियोगिता जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गणेश नगर जावद के समाज बंधुओं के आथित्य में पालीवाल समाज भवन में सम्पन्न हुई। संस्थान के सचिव एडवोकेट भरत पालीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ अथितियों ने श्री एकलिंगनाथ भगवान के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। खेलकूद प्रतियोगिता मे बालक-बालिकाओं ने जोश व उत्साह के साथ भाग लिया। जूनियर वर्ग 50 मीटर में मितांग पालीवाल प्रथम तथा आराध्य पालीवाल द्वितीय, गोला फेंक में प्रशांत प्रथम तथा जयन्त पालीवाल द्वितीय, बोरी दौड में प्रशांत पालीवाल प्रथम तथा विराट पालीवाल द्वितीय, चम्मच रेस में जयंत पालीवाल प्रथम तथा प्रशान्त पालीवाल द्वितीय, चित्रकला में रितिषा पालीवाल प्रथम तथा निर्मित पालीवाल द्वितीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार सीनियर वर्ग 50 मीटर दौड में

विहान पालीवाल प्रथम तथा भव्य पालीवाल द्वितीय, 100 मीटर दौड़ में जय पालीवाल व देवांशी पालीवाल प्रथम तथा अंश पालीवाल व वैदिका पालीवाल द्वितीय, 100 मीटर बाधा दौड़ में कुशाग्र पालीवाल व चारुल पालीवाल प्रथम तथा वैदांत पालीवाल व देवांशी पालीवाल द्वितीय, गोला फैंक में ध्रुव पालीवाल व वैदिका पालीवाल प्रथम तथा कौटिल्य पालीवाल व देवांशी पालीवाल द्वितीय, बोरी रेस में वैदांत पालीवाल प्रथम तथा मेहुल पालीवाल द्वितीय, चम्मच रेस में कुनाल पुरोहित प्रथम तथा हिमांशु पालीवाल द्वितीय, चित्रकला में लक्षिता पालीवाल प्रथम तथा हिरल पालीवाल द्वितीय, रंगोली में मोनल पुरोहित प्रथम तथा लक्षिता पालीवाल द्वितीय, कविता वाचन में दृष्टि पालीवाल प्रथम तथा जर्नेश पालीवाल द्वितीय, मेहंदी में रोनक पुरोहित प्रथम तथा दृष्टि पालीवाल द्वितीय, गुब्बारा फोडना में चार्वी पालीवाल प्रथम तथा विराट पालीवाल व जय पालीवाल द्वितीय रहे। गोला फेंक पुरुष वर्ग में बसंत पालीवाल प्रथम तथा भंवरलाल पालीवाल द्वितीय, गोला फेंक महिला वर्ग में निकिता पालीवाल प्रथम तथा कृतिका पालीवाल द्वितीय रही। प्रत्येक प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता का चयन किया गया। विजेता का चयन बालक-बालिका वर्ग में अलग-अलग रहा जिसमें सिनियर वर्ग व जूनियर वर्ग इस प्रकार दो श्रैणिया तय की गई। प्रतियोगिता के विजेता व उपविजेता को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में उदयपुर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता राजसमन्द टीम के खिलाड़ियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिनेश पालीवाल, नरोत्तम पालीवाल, भगवतीलाल पालीवाल, प्रकाश पालीवाल, दिलीप पालीवाल, दिनेश पुरोहित, दिपेश पालीवाल, प्रणय पुरोहित, चिराग पालीवाल, बसंत पालीवाल, निर्भय नारायण पुरोहित सहित सहित समाजजन मौजूद थे।

कांग्रेस पार्टी संविधान में आस्था नहीं रखती : विधायक दीप्ति

राजसमंद(पुकार)। विधायक दीप्ति माहेश्वरी ने कांग्रेस पार्टी और उसके गठबंधन सहयोगियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वें संविधान में आस्था नहीं रखते हैं। उन्होंने तमिलनाडु विधानसभा में राष्ट्रगान गायन की परंपरा को बंद करने की घटना को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस गठबंधन संविधान का सम्मान करने में विश्वास नहीं करता। विधायक ने कहा कि राष्ट्रगान का अपमान करना, राष्ट्र का अपमान करने के समान है। यह कदम कांग्रेस गठबंधन की असंवैधानिक सोच और राष्ट्रविरोधी मानसिकता को दर्शाता है। यह न केवल हमारे संविधान की अवहेलना है, बल्कि यह भारत की एकता और अखंडता पर भी चोट पहुंचाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि विश्व स्तर पर भारत के बढ़ते प्रभाव और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती शक्ति से कांग्रेस पार्टी के शाही परिवार में गुस्सा है। इसी कारण कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार प्रधानमंत्री के प्रति शत्रुता और द्वेषभाव से भरा हुआ है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री

दीप्ति माहेश्वरी, विधायक

मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व स्तर पर एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। यह बात कांग्रेस और उसके सहयोगियों को सहन नहीं हो रही है और इसी कारण वे राष्ट्रहित के मुद्दों को नजर अंदाज कर अपनी स्वार्थी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे दलों से सावधान रहने की आवश्यकता है जो संविधान और राष्ट्र की भावना के विरुद्ध काम करते हैं।

भाजपा जिले के 12 मंडल अध्यक्ष निर्वाचित

राजसमंद (पुकार)। भाजपा के संगठन पर्व के तहत बुधवार को जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रतिनिधियों का निर्वाचन किया गया है। जिला मुख्य निर्वाचन अधिकारी मेहन्द्र बोहरा ने बताया कि भाजपा जिला संगठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान, जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ, सह चुनाव प्रभारी भंवरलाल शर्मा, नन्दलाल सिंघवी के मार्गदर्शन में प्रदेश संगठन पर्व कमेटी एवं प्रदेश चुनाव अधिकारी के निर्देशानुसार भाजपा के निम्न मंडल अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों का सर्व सम्मति से निर्वाचन किया गया। जिसमें नाथद्वारा विधानसभा नगर मंडल प्रवीण जोशी, खमनोर मण्डल मदनसिंह परमार, देलवाड़ा मण्डल जितेंद्रसिंह राणावत, कोठारिया मण्डल हरदयाल सिंह चौहान, रेलमंगरा मण्डल अम्बालाल जाट, भीम विधानसभा भीम मण्डल

चापसिंह रावत, देवगढ़ नगर मण्डल गोविन्द कंसारा, राणा कुम्भा मण्डल किशन गुर्जर, कुम्भलगढ़ विधानसभा सरदारगढ़ मण्डल कैलाशचन्द्र सुथार की घोषणा की गई। इसी प्रकार मण्डल प्रतिनधि पर शिवचरण सिंह, संजयसिंह बाहरठ, सीपी धींग, रिछपालसिंह, प्रहलाद शर्मा, जनकसिंह देवड़ा, रमन कंसारा, प्रवीणसिंह चौहान, कोमल सोनी, प्रतापसिंह रावत, नर्बदा शंकर पालीवाल एवं मोतीसिंह रावत की घोषणा हुई। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी मेहन्द्र बोहरा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह : डीटीओ ने विद्यार्थियों को दिलाई सड़क सुरक्षा की शपथ

नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

राजसमंद (पुकार)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 का आयोजन 01 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को जिला परिवहन अधिकारी डॉ कल्पना शर्मा ने एसआरके कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता के पेम्पलेट वितरित किए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और हेलमेट एवं सीट बेल्ट जैसे सुरक्षा उपायों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि हेलमेट न केवल दुपहिया वाहन चालकों के लिए बल्कि पीछे बैठने वाले यात्रियों के लिए भी अनिवार्य है। हेलमेट के साथ चिन स्ट्रैप का उपयोग दुर्घटनाओं के दौरान सिर पर चोट लगने की संभावना को 70 प्रतिशत तक कम करता है। प्राचार्य प्रो सुमन बडौला ने

विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एनएचएआई और परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वाहन चालकों के लिए नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 111 वाहन चालकों की जांच की गई। इस दौरान टोल प्लाजा मैनेजर अमित विनायक इंदूलकर और सुजित वर्मा ने भी सड़क सुरक्षा के महत्व पर बल दिया और जागरूकता सामग्री वितरित की। सड़क सुरक्षा माह का उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना और नागरिकों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करना है।

संक्षिप्त समाचार

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला उपशाखा की मासिक बैठक सम्पन्न

राजसमंद(पुकार)। राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) जिला उप शाखा की मासिक बैठक महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूल राजनगर में उपशाखा अध्यक्ष रामेश्वरलाल गुर्जर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिला संगठन मंत्री कल्पना खंडेलवाल ओर जिला मंत्री सुजीत त्रिपाठी के सानिध्य में सम्पन्न बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के प्रदेश स्तरीय सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने पर चर्चा हुई। उपशाखा मंत्री अरुण प्रजापत ने बताया कि शिक्षक संघ राष्ट्रीय का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन 17 से 18 जनवरी 2025 को सांवरिया जी, चित्तौड़गढ़ में आयोजित होगा। जिसमें राजसमंद से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता एवं सदस्य भाग लेंगे। इस दौरान वरिष्ठ सदस्य ईश्वरसिंह कुंपावत, लक्ष्मी नारायण पालीवाल, उपसभाध्य शिवदास वैरागी एवं विक्रम देवल, भावना पालीवाल, चंद्रशेखर ठाकुर, भागचंद खटीक, श्रवणसिंह, किशन खत्री, दिनेश शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

राजसमंद के सात गुरुजनों का अलवर में होगा सम्मान

राजसमंद(पुकार)। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जिले में श्रेष्ठ कार्य करने वाले गुरुजनों का पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट सेवा शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में जिले के शिक्षकों का चयन जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा के नूतन प्रकाश जोशी की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक आयोजित हुई। जिसमें राउमावि प्रधानाचार्य भावा सीमा गहलोत, प्राध्यापक विशाल श्रीमाली राउमावि अकोदडा (नाथद्वारा), गोविंदलाल पालीवाल वरिष्ठ अध्यापक राउमावि लिकी (आमेट), अध्यापक रामेश्वरलाल जीनगर राबाउप्रावि देवगढ़, अध्यापक पूरन प्रकाश टेलर राउमावि दसानों की भागल (कुंभलगढ़), अध्यापक डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा राउप्रावि सुनार कुड़ी (भीम), शारीरिक शिक्षक शंकरलाल मेनारिया राउमावि खटुकडा (रेलमगरा) का इस सम्मान के लिए चयन हुआ। गायत्री शक्तिपीठ के व्यवस्थापक गिरजा शंकर पालीवाल ने बताया कि इन सातों गुरुजनों का सम्मान गायत्री शक्तिपीठ करौली कुंड अलवर में 12 जनवरी को प्रातः 9 बजे किया जाएगा। साथ ही जिले से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में काजल पुत्री नाथूसिंह कक्षा 5वीं राप्रावि आच्छी बावड़ी नेडच नाथद्वारा ने राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने एवं मुस्कान कुमार पुत्री महेंद्रसिंह कक्षा 6 ज्ञान सरोवर उप्रावि बड़ा खेड़ा भीम ने राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त कर राजसमंद का गौरव बढाया है। इन्हें भी अलवर में सम्मानित किया जाएगा।

आरके जिला चिकित्सालय में आयुष्मान आरोग्य शिविर कल

अनंता के सहयोग से मिलेगी कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजिस्ट सहित कई स्पेशलिटी चिकित्सा सेवाएं

राजसमंद (पुकार)। राजस्थान सरकार द्वारा आमजन को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए पूरे प्रदेश में पंचायत से जिला स्तर पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाकर वृहद स्तर पर सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी क्रम में आरके राजकीय जिला चिकित्सालय में शुक्रवार को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक यह शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अनन्ता मेडिकल कॉलेज के विभिन्न सुपर स्पेशिलिस्ट जिसमें कार्डियोलॉजिस्ट, यूरोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट, ग्रेस्ट्रोएन्ट्रोलॉजिस्ट एवं ऑन्कोलॉजिस्ट के साथ ही आरके चिकित्सालय के विशेषज्ञ चिकित्सक जिसमें जनरल सर्जन, फिजिसीयन, अस्थिरोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, दन्त विशेषज्ञ, चर्म रोग विशेषज्ञ, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ, नैत्र रोग, स्त्री एवं प्रसुती रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग के साथ-साथ आयुवेर्दिक एवं होम्योपेथिक विशेषज्ञ द्वारा अपनी-अपनी विशेषज्ञ सेवाएं दी जाएगी। साथ ही विभिन्न जांचे, दवाईयां व चश्में निःशुल्क वितरित किए जाएंगे। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ रमेश कुमार रजक ने बताया कि इस शिविर में आमजन को राज्य सरकार की विभिन्न प्रकार की विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन पीएमजेएवाई, ई-केवाईसी, आभा आईडी, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

गोरक्षक गौशाला में नानी बाई रो मायरो कथा सुरभि महायज्ञ अनुष्ठान 11 से

राजसमंद(पुकार)। जिला मुख्यालय के समीपवर्ती सनवाड़ में स्थित गोरक्षक गौशाला में नानी बाई रो मायरो कथा एवं शुभ महायज्ञ का चार दिवसीय अनुष्ठान आगामी 11 जनवरी से आयोजित किया जाएगा। गौशाला संस्थान के अनुसार कार्यक्रम के तहत पहले दिन 11 जनवरी को शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके बाद 12 से 14 जनवरी तक साध्वी आराधना गोपाल सरस्वती के श्रीमुख से तीन दिवसीय नानी बाई का मायरा कथा का आयोजन होगा। वहीं 14 जनवरी को मकर संक्रांति पर सुरभि महायज्ञ का आयोजन भी किया जाएगा। अनुष्ठान को लेकर संस्थान के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंप कर तैयारी शुरू कर दी गई है।

धंबोला पुलिस ने स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

सीमलवाड़ा(पुकार)। सीमलवाड़ा जेएम कोर्ट में प्रकरण आबकारी एक्ट में फरार आरोपी को धंबोला पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि आबकारी एक्ट में फरार आरोपी सरथूना निवासी कल्पेश पुत्र भरत डामोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में हैड कांस्टेबल गिरधारीलाल, निवास, शंभूसिंह ओर दीपेश शामिल है।

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में उमड़ रही है ग्रामीणों की भीड़

लाभार्थी शिविर मे पहुंच के चिकित्सा विभाग की विभिन्न योजनाओं का उठा रहे है लाभ

डूँगरपुर (पुकार)। जिले में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों में ग्रामीणों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए ग्रामीण भारी तादाद में शिविर का लाभ उठा रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों के आयोजन किया जा रहे हैं। मंगलवार को सीएचसी मे पुराना अस्पताल डूँगरपुर, गामडी आहडा, व गैंजी पीएचसी मे जेठाना व देवडाबडा पर शिविर का आयोजन किया गया। वही शुक्रवार 10 जनवरी को सीएचसी गलियाकोट व बिछिवाड़ा, पीएचसी पादड़ी बडी मे शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में 20 हजार से अधिक लोगो ने लिया स्वास्थ्य सेवाओ का लाभ

सीएमएचओ डॉ अलंकार गुप्ता ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के हितों के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिवरों के आयोजन किए जा रहे है। उन्होंने बताया चिकित्सा विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर लगाये जा रहे हैं। चिकित्सा विभाग के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर इलाज किया जा रहा है। डॉ गुप्ता ने बताया कि

षिविर मे 37 प्रकार की जांच सुविधा निशुल्क उपलब्ध की जा रही है। जिसमे जिले भर में अब तक 59 कैंप आयोजित हुए है जिसमे लगभग 20 हजार से अधिक लोगो ने षिविर पहुच कर स्वास्थ्य सेवओ का लाभ लिया है। जिसमे निःशुल्क दवा योजना से 18549 को लाभांवित किया गया, 1535 गर्भवती महिलाओ की प्रसर्व पूर्व जांच की गई व 530 गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण किया गया,11435 की बीपी की जाचं की गई जिसमे 2037 सत्रीनिंग के दौरान पॉजिटिव रहे 9797 की ओरल कैंसर की स्त्रीनिंग की गई जिसमे 57 ओरल कैंसर से सम्भावित रहे, 4457 ब्रेस्ट कैंसर की स्त्रीनिंग की जिसमे 127 सम्भावित रहे 2231 की टीबी सम्भावित मरीजों की जांच की गई जिसमे 63 पॉजिटिव रहे। उन्होंने बताया कि शिविर के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। गर्भवती महिलाओं की 15 प्रकार की निःशुल्क जांच की जा रही है। महिलाओं का वजन माप कर बीपी और शुगर लेवल भी चेक किया जा रहा है। स्वास्थ्य के मुताबिक मेड़िसन दी जा रहा है। इसके अलावा नेत्र विशेषज्ञ एवं दंत विशेषज्ञों द्वारा भी शिविर में मरीजों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। आयुष विभाग की भी टीम शिविर में काम कर रही है। सभी प्रकार के रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप निःशुल्क जांच एवं दवाएं वितरित की जा रही है। आयुष्मान आरोग्य शिबिर के अंतर्गत उच्च स्तरीय मरीजों को सेवाएं दी जा रही है।

सड़क किनारे लहूलुहान हालत में मिला युवक का शव

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, जांच में जुटी चितरी थाना पुलिस

डूंगरपुर(पुकार)। सड़क किनारे एक युवक का लहूलुहान शव मिलने से डूंगरपुर के चितरी थाना क्षेत्र के किशनपुरा गांव के पास सनसनी फैल गई। युवक कल मंगलवार रात को अपने घर से निकला था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चितरी थानाधिकारी ने बताया कि, निलेश ताबियाड़ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता फकीरा ताबियाड़ मंगलवार रात को खाना खाकर घर से निकले थे। जो कि वापस नहीं आए। वहीं बुधवार सुबह उनका शव किशनपुरा दिवड़ा रोड़ पर टावर के पास सड़क पर लहूलुहान हालत में पड़ा हुआ था। उनके सिर और शरीर पर चोंट के निशान थे। उनके पास उनका पर्स, मोबाइल और जूते भी नहीं थे। घटना की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को मौके से उठवाकर सागवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। मृतक के पुत्र ने अपने पिता की हत्या कर शव सड़क पर फेंकने की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

धंबोला सीनियर स्कूल के बच्चों को साइबर क्राइम की दी जानकारी

सीमलवाड़ा(पुकार)। रेवाशंकर पंड्या राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धंबोला में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान डीएसपी राजकुमार राजोरा ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से बचाव के तरीकोंए यातायात नियमों की पालना तथा किसी भी प्रकार के नशा से दूर रहने बारे जागरूक किया। साइबर क्राइम की घटनाओं को रोकने तथा आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए धंबोला पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आमजन को साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत जानकारी देकर साइबर क्राइम के प्रति विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थानों पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात नियमों का पालन करने व साइबर अपराधों के प्रति सजग करने के उद्देश्य से स्कूल में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एसपी डूंगरपुर मोनिका सेन के दिशा निर्देशानुसार जिला के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों तथा सार्वजनिक स्थानों पर विद्यार्थियों तथा आम लोगों को नशा के दुष्प्रभाव व साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्कूल में आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम के दौरान छात्र छात्राओं को साइबर अपराधियों द्वारा अपनाए जाने वाले ठगी के तौर.तरीकों तथा उनसे बचाव व सुरक्षा के लिए आवश्यक सावधानियां रखने

बारे जागरूक किया गया। इस अवसर पर डीएसपी राजकुमार राजोराए धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान की मौजूदगी में स्कूल प्रिंसिपल रमेश चंद्र रोत सहित स्टाफमौजूद रहा।

धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने जानकारी देते हुए विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफके सदस्यों को किसी भी सूरत में अपने बैंक खाता से संबंधित कोई भी जानकारी अथवा पासवर्ड या ओटीपी इत्यादि को किसी से भी शेयर ना करने, किसी के कहने पर कोई भी ऐप डाउनलोड ना करने, लोन के संबंध में कोई भी एप्लीकेशन डाउनलोड ना करने, ओलेक्स पर कुछ भी सामान खरीदने या बेचने की सुरत में रुपये प्राप्त करने या देने वाले लिंक पर क्लिक न करने, किसी अनजान के कहने पर कोई भी ऑनलाइन ट्रांजैक्शन न करने, किसी भी अनजान नंबर से आई वीडियो कॉल को रिसीव ना करना तथा साइबर अपराध से सुरक्षा के अन्य तौर-तरीकों बारे जागरूक किया। उपरोक्त के अलावा उन्होंने आव्हान करते हुए कहा गया कि अनजान नम्बर से व्हाट्सएप वीडियो कॉल को रिसीव ना किया जाए। फेसबुक पर अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट नही करनी। अनजान फोन कॉल आने पर कोई व्यक्तिगत जानकारी शेयर ना करने बारे सजग किया गया। व्हाट्सएप या ईमेल पर अज्ञात नंबर से आए संदिग्ध किसी भी लिंक को ओपन ना किया जाए। उन्होंने साइबर अपराधों से सतर्क रहने के साथ.साथ यातायात नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया। साइबर जागरूकता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। साइबर क्राइम तथा यातायात नियम का पालन करने के प्रति विद्यार्थियों व आम लोगों को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है।

पोस्टर का विमोचनः-

साइबर फ्रोड के तरीके और बचाव को लेकर पुलिस की ओर से एक पोस्टर का विमोचन किया गया। धंबोला थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान ने बताया कि आमजन को साइबर ठगी से बचाव को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सीमलवाड़ा पुलिस चौकी में बुधवार शाम को थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान के नेतृत्व में सीएलजी सदस्यों को जानकारी दी गई। पोस्टर का विमोचन करते हुए साइबर फ्रोड के तरीके और बचाव की जानकारी दी गई है। जिसमें फाइनेंस बैंकिंग फ्रोड, फर्जी लोन ऐप, साइबर बिलिंग, स्टॉकिंग, ऑनलाइन गेमिंग सहित की पोस्टर में जानकारी दी गई है।

इस दौरान जगदीश पंड्या, राजेश प्रजापत, हबीब फूमती, कुंदन सिंह चौहान, संजय भोई, भीखा भाई साबलिया, हैड कांस्टेबल विवेक लबाना सहित मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें...

ड्रॉप रोबॉल राजस्थान ने जीता स्वर्ण पदक

भीलवाड़ा। 14वीं राष्ट्रीय स्तरीय सब जुनियर - जुनियर ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता 4 से 8 जनवरी तक बिहार के पटना में आयोजित हुई। भारतीय ड्रॉप रोबॉल संगठक एवं ड्रॉप रोबॉल राजस्थान एसोसिएशन सचिव लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने बताया कि जुनियर बालिका वर्ग में खेलते हुए राजस्थान टीम की गंगा सुवालका, लक्ष्मी मेघवाल मुस्कान खारोल ने चौलेंज इवेंट में स्वर्ण पदक जीता ट्रिपल वर्ग में कविता सालवी, यश राठौड़, आरसी, भावना प्रजापत,भावना तेली, शिवानी मंडल ने रजत पदक जीता, जुनियर डबल वर्ग में कर्णिका प्रजापत, कोमल बैरवा, राधा रानी, खुशी साहू ने रजत पदक जीता। इस प्रकार खेल के हर क्षेत्र सिंगल,डबल ट्रिपल वर्ग में राजस्थान टीम ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए झंडे गाढ़े समापन सत्र में मुख्य अतिथि भारत सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री रामकृपाल यादव रहे और उन्होंने सभी विजेताओं को सम्मानित किया। ओर उन्होंने कहा कि ऐसे स्वदेशी खेल को जरूर बढ़ावा मिलनी चाहिए ये ऐसा खेल जो बिना किसी विशेष संसाधन के भी आसानी से खेल जा सकता है, बिहार के ग्रामीण क्षेत्र जो गरीब और पिछड़े हे वहा के बालक बालिका भी ये खेल आसानी से खेल सकते हैं में इसे बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रारंभ कराऊंगा। भारतीय ड्रॉप रोबॉल संघ के संघटक लक्ष्मण सिंह राठौड़ ने कहा कि अपने देश अपनी माटी का स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, वो दिन दूर नहीं जब गली गली अपना स्वदेशी खेल ड्रॉप रोबॉल खेला जाएगा।

पेच के बालाजी मंदिर में मनाया पोष बड़ा महोत्सव, चढ़ाया ऊनी चोला

भीलवाड़ा। शहर के सूचना केंद्र चौराहा, बालाजी मार्केट स्थित पेच एरिया बालाजी मंदिर में मंगलवार देर शाम पोष बड़ा महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव के तहत बालाजी महाराज और राम दरबार को पोष बड़े और सूजी के हलवे का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, बड़ी संख्या में भक्तों ने सुंदरकांड पाठ और पोष बड़े के प्रसाद का आनंद लेते हुए महोत्सव को मनाया। मंदिर के पुजारी पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के अनुसार सभी मंदिरों में ऋतु परिवर्तन के अनुरूप भगवान को वस्त्र धारण कर जाते हैं और नैवेध भी उसी क्रम में चढ़ाए जाते हैं और मंदिर में दर्शनों का समय भी कुछ-कुछ परिवर्तित होता है।इसके अंतर्गत आज पोष के महीने में पोष शुक्ल अष्टमी मंगलवार को पौष बड़ा महोत्सव बालाजी मार्केट स्थित बालाजी मंदिर में धूमधाम के साथ मनाया गया। इसके अंतर्गत हनुमान जी महाराज और राम दरबार को ऊनी चोला चढ़ाया गया है ताकि सर्दी से राहत मिले। हनुमान जी महाराज के 31 वर्षों से ऊन का आकर्षक चोला चढ़ाया जा रहा है और नैवेध भी ऋतु के अनुकूल सूजी का हलवा और पोष बड़े का भोग लगाकर भक्तों को लाइन लगवाकर वितरित किया जा रहा है इसी क्रम में सुनील एंड पार्टी द्वारा संगीयमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया जा रहा है भीलवाड़ा के हजारों भक्त भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण करके, आनंद के साथ महोत्सव को मना रहे हैं। रक्त भामाशाह विक्रम दाधीच, प्रदीप सोमानी, नवीन जागेटिया, विनोद राठी, अरुण बाहेती, पंकज मिश्रा, अमित सोनी सहित अन्य कई भक्तों ने सेवाएं दी।

वैष्णव बैरागी समाज खेल प्रतियोगिता में मिली राशि गो सेवा में भेंट

आमेट । वैष्णव बैरागी समाज द्वारा हाल ही आमेट में आयोजित हुई वैष्णव प्रीमियर लीग राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता टीम को पारितोषिक में मिले इकतीस हजार रुपए की राशि गो सेवा में भेंट कर अनूठा उदाहरण पेश किया। विजेता एसबीएम क्लब राजसमंद के कप्तान लोकेश वैष्णव सुपुत्र गणेश दास वैष्णव निझरना ने 31 हजार रुपए की राशि कार्यक्रम अध्यक्ष व प्रतियोगिता संयोजक शिक्षक मुकेश वैष्णव व सह संयोजक महेंद्र वैष्णव के सानिध्य में जयसिंह श्याम गौशाला आमेट को भेंट की। गोशाला के व्यवस्थापक मनोहर लाल शर्मा ने सभी का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

ढूंढिया के शूरवीर सिंह का 14 वर्ष खो-खो में राष्ट्रीय स्तर पर चयन

फतहनगर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढूंढिया (मावली) के कक्षा आठवीं के विद्यार्थी शूरवीर सिंह शक्तावत का 14 वर्ष आयु वर्ग खो-खो खेल में राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। शक्तावत अब राजस्थान की खो-खो टीम से राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा । रा उ मा वि ढुंढीया के उप-प्राचार्य गोपाल लाल कुलमी ने इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के शारीरिक शिक्षक गिरिराज मेनारिया एवं खिलाड़ियों की तैयारी कराने वाले समस्त सहयोगी शिक्षक देवीलाल जणवा, घनश्याम मेनारिया एवं प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से सहयोगी रहने वाले विद्यालय के समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर चयन संपूर्ण पी ई ई ओ क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मावली प्रमोद कुमार सुथार ने भी चयनित छात्र व विद्यालय को बधाई प्रेषित की।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ

फतहनगर। महावीर अम्बेश गुरू महाविद्यालय, फतहनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का संयुक्त सप्त दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ हुआ। जिसके मुख्य वक्ता रूपसिंह राणावत वरिष्ठ अधिवक्ता जिला न्यायालय रहे। राणावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता की न केवल संकल्पना लेना ही बल्कि उसे पूर्ण करना ही सच्ची राष्ट्र सेवा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मांगीलाल सांखला ने सभी स्वंय सेवको से आह्वान किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में राष्ट्रीय सेवा की अलख जगाएगें। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. ललित कुमावत ने विद्यार्थियों से ग्रामीण क्षैत्र की सभी समस्याओ को चिन्हित करके उसे दूर करने में सहयोग की अपेक्षा रखी। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी देवेन्द्र सिंह राठौड़ ने पेड़ लगाने, प्लास्टिक के उपयोग से बचने एवं पानी के दुरूपयोग को रोकने की विद्यार्थियों को सलाह दी और सप्त दिवसीय शिविर की रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. शारदा जोशी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापित व्याख्याता राजनीति विज्ञान अमनाराम जयपाल ने किया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य व स्वंय सेवक उपस्थित रहे।

हरित संगम 2025 पर्यावरण एवं स्वच्छता मेले में दिखेगा पर्यावरण, संस्कृति और सनातन का संगम

वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर करेंगे शिरकत

अपना संस्थान एवं नगर निगम, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 10 जनवरी से 14 जनवरी तक स्थानीय चित्रकूट धाम में लगेगा मेला

भीलवाड़ा (पुकार) । अपना संस्थान एवं नगर निगम, भीलवाड़ा के संयुक्त तत्वावधान में 10 जनवरी से 14 जनवरी तक स्थानीय चित्रकूट धाम में आयोजित होने वाले हरित संगम 2025 पर्यावरण एवं स्वच्छता मेले में पर्यावरण, संस्कृति और सनातन का संगम देखने को मिलेगा। पांच दिवसीय मेले के दौरान अनेक वृहद स्तर के आयोजन भी होंगे। यह जानकारी अपना संस्थान के प्रान्त सचिव विनोद मेलाना ने गांधी नगर स्थित मेला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। मेलाना ने बताया कि हरित संगम मेले का शुभारम्भ 10 जनवरी को प्रातः 11 बजे राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा करेंगे और 12 बजे हजार से अधिक खिलाड़ियों की खेल की रेल को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रैली का नेतृत्व पद्म एवं अर्जुन अवॉर्डी देवेंद्र झाँझड़िया करेंगे। इस अवसर पर भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, समाजसेवी, उद्योगपति, नागरिकगण उपस्थित रहेंगे। 11 जनवरी को सायं श्रीराम महाआरती में सांसद दामोदर अग्रवाल का सान्निध्य मिलेगा। 13 जनवरी को उद्योग राज्य मंत्री के के विश्नोई प्रातः 10 बजे पर्यावरण चेतना यात्रा को हरि झंडी दिखाएंगे। 14 जनवरी को मेले के समापन सत्र में सायं 4 बजे प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अनेक हस्तियाँ शिरकत करेंगी। पांच दिवसीय आयोजनों के तहत प्रमुख कार्यक्रमों में 10 जनवरी को दोपहर 12 बजे शहर में खेल की रेल, 11 जनवरी को दोपहर 3 बजे मेला प्रांगण में ही खजाने की खोज ट्रेजर हंट, सायं 5.30 बजे संकट मोचन मंदिर से अवधपुरी तक बाल हनुमान जी की शोभायात्रा, 6 बजे से एक दिया राम का एवं श्री राम महाआरती एवं उसके बाद एक शाम राम के नाम, 12 जनवरी को दोपहर भारतीय परिधानों पर आधारित मिसेज संस्कृति प्रतियोगिता, रात्रि 8 बजे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, 13 जनवरी को प्रातः 10 बजे शहर में पर्यावरण चेतना यात्रा का आयोजन, सायं 6 बजे लोहरी उत्सव, रात्रि 8 बजे अमृता देवी नाट्य मंचन और 14 जनवरी को प्रातः 7 बजे से सामूहिक सूर्य नमस्कार, 8 बजे ग्रीन हार्टफुलनेस रन मैराथन और सायं 6 बजे भजन संध्या आदि रहेंगे। प्रेस वार्ता में मेला संयोजक राधेश्याम सोमानी ने गत वर्ष आयोजित हरित संगम मेले की सार्थकता पर प्रकाश डाला। अपना संस्थान सचिव साधना मेलाना ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए अभी तक की उपलब्धियों को सभी के समक्ष रखा। मेला सह संयोजक एडवोकेट राघव आचार्य ने मंचासीन पदाधिकारियों का परिचय कराया। प्रेस वार्ता का संचालन अंकुर बोरदिया ने किया।

जानकी रसोई और फ्लावर शो रहेंगे आकर्षण का केंद्र

हरित संगम मेले में प्रमुख आकर्षण 10 से 14 जनवरी तक जानकी रसोई का संचालन होगा जिसके अंतर्गत पर्यावरण पूरक शुद्ध भारतीय व्यंजन न्यूनतम दरों पर उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा फ्लावर शो भी आकर्षण का केंद्र बनेगा जिसमें दस हजार से ज्यादा पुष्प प्रदर्शित किये जाएंगे। हरित संगम मेले में प्लास्टिक कचरा रीसायकल मशीन से हाथों हाथ विभिन्न उत्पादों का निर्माण का लाइव डेमो सहित अनेक मनोरंजन गतिविधियाँ भी संचालित होगी इसी के साथ विभिन्न उत्पादों की स्टाल्स पर भी शहरवासी खरीददारी का आनंद ले सकेंगे।

प्रतियोगिताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे आयोजित

अपना संस्थान के अध्यक्ष श्यामसिंह राठौड़ ने बताया कि हरित संगम मेले के दौरान दोपहर में विभिन्न प्रतियोगिताए एवं सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। 10 जनवरी को 2 बजे मांडना प्रतियोगिता व 3 बजे फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता, 11 जनवरी को 1 बजे मेहंदी प्रतियोगिता, 3 बजे चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित होगी। 12 जनवरी को दोपहर 2 बजे मिसेज संस्कृति प्रतियोगिता, 13 जनवरी को दोपहर 2 बजे कचरे से कंचन वेस्ट टू बेस्ट प्रतियोगिता, 3 बजे निबंध प्रतियोगिता और इसी प्रकार 13 और 14 जनवरी को दोपहर दो बजे से 2 बजे से केबीसी पर आधारित भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन होगा। सभी प्रतियोगिताओं के लिए रजिस्ट्रेशन जारी हैं। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रमो के तहत 10 जनवरी को सायं 6 बजे से स्कूली बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गांव पर आधारित विशेष नाटिका, 11 जनवरी को सायं 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम, कठपुतली एक विलुप्त कला नृत्य, 12 जनवरी को सायं 6 बजे से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आदि भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। इसके अलावा पांचो दिन अनेक कार्यक्रम नियमित रूप से संचालित होंगे जिनमे प्रतिदिन प्रातः 7 बजे प्रभात फेरी, प्रातः 7 से 8 बजे योगा एवं काढ़ा, अंकुरित नाश्ता वितरण, प्रातः 8.30 से 9.30 बजे तक हवन, प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक यज्ञ का आयोजन होगा। प्रातः 10.30 बजे से प्रतिदिन साईकिल रैली शहर के विभिन्न स्थानों से प्रारंभ होकर चित्रकूट धाम पहुंचेगी। वहीँ प्रातः 10 से निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का भी पाँचों दिन आयोजन होगा। दोपहर 1 बजे से खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

श्री हीरालाल देवपुरा राजकीय महाविद्यालय आमेट में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

आमेट (पुकार) । स्थानीय श्री हीरालाल देवपुरा राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस का सात दिवसीय शिविर का शुभारम्भ हुआ। शिविर का शुभारंभ प्राचार्य रामकेश मीणा एवं सहायक आचार्य कैलाश चन्द्र खटीक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कार्य म अधिकारी रामकेश मीणा ने सभी विद्यार्थियों को एनएसएस के बारे में जानकारी दी और बताया की एनएसएस ऐसा मंच है। जिसके माध्यम से बच्चों में समाज सेवा के साथ-साथ कठोर परिश्रम, पारस्परिक सहयोग और समुह में आगे बढ़ने की भावना पैदा होती है। तृतीय वर्ष कला वर्ग की माजिदा, ममता एवं डिंपल ने एनएसएस के इतिहास एवं कालेज में करवाए जाने वाली गतिविधियों का संक्षिप्त परिचय दिया। शिविर प्रभारी रामकेश मीणा ने बताया कि सात दिवसीय एनएसएस शिवर के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर की सफाई,अलग-अलग व्यायाम, जिसमें कानून संबंधी जानकारी, प्राथमिक चिकित्सा, योग शिक्षा, कंप्यूटर ज्ञान, संचार कौशल आदि सामुदायिक सहभागिता से करवाए जाएंगे। शिविर के आरंभ में सभी स्वयंसेवको ने महाविद्यालय परिसर में लगाए गए सभी पौधों को सींचा। कार्य म अधिकारी ने बताया कि शिविर में खेलकूद और अन्य गतिविधियां भी करवाई जाएंगी। जिसमें बैडमिंटन,खो-खो, वालीबाल,कबड्डी और सांस्कृतिक कार्य म शामिल होंगे। सहायक आचार्य कैलाश चन्द्र खटीक ने बताया कि एनएसएस द्वारा बच्चों में सद्भावना,अनुशासन,सामुहिक सहभागिता एवं स्वाध्याय की भावना का विकास होता है। इस सात दिवसीय एनएसएस कैंप में एनएसएस प्रभारी रामकेश मीणा के साथ-साथ सहायक आचार्य कैलाश चन्द्र खटीक, राव भरतसिंह,रोहित गर्ग,नरेन्द्र सिंह तंवर,योगेश कुमार,कैलाश चन्द्र के साथ-साथ मंत्रालयी कर्मचारी कजोड़ी मल,लालसिंह तथा असरफ रंगसाज आदि मौजूद रहेंगे।

राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय कार्यशाला - संवाद कार्यक्रम आज

चित्तौड़गढ़ । बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत 'राजस्थान मरू उड़ान कार्यक्रम का आरम्भ व जिला स्तरीय कार्यशाला - संवाद कार्यक्रम 09 जनवरी, गुरुवार को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति सभागार, चित्तौड़गढ़ में होगा।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

चित्तौड़गढ़ । पीएम सूर्यघर मुफ़्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक बुधवार को समिति कक्ष में जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने योजना के अंतर्गत आवेदनों की स्थिति, रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, वेंडर सिलेक्शन प्रकिया आदि की समीक्षा की और आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने, आमजन को योजना का लाभ उठाने हेतु प्रोत्साहित करने, एवीवीएनएल के अधिकारियों को योजना के अंतर्गत लक्ष्य आवंटित करने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने लोगों को सोलर पैनल लगाने में होने वाले निवेश और इससे होने वाले लाभ को समझाकर उन्हें इसे लगाने हेतु प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने वेंडर से भी फीडबैक लिया और आवेदकों के बकाया सोलर कनेक्शन कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में एवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता राम सिंह यादव सहित निगम के अधिकारी और वेंडर उपस्थित रहे।

लोकेश तहसील संयोजक व कमलेश तहसील सचिव नियुक्त

चितोडगढ़ (पुकार) । गौसेना की बस्सी तहसील स्तरीय बैठक ग्राम आंवलहेड़ा में गौसेना के जिला प्रमुख और बोरदा वार्ड पंच गोपाल माली के नेतृत्व में और लोकेश कुमावत व कमलेश कुमावत आंवलहेड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में बस्सी के तहसील अध्यक्ष सोनू जांगिड़ ने गौसेना के उद्देश्य और कार्य प्रणाली से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। गौसेना के जिला प्रमुख गोपाल माली बोरदा ने बस्सी तहसील की कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए लोकेश कुमावत आंवलहेड़ा को बस्सी तहसील संयोजक, कमलेश कुमावत आंवलहेड़ा को तहसील सचिव, हितेश कुमावत को आईटी सेल संयोजक तहसील बस्सी,सुरेंद्र कुमावत को आंवलहेड़ा पंचायत अध्यक्ष, राजेश कुमावत को आंवलहेड़ा ग्राम अध्यक्ष और कमलेश कुमावत को ग्राम उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया। साथ ही गौ सेना के सभी कार्यकर्ताओं और गौ सेवकों ने गौ माता को राज्य माता का दर्जा दिलाने में सरकार की लापरवाही पर सरकार के खिलाफ आंदोलन चलाने पर विचार विमर्श किया। साथ ही इस बैठक में गौसेना के बस्सी तहसील अध्यक्ष सोनू जांगिड़, चित्तौड़गढ़ तहसील संयोजक बबलू गुर्जर, गुर्जर खेड़ा संयोजक उदय राम बैरवा, गुर्जर खेड़ा उपाध्यक्ष प्रहलाद गूर्जर , ग्राम धोरडिया से ग्राम उपाध्यक्ष सुनील गुर्जर तथा आंवलहेड़ा से गौ सेवक सत्यनारायण कुमावत, सुनील कुमावत, सुरेश कुमावत,सत्यनारायण कुमावत ,गोपाल कुमावत,करण कुमावत ,राजेंद्र कुमावत ,संजय कुमावत आदि गौ सेवक उपस्थित थे।

प्रतापनगर डाईटरोड स्थित मोक्षधाम का टीम आक्या के कार्यकर्ताओ ने किया निरीक्षण व समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया

चित्तौडगढ़ (पुकार) । पिछले कई समय से पानी की व्यवस्था नही होने से आम-जनता व दाह संस्कार मे आने वाले दागियों को काफी परेशानीयों का सामना करना पडता है। व वार्ड नं. 19 के पूर्व पार्षद बहादुर बैरवा व पूर्व शक्ति केन्द्र संयोजक पिन्टू मीणा ने बताया कि वाटर कुलर होने के बावजूद भी पीने के पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। वाटर कुलर खराब पडा हुआ है। गर्मियों में पंखे लगे हुए है परन्तु चलते नही है, आगे मरम्मत मांग रहे हैं और कुछ तो रिपयेरिंग के लायक भी नही हैं भंगार अवस्था मे हो गये है।

इस क्षेत्र में कुम्भानगर, प्रतापनगर क्षेत्र से करीब 10 हजार से ज्यादा लोगों के बीच यह एक मात्र मोक्षधाम है व पास ही झंझेरिया तालाब है जो कि 2-3 बीघा मे फैला है जिसकी साफ-सफाई का भी कोई ध्यान नही दे रहा है।

इसी तरह कार्यकर्ता रमेश रामचन्दानी ने बताया कि साफ सफाई करने वाला कोई नही व पानी न होने के कारण बाग बगीचे, पेडपौधे सभी सुखे पडे है। वरिष्ठ कार्यकर्ता गोपाल भांबी ने बताया कि मोक्षधाम मे रात्री में लाईट व्यवस्था नही हैं व रोड लाईट का कनेक्शन होने के बावजूद सरकार द्वारा लाईटे नही लगायी गयी है और रात्री कालीन मे संदिग्ध लोग देर रात तक आस पास भटकते रहते हैं व कार्यकर्ता आकाश वर्मा ने प्रशासन से निवेदन किया प्रतापनगर मोक्षधाम मे पानी की ट्यूबवेल की मरम्मत व साफ सफाई के लिए गार्डन मे कर्मचारी नियुक्त किये जावें। लकडियों का डिपो मोक्षधाम मे ही खोलकर रसीद काट कर वहीं से लकडी उपलब्ध करायी जावें। आने वाले लोगो के लिए बैठने की व्यवस्था करायी जावे। जिस पर कार्यकर्ताओ ओमप्रकाश सेन, देवीलाल गुर्जर, भगवानलाल सेन, सुरेश रेगर, महेन्द्रसिंह राठौड, हीरालाल रेगर, सत्तु बैरवा, मोहन बैरवा, सुरेन्द्र यादव, अनिल गुर्जर, नवलसिंह राठौड, शिवलाल सेन, तेजसिंह, भीमसिंह, जितेन्द्र कुमार, राजकुमार, कन्हैयालाल बैरवा, जगदीश बैरवा, सत्तु लौहार, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

भामाशाह ठा. हेमसिंह राठौड़ की पुण्य स्मृति में ओरड़ी विद्यालय के 67 बच्चो को ऊनी स्वेटर का वितरण

चित्तौडगढ़ (पुकार) । ग्राम ओरड़ी के सेवानिवृत सहायक निदेशक, मत्स्य ठा. हेमसिंह राठौड़ की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ द्वारा विद्यालय व आंगनवाड़ी के 67 बच्चो के लिए ऊनी स्वेटर उपलब्ध कराए गए। राजकीय उच्च विद्यालय ओरड़ी के प्रधानाध्यापक नवीन सारथी ने बताया की ग्राम ओरड़ी के सेवानिवृत सहायक निदेशक, मत्स्य ठा. हेमसिंह राठौड़ गांव में भामाशाह के रूप में ख्याती प्राप्त थे। गावं के विकास व विद्यालय विकास में उनकी प्रमुख भुमिका रही है। बुधवार को उनकी प्रथम पुण्यतिथि पर उनके पुत्र पूर्व प्रधान प्रवीण सिंह राठौड़ द्वारा विद्यालय व आंगनवाड़ी के 67 बच्चो के लिए ऊनी स्वेटर उपलब्ध कराए गए। जिनका विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधान राठौड़, पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण शिवप्रकाश हरगन व पुलिस उपाधीक्षक चित्तौडगढ़ शहर विनय चैधरी के द्वारा अपने हाथो से बच्चो को स्वेटर पहनाकर आर्शीवाद प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में पूर्व प्रधान राठौड़ ने कहां की पिता रूपी वटवृक्ष की छाया का चले जाना जीवन की तपिश को बढ़ा देता है। उनके आदर्श, संस्कार और जीवन मूल्यो को मार्गदर्शक के रूप में रखकर की हम कृतज्ञ हो सकते है। इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण शिवप्रकाश हरगन ने ठा. हेमसिंह राठौड़ के साथ बिताये दिनो को याद करते हुए कहां की उन्होने अपने जीवन में संघर्ष, त्याग और अनुशासन के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किये थे। पुलिस उपाधीक्षक चित्तौडगढ़ शहर विनय चैधरी ने ठा. हेमसिंह राठौड़ को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनकी पूण्यतिथि पर विद्यालय व आंगनवाड़ी के बच्चो को ऊनी स्वेटर वितरण करने पर पूर्व प्रधान राठौड़ की सराहना की। इस अवसर पर शुरवीरसिंह, औंकारसिंह, पर्वतसिंह, नारायणसिंह, राजसिंह, गोविन्दसिंह, शंकर गुर्जर, गोवर्धनलाल जाट, जगदीश गुर्जर, कालू वैष्णव, कालू मेघवाल, अध्यापक अमजद हुसैन, पहलवान नायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मीना नाथ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

हीमोग्लोबिन की कमी वाली गर्भवती और धात्री महिलाओं का पहली बार बनेगा डाटाबेस

- चिकित्सा विभाग एनीमिक महिलाओं की करेगा रेगुलर मॉनीटरिंग
- एक माह तक आशान्वित ब्लॉक झौंथरी में शिविर
- जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की पहलरू झौंथरी में एनीमिया उन्मूलन अभियान

डूंगरपुर(पुकार)। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह की पहल पर जिले में गर्भवती और धात्री महिलाओं में हीमोग्लोबिन की कमी को दूर करने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से आशान्वित ब्लॉक झोंथरी में अभियान चलाया जा रहा है। सुबह 9 से शाम 5 बजे तक गांव-गांव में शिविर लगाए जाकर महिलाओं में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच की जा रही है। वहीं, बुजुर्गों, दिव्यांगजनों और नेत्रहीन लोगों की घर-घर जाकर हीमोग्लोबिन की जांच की जा रही है।

चार दिन में 1941 महिलाओं की जांच-

झौंथरी ब्लॉक में मंगलवार तक महुड़ी पाल, गंधवा पाल, करावाड़ा, बीलपण, सांसरपुर, पाडली गुजरेश्वर ग्राम पंचायत में शिविरों में 1 हजार 941 गर्भवती और धात्री महिलाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन की जांच कर आइरन सुक्रोज इंजेक्शन और आयरन और फोलिक एसिड की टेबलेट भी दी गई है। इस दौरान 11 महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 7 ग्राम से कम पाया गया, जिन्हें जिला चिकित्सालय में एडमिट करवाकर ब्लड चढ़ाया जाएगा। वहीं, 157 महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 7 से 9 ग्राम के बीच पाया गया। 1001 महिलाओं में 9 से 11 ग्राम के बीच हीमोग्लोबिन का स्तर मिला। 772 महिलाओं के रक्त में हीमोग्लोबिन का स्तर 11 ग्राम से अधिक पाया गया।

अभियान के प्रमुख बिंदुः

व्यापक जांचः झौंथरी ब्लॉक के सभी गांवों में शिविर लगाकर महिलाओं का हीमोग्लोबिन स्तर जांचा जा रहा है।

डूंगरपुर। शिविर में भाग लेकर हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच कराती महिलायें। फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

डाटाबेस निर्माणः एनीमिक महिलाओं का एक डेटाबेस बनाया जा रहा है ताकि उन पर नियमित नजर रखी जा सके। उपचारः एनीमिक महिलाओं को आयरन युक्त दवाएं और आवश्यक उपचार प्रदान किया जा रहा है।

गंभीर मामलों में रेफरलः गंभीर मामलों में महिलाओं को जिला चिकित्सालय में रेफर किया जा रहा है।

मां और बच्चे का स्वास्थ्य हमारा लक्ष्यः जिला कलक्टर

जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने कहा, हमारी मंशा है कि जिले की हर गर्भवती महिला स्वस्थ रहे और स्वस्थ बच्चे को जन्म दे। हीमोग्लोबिन की कमी एक गंभीर समस्या है, जिसका सीधा असर मां और बच्चे के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इस अभियान के माध्यम से हम एनीमिक महिलाओं की संख्या में कमी लाने और उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी महिलाओं से अपील है कि वे शिविर में जाकर हीमोग्लोबिन की जांच कराएं।

समीक्षा के बाद पूरे जिले में करेंगे लागू-सीएमएचओ गुप्ता

सीएमएचओ डॉ. अलंकार गुप्ता ने बताया कि 18 से 49 साल की रिप्रोडक्टिव एज ग्रुप की जो महिलाएं हैं, उनमें एनीमिया की शिकायत रहती है, हमारा प्रयास है कि ऐसी सभी महिलाओं में हीमोग्लोबिन जांच करके एनीमिक महिलाओं का डाटाबेस बनाया जाए। ऐसी महिलाओं को नियमित रूप से फॉलोअप करके उनका हीमोग्लोबिन का लेवल बढ़ाएंगे। एनीमिक महिलाओं को आयरन सुक्रोज का इंजेक्शन और टेबलेट दी जा रही है। यदि ज्यादा गंभीर एनीमिक है, तो जिला चिकित्सालय में एडमिट करवाकर ब्लड चढ़ाया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में झौंथरी आशान्वित ब्लॉक में एक माह तक कैम्प चलेंगे। एक माह बाद समीक्षा की जाएगी और इसके बाद पूरे जिले में लागू किया जाएगा।

बीसीएमओ डॉ. सुदर्शन मीणा ने बताया कि गर्भवती और धात्री महिलाओं में खून की कमी की वजह से कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्भावस्था के दौरान, महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर आमतौर पर 11 से 16 ग्राम प्रति डेसीलीटर (हध्कस) के बीच होना चाहिए। 9 से कम होने पर एनीमिया माना जाता है। यदि किसी गर्भवती महिला में हीमोग्लोबिन का स्तर 9 से 11 के बीच हो, तो आयरन सुक्रोज और आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट देकर बढ़ाया जा सकता है। 7 ग्राम से कम होना गंभीर माना जाता है और ऐसी महिलाओं को ब्लड चढ़ाना जरूरी होता है।

कब, कहां लगेंगे शिविर- शुक्रवार को पीएचसी पोहरी खातुरात और ग्राम पंचायत नेंगाला, 10 जनवरी को पीएचसी सुराता और उप स्वास्थ्य केंद्र डोलकुन्जेला, 11 जनवरी को रा.उ.मा.वि.विकासनगर और उप स्वास्थ्य केंद्र पाकरोण, 13 जनवरी को राउमावि चारवाड़ा और राउमावि बलवणिया, 15 जनवरी को उप स्वास्थ्य केंद्र पाड़लामनात और उप स्वास्थ्य केंद्र भाणासिमल,17 जनवरी को राउप्रावि गोइयाफला और उप स्वास्थ्य केंद्र वाणियातलाब,18 जनवरी को राउमावि गोरादा और राउप्रावि लाड़सोर में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक शिविर लगेंगे।

स्वयं सारथी वर्कशॉप में श्रेष्ठ युवा उद्यमियों को किया सम्मानित

डूंगरपुर(पुकार)। आजीविका ब्यूरो से ट्रेनिंग लेकर उद्यमी बने युवाओं की कार्यशाला आयोजित हुई। शहर के वागड़ गांधी हॉल आयोजित कार्यशाला में बांसवाड़ा.डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत की मौजूदगी ने आजीविका ब्यूरो से जुड़े युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए। वहींए श्रेष्ठ युवा उद्यमियों को सम्मानित भी किया गया।

आजीविका ब्यूरो की ओर से स्वयं सारथी नाम से आयोजित कार्यशाला में बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद, जिला रोजगार अधिकारी मंजू माली और समाज कल्याण अधिकारी अशोक शर्मा सहित जिलेभर से आए 150 से अधिक युवा उद्यमियों ने भाग लिया।

आजीवीका ब्यूरो के प्रोग्राम डायरेक्टर संजय चित्तौड़ा ने बताया कि आजीविका ब्यूरो के माध्यम से बेरोजगार और अकुशल युवाओं को

डूंगरपुर। आजीविका ब्यूरो द्वारा आयोजित कार्यशाला में भाग लेतें युवा। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

विभिन्न प्रकार के रोजगार की ट्रेनिंग देकर उन्हें सहायता उपलब्ध कराई जाती है। जिससे वह अपना व्यवसाय शुरू कर सके। युवाओं को उद्यमिता की ओर ले जाने के लिए आजीविका ब्यूरो व्यवसाय शुरू करने के बाद भी संपर्क में रहते हुए व्यवसाय में आने वाली परेशानियों को दूर करने में मदद करता है। ताकि युवा एक सफल उद्यमी बन सके।

कार्यशाला के दौरान आजीविका ब्यूरो के माध्यम से उद्यमी बने युवाओं ने अपने अनुभव भी साझा किए। कार्यशाला के दौरान सांसद राजकुमार रोत सहित अतिथियों ने 150 से अधिक सफल युवा उद्यमियों को सम्मानित भी किया।

शराब से भरी कार जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

सीमलवाड़ा(पुकार)। डूंगरपुर जिले की धम्बोला थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात को मुखबिर की सूचना पर पुनावाडा.ढूंढरिया मार्ग पर नाकेबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए शराब से भरी एक कार को जब्त किया है । पुलिस ने कार से 8 कार्टन शराब बरामद करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है । पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही है ।

धम्बोला थानाधिकारी रिजवान खान ने बताया कि मुखबिर के जरिये शराब तस्करी की सुचना मिली थी । सुचना पर पुलिस की ओर से पुनावाडा-ढूंढरिया मार्ग नाकेबंदी शुरू की गई । इस दौरान एक गुजरात नम्बर की कार को रुकवाया गया वही कार की तलाशी ली गई । कार में शराब के कार्टन भरे हुए थे । जिस पर पुलिस ने कार चालक से शराब परिवहन सम्बन्धी

सीमलवाड़ा। धंबोला पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्कर ओर जब्त शराब मय गुणवंत कलाल

दस्तावेज मांगे लेकिन चालक के पास कोई दस्तावेज नहीं थे। जिस पर पुलिस ने कार से शराब के 8 कार्टन जब्त करते हुए रामसोर बडा निवासी तस्कर रतना पुत्र धना डामोर को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया । पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। कार्रवाई करने वाली टीम में थानाधिकारी मोहम्मद रिजवान खान, एएसआई चेतन लाल कलाल, करण भट्ट, डाया लाल, गणेश, नागेंद्र सिंह शामिल है।

दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

डूंगरपुर(पुकार)। सनराईज पब्लिक स्कूल आसपुर अंग्रेजी व हिन्दी माध्यम का दो दिवसीय खेल दिवस प्रतियोगिता का आयोजन महाराणा प्रताप खेल मैदान में शुरु हुआ। कार्यक्रम एसएचओ तेजसिंह सांदू के मुख्य आतिथ्य तथा संस्था प्रबंधक विजय सिंह शाखावत की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर ईश वन्दना की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य राजकीय उमावि आसपुर केशव चौबीसा, निदेशक एमडी वैष्णव, निदेशक नागेंद्र सिंह सटोड़ा, हिंदी माध्यम प्रधानाचार्य देवेंद्रसिंह, अंग्रेजी माध्यम प्रधानाचार्य जितेंद्र बुनकर, उप प्रधानाचार्य विकास चौबीसा व मनोज उपाध्याय, श्याम सिंह, भोपालसिंह बारा, महिपाल सिंह पुंजपुर, आशा वैष्णव, दिनेश सेवक और सैकड़ों की संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे । कार्यक्रम

डूंगरपुर। सनराईज पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करते अतिथि। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

के प्रारंभ में संस्था निदेशक नागेंद्र सिंह सटोड़ा ने सभी अतिथियों का शब्द सुमनो से अतिथियों का स्वागत .अभिनंदन प्रकट किया साथ ही स्पोर्ट्स केप व उपरणा पहनाकर हार्दिक अभिवादन किया। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को खेल की भावना से खेल खेलने हेतु प्रेरित किया तथा अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा देते हुए दो दिवसीय खेल दिवस में विजय श्री प्राप्त करने की शुभकामनाएं अर्पित की। अध्यक्ष ने कहां कि आज का विद्यार्थी पारंपरिक खेलों को छोड़कर मोबाइल की दुनिया में व्यस्त हो रहा है जो जो आने वाले समय में बालक के मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही घातक है। निदेशक एम डी वैष्णव ने बताया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में मनोबल रुचि बढ़ती है। आज के अभिभावकों को बहुत सजक होना पड़ेगा और बच्चों को पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं की तरफ आगे बढ़ना होगा। मुख्य रेफरी खेल प्रभारी राजेश भोई ने बताया कि इसमें कुल 94 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मैथ रेसए हर्डल रेस, यूनिफॉर्म रेस, आर्चरी, शूटिंग, खो खो, कबड्डी, क्रिकेट, वॉलीबॉल आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा तथा विजेताओं को प्रत्येक प्रतियोगिता के तुरंत बाद गोल्ड मेडल, सिल्वर मेडल और ब्रॉन्ज मेडल से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी सचिन कछावा तथा उप प्रधानाचार्य मनोज उपाध्याय ने किया।

ब्राउन शुगर के साथ तस्कर युवक गिरफ्तार

- कोतवाली पुलिस की बर्ड सेंचुरी रिंग रोड पर कार्रवाई
- एक लाख की 11.24 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त

डूंगरपुर(पुकार)। जिलें की कोतवाली पुलिस ने एक लाख की ब्राउन शुगर के साथ बर्ड सेंचुरी रिंग रोड से एक युवक गिरफ्तार किया है। युवक के जेब से 1 लाख रुपए की ब्राउन शुगर बरामद हुई है। जिसे युवक बेचने की फिराक में था। फिलहाल पुलिस आरोपी से ब्राउन शुगर को लेकर पूछताछ कर रही है।

कोतवाली थानाधिकारी भगवानलाल ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। एसआई अमृतलाल, एएसआई दिलीप सिंह, बस स्टैंड चौकी इंचार्ज लक्ष्मण सिंह, कॉन्स्टेबल पंकज कुमार, नरेंद्र सिंह और उज्ज्वल की टीम बर्ड सेंचुरी रोड पर गश्त कर रही थी। इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जिस पर पुलिस ने पीछा कर पकड़ लिया। पूछताछ करने कर युवक घबरा गया। पुलिस ने उसके पेंट की जेब की तलाशी ली। तलाशी में पेंट से एक प्लास्टिक की थैली ने ब्राउन शुगर मिली। ब्राउन शुगर को लेकर कोई जवाब नहीं दे सका। पकड़ी गई 11.24 ग्राम ब्राउन शुगर की कीमत करीब 1 लाख रुपए बताई जा रही है।

डूंगरपुर। कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

रतनपुर बॉर्डर पर ट्रक से पकड़ी अवैध शराब, 2 तस्कर गिरफ्तार

डूंगरपुर(पुकार)। बिछीवाड़ा थाना पुलिस ने एक ट्रक से राजस्थान निर्मित अवैध शराब के 5 कार्टन पकड़े हैं। इसके साथ ही पुलिस ने 2 तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी सोप स्टोन पावडर की आड़ में तस्करी कर शराब गुजरात ले जा रहे थे।

बिछीवाड़ा थानाधिकारी कैलाश सोनी ने बताया कि शराब की अवैध तस्करी की रोकथाम को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत राजस्थान.गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर गाड़ियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक आइसर ट्रक को रूकवाया। ड्राइवर विजय कुमार पुत्र रमेश भाई परमार निवासी कटाडिया देमई जिला अरवल्ली गुजरात ओर पास में बैठे किशन सिंह झाला पुत्र लालसिंह झाला निवासी परतापुरा देमई अरवल्ली गुजरात होना बताया।

ट्रक में सोप स्टोन पावडर भरा होना

बछीवाड़ा पुलिस की गिरफ्त में शराब तस्करी के आरोपी। फोटोंः चन्द्रमौली चौबीसा

बताया, लेकिन पुलिस को शक होने पर तिरपाल हटाकर तलाशी ली। ट्रक में सोप स्टोन कट्टों की आड़ में राजस्थान निर्मित अवैध शराब के कार्टन भरे हुए मिलेए जिसे तस्करी कर गुजरात ले जा रहे थे। पुलिस ने शराब तस्करी के आरोप में ड्राइवर समेत दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल पुलिस शराब तस्करी को लेकर पूछताछ कर रही है।

सरदार पटेल प्रीमियर लीगः श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर ने दूसरी बार जीता सरदार पटेल कप

- अनुशासित खिलाड़ी ही आगे खेले हैं और खेलेंगे- कटारा

डूंगरपुर(पुकार)। सरदार पटेल प्रीमियर लीग का बुधवार को सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की अध्यक्षता बंशीलाल कटारा ने की। मुख्य अतिथि पाटीदार युवा सेवा समिति के जिलाध्यक्ष दिनेश पाटीदार डेचा, पार्षद डायालाल पाटीदार, सुनील पटेल, मदनलाल पाटीदार, रमेश पाटीदार, गहरीलाल व धर्मेंद्र रहे। दिनेश पाटीदार ने कहा कि समाज के खिलाड़ी आगे बढ़ते हैं उन्हें हमें हौंसला देना होगा। सभी को मिलकर कार्य करना होगा और सभी को सहयोग देना होगा। बंशीलाल कटारा ने कहां कि अनुशासित खिलाड़ी ही आगे खेले हैं और खेलेंगे। युवाओं को निश्चित दिशा तय करनी होगी जो खेल के साथ जीवन का निर्णय करेंगा। वागड़ के युवा प्रतिभाओं से भरे हुए हैं उन्हें आगे लाने के लिए है जहाँ मेरी ज़रूरत होगी में उपलब्ध रहूंगा।

सरदार प्रीमियर लीग

डूंगरपुर। सरदार प्रीमियर लीग के विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते अतिथि। -फोटोः चन्द्रमौली चौबीसा

सीजन-2 का फाइनल मैच श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर और लेउआ पाटीदार सागवाड़ा के बीच खेला गया। जिसमें श्री राम रॉयल्स डूंगरपुर ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 150 रन का लक्ष्य दिया। जिसका पीछा करते हुए लेउआ पाटीदार 143 रन ही बना पाई। दोनों पारियों में सर्वाधिक स्कोर गौरव पाटीदार ने 67 रन बनाये और संजू पाटीदार ने सर्वाधिक 4 विकेट लिए। मैन ऑफ़ दी मैच संजू पाटीदार रहे। प्लेयर ऑफ़ दी सीरीज रोहित पाटीदार रहे। लीग मैचों के मैन ऑफ़ दी मैच क्रिश पाटीदार, शैंकी, आदित्य पाटीदार, विपिन पाटीदार, केशव पाटीदार, मौलिक पाटीदार, जीतेंद्र पटेल, चिराग पटेल, उपेंद्र पाटीदार, रोहित पाटीदार व आशीष पाटीदार रहें जिन्हें पुरस्कृत किया गया। सेमीफाइनल मुक़ाबलों के मैन ऑफ़ द मैच पंकज पाटीदार व गोपाल पाटीदार रहे। सरदार पटेल प्रीमियर लीग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज़ गौरव पाटीदार व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ संजू नवाडेरा रहे। प्लेयर ऑफ़ द सीरीज़ रोहित पाटीदार व बेस्ट फिल्ड़र उपेंद्र पाटीदार रहे। आभार डायालाल पाटीदार व रमेश पाटीदार ने जताया। संचालन सुनील पटेल ने किया। पटेल पाटीदार डांगी समाज के सभी युवाओं के लिए संभाग स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी गिरीश पाटीदार ने दी।

महावीर इंटरनेशनल का अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन हैदराबाद में आयोजित

सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने वाले केंद्रों को अवॉर्ड प्रदान किए गए

डूंगरपुर(पुकार)। हैदराबाद में महावीर इंटरनेशनल अपेक्स स्वर्ण जयंती 30 अंतर्राष्ट्रीय अधिवेशन मोतियों व नवाबों की नगरी हैदराबाद में सम्पन्न हुआ।

डूंगरपुर वीरा प्रियदर्शना अध्यक्ष कल्पना दोशी के अनुसार भारत भर से 350 केंद्र व 11000 सदस्यों के साथ पीड़ित मानवता की सेवा महिला सशक्तिकरण तहत वात्सल्य बेबीकिट पोषाहार गरिमा प्रोजेक्ट झिझक छोड़ों चुप्पी तोड़ों रक्तदान मेडिकल कैंप प्लास्टिक मुक्त भारत के तहत कपड़े की थैली मेरी सहेली गर्मी से

डूंगरपुर। हैदराबाद में वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा कल्पना दोशी को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवॉर्ड प्रदान करते। फोटोंः पुकार

बचाव के लिए केनोपी वितरण जैसे विभिन्न सेवा कार्यों पर सर्वश्रेष्ठ सेवा कार्य करने वाले केंद्रों को संस्था के गोल्डन जुबली वर्ष में प्रवेश के साथ 30 वे अंतरराष्ट्रीय अधिवेशन में अवार्ड प्रदान किए गए जिसमें डूंगरपुर वीरा केंद्र की अध्यक्ष वीरा कल्पना दोशी को सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष का अवॉर्ड प्रदान किया, जिसमें 900 सदस्यों ने भाग लिया कवि एवं मोटिवेशनल स्पीकर शैलेश लोढ़ा ने प्रस्तुति देने के बाद हैदराबाद के सिल्वर जुबली का आयोजन किया।

साईबर क्राईम जागरूकता अभियान से किया आमजन को सजग

ओबरी(पुकार)। जिलें के ओबरी कस्बा बस स्टेण्ड पर पुलिस थाना अधिकारी मीना कुमारी गुर्जर मय जाप्ता ने कस्बें के बस स्टेण्ड एव महात्मा गाधी राजकीय विद्यालय ओबरी में साईबर काईम अवेरनेस अभियान चलाया। अभियान के तहत लोगो को ऑनलाईन ठगी, फर्जी कॉल और फिशिंग स्कैम से बचने के उपाय बताए व उपस्थित नागरिको को साईबर सुरक्षा टिप्स दिये गये और साईबर हेल्पलाईन नम्बर 1930 की जानकारी साझा की गई व थानाधिकारी द्वारा सुरक्षित डिजिटल लेन-देन पर जोर देते हुए संदिग्ध लिंक और अज्ञात कॉल्स से सतर्क रहने की अपील की गई।

ओबरी। साईबर क्राईम के प्रति लोगों को सजग रहनें के लिये जागरूक करती थानाधिकारी मीना कुमारी। फोटोंः निलेश दवें

संक्षिप्त समाचार

कलाजी संप्रदाय द्वारा जरूरतमंदों को बांटे जाएंगे स्वेटर व कंबल

डूंगरपुर(पुकार)। जिले में अखिल भारतीय कलाजी संप्रदाय राष्ट्रीय रजिस्टर्ड द्वारा जिले में भीषण ठंड से जूझ रहे गरीब परिवारों में कंबल व स्वेटर वितरण किए जाएंगे।

कलाजी संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरवरदास वैरागी ने बताया कि जिले में शीतलहर के चलते लोगों को सर्दी से राहत दिलाने के लिए कलाजी संप्रदाय हर समय कमजोर वर्ग के असुरक्षित व्यक्तियों, महिलाओं को कंबल व स्वेटर वितरित करती आ रही है। साथ ही इस बार भी धीरे-धीरे बढ़ रही कड़ाके की ठंड एवं सर्दी के मौसम को देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को ठंड से बचने के लिए डूंगरपुर जिले के सभी ऐसे लोगों को चिन्हित कर गर्म कंबल व स्वेटर वितरित कर राहत दी जाएगी। कलाजी संप्रदाय के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज खटीक ने बताया कि पूर्व में भी कलाजी संप्रदाय के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत भीमसिंह वरदा के सानिध्य में जरूरतमंदों को पाठशाला सामग्री, भोजन सहित जरूरतमंद की चीजें प्रदान कर जन सेवा के कार्य किए गए हैं। और वर्तमान में जिले में बढ़ रही ठंड को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार कंबल वितरित का कार्यक्रम रखा गया है।

कार की टक्कर से सड़क किनारे खड़े युवक की मौत

डूंगरपुर(पुकार)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर शिशोद गांव के पास सड़क किनारे खड़े युवक को एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। वहीं, मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवक की मौत के बाद उसके 5 बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया है।

बिछीवाड़ा थाने के हैड कांनि.ने बताया की शिशोद गांव निवासी प्रकाश परमार ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि वह और उसका बेटा संजय परमार पैदल-पैदल पाल पादर गांव जाने के लिए निकले थे। एनएच-48 पर शिशोद गांव के पास गाड़ी का इन्तजार कर रहे थे। इस दौरान एक तेज रफ्तार कार आई और सड़क किनारे खड़ें संजय को टक्कर मारकर फरार हो गई। हादसे में हाथ, पैर कर सिर पर चोंट लगने से संजय गंभीर घायल हो गया। जिसको लेकर बिछीवाड़ा अस्पताल पहुंचे। जहां पर प्राथमिक इलाज के बाद उसे डूंगरपुर जिला अस्पताल के लिए रेफर किया,लेकिन वहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और शव को मोर्चरी में रखवाया। जहां पुलिस ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संजय की मौत के बाद उसके 5 बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

टोकने पर महिला को चाकू मारकर किया घायल

डूंगरपुर(पुकार)। आपस में झगड़ा कर रहे युवकों को टोकना एक महिला को भारी पड़ गया। दोनों युवकों में से एक युवक ने महिला के पेट में चाकू मार दिया। महिला को लहूलुहान हालत में जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे रेफर कर दिया गया। घटना डूंगरपुर के कोतवाली थानांतर्गत शहर के पातेला अंबेडकर कॉलोनी की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के पातेला अंबेडकर कॉलोनी गत रात को चाकूबाजी की घटना हुई। कॉलोनी निवासी श्यामा पत्नी शंकर फूमतियां रात को घर से मोहल्ले में स्थित दुकान पर दूध लेने के लिए गई थी। इस दौरान दो युवक आपस में गाली-गलौज ओर झगड़ा कर रहे थे। जिस पर श्यामा फुमतियां ने गाली गलौज कर रहे दोनों युवकों को टोका तो एक युवक ने जेब में रखे चाकू से महिला के पेट हमला कर दिया। चाकू के हमले से महिला लहूलुहान होकर गिर पड़ी। महिला को गंभीर रूप से घायल कर युवक भाग खड़े हुए। सूचना पर मौके पर पहुंचे महिला के परिजनों ने निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला इलाज शुरू कर दिया। वही प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रेफर किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

भाइयों से मारपीट करने के 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

डूंगरपुर(पुकार)। कोतवाली थाना पुलिस ने मारपीट के मामले में फरार चल रहे 2 इनामी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शराब के लिए पैसे न देने पर 2 भाइयों को मारपीट कर घायल कर दिया था। दोनों बदमाश करीब 3 माह से फरार चल रहे थे। वहीं, दोनों पर 5-5 हजार का इनाम घोषित था। कोतवाली थाने के सीआई ने बताया कि साबली निवासी सुनील डोड़ा ने रिपोर्ट में बताया था कि 12 अक्टूबर 2024 को वह और उसका भाई गलंदर में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता से डूंगरपुर की तरफआ रहे थे। इस दौरान नवाडेरा के पास अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोककर उनसे शराब के लिए पैसे मांगे,लेकिन जब उन्होंने पैसे देने से मना किया तो बदमाशों ने दोनों के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। दोनों भाई जैसे-तैसे अपनी जान बचाकर वहा से बच निकले थे। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाशी की,लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने बोरी गांव निवासी मनीष पुत्र ईश्वरलाल गमेती और रवि पुत्र मोहनलाल आमलिया को गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में दोनों ही आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

उपभोक्ताओं को बताये सोलर सिस्टम के लाभ

डूंगरपुर(पुकार)। प्रधान मंत्री सुर्य घर मुक्त बिजली योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत गोकुलपुरा में विद्युत विभाग के अधिकारीयों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं को ओन ग्रीड सोलर सिस्टम लगाने हेतु जानकरी दी गयी। इस संदर्भ में योजना से होने वाले लाभो, इस पर मिल रहे बैंक लोन की भी जानकारी दी गयी। मौंक ड्रील के तहत् साइट पर विद्युत लाईनो पर कार्य करने के दौरान एफ्रआरण्टीण् टीम एंव निगम के तकनीकी कर्मचारीयों को सुरक्षा दृष्टि से सुरक्षा उपकरणों का उपयोग एंव सुरक्षा नियमों का ध्यान रखने के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान सहायक अभियंता शहर आशिष मिश्रा, कनिष्ठ अभियंता प्रियंका मीणा एंव सरपंच ग्राम पंचायत गोकुलपुरा एंव सोलर वेंडर की मौजुदगी रही।

आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

डूंगरपुर(पुकार)। शहर के विद्युत विभाग के शहर सहायक अभियंता ने जानकारी देतें हुयें बताया कि 11 केवी लाईन के रखरखाव के तहत नवाडेरा, बिलडी मैन रोड, एंव मांडवा फीडर के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्र साबेला बाय पास, आकाशवाणी, बिलडी गांव, यादव बस्ती, बिलड़ी मैन रोड़, शिवपुरा, खापरड़ा, वीरपुर का कुछ क्षेत्र प्रातः 09:00 बजे से दोपहर 03:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

आसपुर में आचार्य विश्वरत्नसागर सूरीश्वर महाराज का गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश

आसपुर(पुकार)। कस्बें में श्री जैन श्वेताम्बर संघ जवाहर नगर जयपुर में आध्यात्मिक चातुर्मास सम्पन्न कर उग्र विहार करते हुए नववर्ष के प्रथम सप्ताह में ही वागड़ की पावन धरा पर मालव भूषण एवं तप सम्राट आचार्य भगवतं प.पू.श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी महाराजा के प्रिय शिष्य रत्न युवा हृदय सम्राट आचार्य भगवंत प.पू. श्री विश्वरत्नसागरजी महाराजा की स्पर्शना के साथ आसपुर जैन श्वेताम्बर श्रीसंघ में मंगलवार सायं गाजे-बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। प्रताप सर्कल पर श्रीसंघ द्वारा अक्षत गहुली कर गुरूवंदन किया गया। गुरूजी अमारो अंतर्नाद अमने आपा आशीर्वाद तथा जयकारों और महिला मण्डल व युवाओं के साथ आचार्य श्री संघ श्री अमीजरा पार्श्वनाथ भगवान के सामुहिक दर्शन-वंदन के साथ उपाश्रय भवन पहुँचा। उपाश्रय भवन में श्रद्धालुओं द्वारा सामुहिक गुरूवंदन किया। आचार्य विश्वरत्न सागर सूरीश्वर महाराजा तथा गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर महाराज के प्रवचनों का श्रद्धालुओं ने श्रवण किया।

इस अवसर पर आसपुर श्रीसंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रवीण कुमार भमावत, जयन्तिलाल भमावत, जयन्तिलाल सेमलावत, नवीन भाई कोठारी, रजनीकांत भमावत, महेंद्र सेमलावत महेश सेमलावत,पवन कोठारी, झुमुकलाल जैन, निलेन्द भमावत, गौरव कोठारी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश सुरावत, जैकी सेमलावत दिपक सेमलावत तथा नवरत्न परिवार राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल जैन बनकोड़ा भी उपस्थित थे। यहां उपाश्रय भवन में गणिवर्य कीर्तिरत्न सागर महाराज, रम्यरत्न सागर महाराज, लब्धिरत्न सागर महाराज, शौर्यरत्न सागर महाराज, सिद्धरत्न सागर महाराज,कैवल्यरत्न सागर महाराज, संवेगरत्न सागर महाराज तथा बाल मुनिराज देवर्धिरत्न सागर महाराज आदि ठाणा की निश्रा रही। आचार्य भगवंत जयपुर चातुर्मास सम्पन्न कर विहार करते हुए 19 जनवरी 2025 को भोपावर म.प्र. महातीर्थ में आचार्य भगवंत प. पू.श्री नवरत्नसागर सूरीश्वरजी महाराजा की नवमी वार्षिक पुण्य तिथि पर गुरू समर्प

संक्षिप्त समाचार

समाजसेवी एडवोकेट निर्मल पंडित संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त

उदयपुर (पुकार)। सामाजिक सुरक्षा फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं सामाजिक सेवा निर्माण श्रमिक फाउंडेशन नई दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष पद उदयपुर के एडवोकेट निर्मल पंडित को नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार गौतम के आदेशानुसार राष्ट्रीय महासचिव सौरभ गुप्ता ने वरिष्ठ समाजसेवी एडवोकेट निर्मल पंडित को राजस्थान का प्रदेशाध्यक्ष नियुक्त किया। निर्मल पंडित इससे पहले भी कई सामाजिक संगठनों से जुडे हुए हैं। पंडित उदयपुर संभाग क्षेत्र में मानव सेवा, गरीबों की मदद, दिनदुखियों की सेवा तथा हर जरुरतमंद व्यक्ति की सदैव सेवा करने में अग्रसर हैं। निर्मल पंडित संगठन के राजस्थान ईकाई की जिम्मेदारी संभालने के बाद राजस्थान राज्य में अपनी कार्यकारिणी गठित करेंगे। राजस्थान के प्रत्येक जिले में जिला कमेटी गठित करेंगे और संगठन को मजबूत बनायेंगे। वे दुर्बल बेसहारा, जरुरतमंद व्यक्ति, असंगठित मजदूरों के अधिकारों की आवाज सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। साथ ही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को समय पर मिले, अनाथ, बेसहारा बच्चों की मदद, घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को विधिक सहायता उपलब्ध करवाएंगे। मजदूरों के लिए जिला प्रशासन व सरकार के साथ समन्वय स्थापित करके सरकार के सहयोग से समय-समय पर श्रम, हेल्थ व वरिष्ठ नागरिकों के लिए शिविरों का आयोजन करवाकर असंगठित मजदूरों को लाभान्वित करवाने का कार्य करेंगे। साथ ही अपनी सामाजिक सुरक्षा कार्यो में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

नेशनल शूटिंग में सुपर 15 में पहुंची तनवी लबाना

उदयपुर (पुकार)। मध्यप्रदेश के भोपाल में 1 से 7 जनवरी तक आयोजित 68वीं नेशनल स्कूल गेम्स 2024-25 में उदयपुर की सेंट्रल एकेडमी की तनवी लबाना ने राजस्थान का नाम रोशन किया है। तनवी ने राइफल शूटिंग के अंडर-14 बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए सुपर 15 में स्थान सुनिश्चित किया। कोच मेहताब सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में पूरे भारत से 130 और राजस्थान से केवल 3 प्रतिभागियों ने भाग लिया। तनवी ने 206 का प्रभावशाली स्कोर बनाकर यह उपलब्धि हासिल की। इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, सहपाठी, परिवारजन एवं समाज के लोगों ने तनवी को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

योग योद्धाओं का सम्मान

उदयपुर (पुकार)। श्री दिगंबर जैन दशा हुमड़ समाज संस्था हिरण मगरी सेक्टर 4 उदयपुर में योगी अशोक जैन एवं नरेश चंद्र पालीवाल का सम्मान योग साधक एवं अतिथियों द्वारा किया गया। उनके पांच दिवसीय हरिद्वार पतंजलि योगपीठ में 31 दिसंबर से 5 जनवरी 2025 तक राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक योग गुरु स्वामी रामदेव जी महाराज के नेतृत्व में सम्पन्न हुई थी। अध्यक्ष कमल कुमार जैन ने कहा यह स्थान जड़ है और आप सभी सात्विक आत्माएं। योग करके इस संस्थान को चैतन्य बनाना है। एवं उन्होंने योग के कार्यों में सहयोग देने का आश्वासन दिया।मुख्य अतिथि मुकेश पाठक ने संकल्प दिलाया की योग कक्षाएं बढ़ाई जाए।जिला प्रभारी मोहन सिंह शक्तावत ने सभी को योग आयुर्वेद से जुड़ने का आव्हान किया।योगी अशोक जैन ने कहा कि स्वामी रामदेव महाराज के संकल्प को हम सभी योगी जनों को पूर्ण करना हैं। योग अकेले न कर समुह में करना चाहिए। अकेले योग नहीं करके समूह में योग करना है। योग को बढ़ाना है, स्वदेशी को आत्मसात करके भारत को विश्वगुरु बनाने के संकल्प लिया।

जागृत युवा ही देश के विकास में सहायक : डॉ सुकलेचा

उदयपुर (पुकार)। विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा उदयपुर द्वारा निंबार्क शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में मुख्य वक्ता डॉ पुखराज सकलेचा ने बताया कि भारत तभी समर्थ बनेगा, जब युवा जागृत होगा। आज भारत किसी भी क्षेत्र में कार्य करने में सक्षम है चाहे वह कृषि क्षेत्र ,शिक्षा, खेल,टेक्नोलॉजी, अंतरिक्ष, स्टार्टअप, चिकित्सा के क्षेत्र हो सभी में भारत ने अपना परचम लहराया है। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि युवाओं को आह्वान करते हुए उन्होंने कहा की अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को सुधारे, भारत फिर से सोने की चिड़िया बन सकता है। उसके लिए सभी के सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। डॉ राजमल लखदार ने केंद्र परिचय दिया स्वामी जी के जीवन के बारे में बताया। भूपेंद्र शर्मा ने ध्यान का अभ्यास करवाया और विवेकानंद केंद्र की कार्य पद्धति, महाविद्यालय के युवाओं को अपनी संस्कृति के बारे में जागृत रहने के लिए आवाहन करते हुए कहा कि अपनी संस्कृति,योग, ध्यान को अपना कर अपने क्षेत्र में सर्वस्व योगदान देवे जो कि भारत को पुनः विकसित देश की श्रेणी में ला सके। गीता मर्मज्ञ सुभाष चंद्र मेहता ने गीता का संदेश दिया। गीता परिवार उदयपुर के प्रचारक गोपाल कनेरिया द्वारा करवाए गए सर्वे भवंतु सुखिन सभी सुखी रहे, सभी प्रसन्न रहे, सभी स्वस्थ रहें, कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

विशेष योग्य बच्चों और आश्रित माता-पिता के नाम भी जुड़ेंगे पेंशन भुगतान आदेश में

उदयपुर (पुकार)। वित्त विभाग की अधिसूचना के तहत राजस्थान सिविल सेवा के पेंशन नियम 1996 में नया उप नियम 8 जोडा गया है जिसमें स्थायी रूप से विशेष योग्य बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता पिता और विशेष सहदरों के नाम भी पेंशन भुगतान आदेश में अंकित किए जाएंगे। इस संबंध में पेंशन विभाग की अतिरिक्त निदेशक भारती राज ने संभाग के समस्त विभागाध्यक्षों-कार्यालयाध्यक्षों को पेंशन विभाग को प्रेषित किए जाने वाले पेंशन प्रकरणों में स्थायी रूप से विशेष योग्य बच्चे या बच्चों तथा आश्रित माता-पिता और विशेष सहदरो के नाम अंकित कर भिजवाने को कहा है, ताकि नियमानुसार पेंशन भुगतान आदेश में उनका नाम अंकित किया जा सके।

34वीं राज्य स्तरीय कृषि विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

खेलकूद प्रतियोगिताओं से मिलती है सतत कार्य करने की प्रेरणा व ऊर्जा : सांसद डॉ. रावत

11 जनवरी तक कृषि विभाग के अधिकारी-कर्मचारी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में दिखाएंगे दमखम

उदयपुर (पुकार)। खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से राजकीय कार्यों के संपादन के लिए सतत कार्य करने की प्रेरणा और ऊर्जा मिलती है। 365 में से चार दिन तन-मन से खेलेंगे तो साल भर कार्य करने की ऊर्जा रिचार्ज हो जाएगी। यह कहना है उदयपुर लोकसभा सांसद डॉ मन्नालाल रावत का।

डॉ रावत बुधवार को राजस्थान कृषि महाविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित कृषि विभाग की राज्य स्तरीय 34वीं खेलकूद प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए कृषि विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच इस प्रतियोगिता के आयोजन से आपसी मेलजोल भी बढ़ेगा। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए संभागीय आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी ने कहा कि जीवन में शरीर एवं दिमाग को स्वस्थ रखने के लिए खेलकूद भी आवश्यक है, इससे तन एवं मन का संतुलन बना रहता है। कार्यक्रम में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार एस के वर्मा, समाजसेवी प्रमोद सामर सहित प्रबुद्धजन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

10 कृषि खण्ड एवं 1 आयुक्तालय समेत 11 टीमें ले रही हिस्सा : संयुक्त निदेशक वर्मा ने बताया कि 11 जनवरी तक आयोजित 4 दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में राज्य के कृषि विभाग के 10 खण्ड और 1 आयुक्तालय सहित कुल 11 टीमों के खिलाड़ी विभिन्न खेल स्पर्धाओं में हिस्सा ले रहे हैं, प्रत्येक खण्ड से अधिकतम 50 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

विभिन्न स्पर्धाओं में दिखाएंगे दमखम : कृषि विभाग की खेलकूद प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड, 200 मीटर दौड, 400 मीटर दौड, 1500 मीटर दौड, रिले 4 गुणा 400 मीटर, गोला फेंक, लम्बी कूद, ऊँची कूद, तश्तरी फेक, भाला फेक (व्यक्तिगत प्रतियोगितायें) तथा टेबिल टेनिस, बैडमिटन, कैरम, शंतरज, बॉलीबाल, कबड्डी, रस्साकशी एवं महिला खिलाड़ियों हेतु पारम्परिक खेल यथा-खो-खो, रूमाल झपट्टा, जलेबी दौड इत्यादि खेल आयोजित होंगे।

पतंगबाजी में नायलॉन या सिंथेटिक सामग्री से बने मांझे के उपयोग पर प्रतिबंध

जिला मजिस्ट्रेट ने प्रतिबंधों को सख्ती से लागू कराने के लिए दिए आदेश

उदयपुर (पुकार)। पतंग उड़ाने के दौरान उपयोग में लिए जाने वाले अत्यधिक धारदार, नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने मांझों एवं उन पर लोहे अथवा कांच के पाउडर की प्लास्टिक कोटिंग से आमजन एवं पशु-पक्षियों को हानि पहुंचने व कई बार जनहानि होने की सम्भावना को दृष्टिगत रखते हुए पशु-पक्षियों व आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा के लिए ऐसी सामग्री से निर्मित मांझों के उपयोग व बिक्री को प्रतिबंधित किया गया है।

जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द पोसवाल ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पुलिस अधीक्षक, सभी उपखंड मजिस्ट्रेट, तहसीलदार तथा संयुक्त निदेशक पशुपालन को प्रतिबंधों को प्रभावी ढंग से लागू किए जाने के निर्देश दिए हैं। आदेश में बताया कि इन मांझों से पक्षियों के घायल होने, अंग भंग होने के अलावा मृत्यु तक की घटनाएं होना संभव हैं। राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी), प्रधान पीठ, नई दिल्ली ने ओ.ए. संख्या 384/2016 खालिद अशरफ बनाम युनियन ऑफ इण्डिया में जारी आदेश दिनांक 11. 07.2017 में निर्देश दिया गया है कि पतंग उड़ाने के लिए नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित और गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। इसी प्रकार केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के आदेश में समस्त राज्यों को पतंगबाजी के लिए उपयोग किए जाने वाले चायनीज मांझे/ नायलॉन / सिंथेटिक सामग्री / कांच लेपित धागे के निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किये गये हैं। आदेश में कहा कि माननीय राष्ट्रीय ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों की अनुपालना में नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बने और/या सिंथेटिक पदार्थ से लेपित, चायनीज और गैर-बायोडिग्रेडेबल मांझे या धागे पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने व प्रतिबन्ध की पूर्ण अनुपालना सुनिश्चित करावें। इस प्रकार के मांझे के निर्माण, भंडारण, विक्रय और उपयोग पर भी तत्काल रोक लगाई जाए। उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960, भारतीय न्याय संहिता 2023 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 एवं अन्य संबन्धित वैधानिक प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जाएगी।

पक्षी चिकित्सा शिविर लगाने के निर्देश : जिला मजिस्ट्रेट ने संयुक्त निदेशक पशुपालन को घायल पक्षियों के बचाव हेतु विशेष प्रबंध करवाते हुए उनके इलाज के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं एवं पक्षी प्रेमियों के सहयोग से पक्षी चिकित्सा शिविर लगाने के लिए निर्देश दिए। ताकि घायल पक्षियों का समय पर उपचार किया जा सके। इसक लिए उन्होंने हेल्पलाइन नंबर जारी करने के भी निर्देश दिए।

भामाशाहों ने स्कूली बच्चों को स्वेटर-जूते बांटे

उदयपुर (पुकार)। कड़ाके की ठंड के मद्देनजर जिले के ढीकली ग्राम पंचायत अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय चरमा तलाई में भामाशाहों द्वारा 50 स्कूली विद्यार्थियों को स्वेटर व जूते वितरित किए गए। प्रधानाध्यापिका श्रीमती रेखा गमेती ने बताया कि भामाशाह आदित्य बोहरा एवं श्रीमती आकांक्षा तिवारी बोहरा ने अशोक बोहरा की प्रेरणा से विद्यार्थियों को स्वेटर-जूते भेंट किए। इस अवसर पर ग्राम विकास अधिकारी मनीष चौबीसा, दिलीप बापना, मोहन सिंह, हीरालाल भील आदि उपस्थित रहे। अंत में शिक्षिका भावना आमेटा ने आभार व्यक्त किया।

वाहन चालकों से की समझाइश, वाहनों के रिफ्लेक्टर लगाए

वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाते परिवहन विभाग के अधिकारी।

उदयपुर (पुकार)। परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत विभिन्न चौराहा पर वाहन चालकों के साथ समझाइश की। साथ ही रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत की गई।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी नेमीचंद पारीक ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के दौरान विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। परिवहन निरीक्षक विपिन माहेश्वरी ने आधार फाउण्डेशन के सहयोग से रिफ्लेक्टर अभियान की शुरुआत कर वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। इस दौरान वाहन चालकों को फर्स्ट रिस्पांडर की ट्रेनिंग भी दी गई और गोल्डन हॉवर्स का महत्व बताया।

केंद्र सरकार द्वारा नीति में परिवर्तन करते हुए गुड सेमेरिटन अवार्ड राशि में इजाफा करते हुए 5000 रुपये से बढ़ाकर 10000 रुपये किया गया है। इस अभियान में आधार फाउण्डेशन के नारायण चौधरी सहित अन्य विभागीय कार्मिक एवं जागरूकजन अपना सहयोग दे रहे है।

मेवाड़ वागड़ की अर्थव्यवस्था को बदलने के लिए सांसद रावत ने ली कृषि एवं वानिकी वैज्ञानिकों की बैठक

उदयपुर (पुकार)। सांसद डॉ. मन्नालाल रावत की अध्यक्षता में मेवाड़ एवं वागड़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सपनों के अनुरूप विकसित भारत 2047 के लिए आवश्यक बदलाव लाने के लिए एवं किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्थानीय जलवायु के अनुरूप समावेशी विकास के लिए बुधवार को कृषि वैज्ञानिकों एवं वन विशेषज्ञों की एक बड़ी बैठक जिला परिषद स्थित सांसद कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में अरावली पर्वत श्रृंखला की जलवायु के अनुकूल उद्यानिकी विकास, कृषि विकास, एकीकृत कृषि अवधारणा एवं वृहत् स्तर पर फल उत्पादन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाओं एवं संभावित क्रियाविधि के बारे में चर्चा की गई। सांसद, उदयपुर के प्रस्ताव के अनुरूप आईसीएआर द्वारा मेवाड़ में सीताफल गुणवत्ता बढ़ाने के लिए टीसूकल्चर आधारिक स्वीकृत प्रोजेक्ट हेतु मान पीएम नरेंद्र भाई मोदी व कृषि मंत्रालय भारत सरकार का धन्यवाद किया।

बैठक में वन विभाग, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर; काजरी जोधपुर एवं आफरी जोधपुर सहित उद्यानिकी, वन एवं कृषि कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

बैठक में अब तक के शोध परियोजनाओं, इसराइल के राजस्थान में अनुप्रयोग व भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र जैसी संस्थाओं के संचालित परियोजना के अनुभव भी शेयर किए गए।

बैठक में सांसद डॉ रावत ने बताया कि संचालित परियोजनाओं में और प्रभावी कर एकीकृत करने के लिए भारत सरकार की धरती आबा जनजाति उन्नत ग्राम अभियान के साथ ही डीएमएफटी या सीएसआर फंड की दिशा निर्देशों को भी जोड़कर नवीन कार्य किया जा सकते हैं। बैठक में आईसीएआर काजरी के प्रमुख डॉ. ए.के.शुक्ला, वरिष्ठ अधिकारी प्रो.आर.एल सोनी, डॉ. अमित त्रिवेदी, अनुराग भटनागर, डॉ.वीरेन्द्र सिंह, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ.राजेश्वरी राणावत, डॉ. कैलाश शर्मा मुकेश सैनी आदि संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

डांगी समाज खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर पत्रक का विमोचन

पत्रक के साथ पीले चावल देकर गांव गांव दिया जाएगा निमंत्रण

उदयपुर (पुकार)। उदयपुर में 13 और 14 जनवरी को आयोजित होने वाली 37वी डांगी समाज खेलकूद प्रतियोगिता को लेकर बुधवार को एक पत्रक का विमोचन किया गया। रॉयल खेड़ा स्टेडियम पर समाज के वरिष्ठों के साथ खेल संघ के पदाधिकारीयो ने पत्रक का विमोचन किया। 14 जनवरी को कानपुर खेड़ा स्थित स्टेडियम पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आगमन को लेकर डांगी पटेल समाज द्वारा इस पत्रक का विमोचन किया गया है। अब खेल संघ के पदाधिकारी और समाज के वरिष्ठ प्रत्येक गांव में पत्रक के साथ पीले चावल देकर लोगों को 13 और 14 जनवरी को कार्यक्रम में आने आमंत्रण देंगे। इस दौरान समाज के मोतबीर फूफा पटेल, बालू पटेल, गोपाल पटेल, खेल संघ के सचिव रमेश डांगी, उपाध्यक्ष केशु लाल डांगी जिला परिषद सदस्य शंकर लाल डांगी, दुदाराम डांगी, गेहरीलाल डांगी,प्रकाश डांगी,दिनेश डांगी वार्ड पंच रमेश डांगी, नारायण डांगी,किशन डांगी मोतीलाल डांगी, ताराचंद डांगी मोहन डांगी, गणेश लाल डांगी सहित कई सदस्य भी मौजूद रहे। आयोजन समिति के सदस्य गेहरीलाल डांगी ने बताया कि मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर समाज की टीमों का गठन कर गांव गांव भेजा जा रहा है जिसका नेतृत्व गिरवा चौखला के गोपाल पटेल कर रहे हैं। समाज में प्रत्येक गांव में पीले चावल देकर आमंत्रण दिया जा रहा है । मेवल क्षेत्र में हीरालाल डांगी अंबालाल डांगी 14 जनवरी को मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर लोगों को आमंत्रण दे रहे हैं।

कथक के अनूठे रंग और संस्कृति का उत्सव

उदयपुर (पुकार)। सम नाम का एक अनोखा कार्यक्रम कथाकार के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसे माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल ने प्रायोजित किया। इस कार्यक्रम में उदयपुर के छात्रों ने शानदार कथक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि जयपुर घराने के प्रसिद्ध कथक कलाकार प्रवीन परिहार ने अपने अद्भुत प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ अन्य संगीतकारों ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया।

माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल, उदयपुर के निदेशक श्री अरुण मंडोत ने कहा कि यह कार्यक्रम उदयपुर के लिए एक अनूठी पहल है, जो हमारी संस्कृति और शास्त्रीय परंपराओं के प्रति प्रेम को बढ़ावा देता है। शुभम गांधी ने कहा कि आज के बॉलीवुड और हॉलीवुड के दौर में ऐसे शास्त्रीय कार्यक्रम युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम करते हैं।

यह कार्यक्रम माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल के कथक शिक्षक और कलाकार प्रमोद परिहार द्वारा विशेष रूप से तैयार किया गया था। इसमें लोक कला मंडल, आलोक संस्थान और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र से अतिथि भी शामिल हुए।

कार्यक्रम का आयोजन थर्ड स्पेस, सुखेर, उदयपुर में किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल जय सिंह ने सभी अतिथियों और कलाकारों का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह शो सभी के लिए एक यादगार अनुभव रहा। कार्यक्रम का संचालन दीपेन्द्र कुमावत ने किया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.